रांची, शनिवार
25.01.2025
वर्ष : 10, अंक : 56 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि यह संबोधन शाम को सात बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा तथा दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में इसका प्रसारण किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर 9.30 बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

### जितेन्दर पाल सिंह इजरायल में भारत के राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के मामलों के विशेषज्ञ एवं तालिबान के साथ तालमेल बिठाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जितेन्दर पाल सिंह को इजरायल में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया, वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव जितेन्दर पाल सिंह (आईएफएसः 2002) को इजरायल में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। उनके शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है। श्री सिंह विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान अफगानिस्तान ईरान विभाग के प्रमुख हैं और इससे पहले वह पाकिस्तान में भारत के उप उच्चायुक्त रह चुके हैं।

### एसीबी की छापेमारी में राजस्व कर्मचारी के घर से मिले 21 डीड और गाड़ी के पेपर

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के ठिकानों में छापेमारी के दौरान 21 जमीन के डीड मिले हैं। साथ ही, गाड़ी के कई पेपर मिले हैं। सभी को एसीबी की टीम खंगाल रही है। एसीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार को पूछताछ के लिए एसीबी कार्यालय बुलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को एसीबी की टीम ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के चार ठिकानों पर छापेमारी की थी। एसीबी टीम ने एक साथ रांची, गुमला और औरंगाबाद में छापेमारी की थी।

स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट को लेकर मुख्य सचिव ने की बैठक

# केंद्र सरकार से मिली राशि का ससमय उपयोगिता प्रमाण पत्र दें: मुख्य सचिव

बिभा संवाददाता



**रांची।** पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जानेवाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को ससमय देने का निर्देश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को दिया है। उन्होंने कहा कि खर्च की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण ससमय देने से उस मद में बची राशि पर दावा मजबूत होगा। साथ ही वित्तीय अनुशासन के साथ ससमय योजना पूरी करने वाले राज्य के रूप में भी हमारी पहचान बनेगी।गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाता है। मुख्य सचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआई) को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं।

समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव को बताया गया कि वित्तीय वर्ष, 2023-24 में झारखंड को केंद्र सरकार द्वारा 5255.14 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिसमें से अभी तक 4580.62 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य द्वारा 4302 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार को समर्पित किया गया है, जिसके विरुद्ध 2763 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है। वहीं प्रस्ताव के तहत 1233 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को मिल भी चुकी है।

बताया गया कि इसके अतिरिक्त भी राज्य लगभग 1250 करोड़ रुपये का दावा एसएएससीआई के विभिन्न हिस्सों के लिए कर सकता है।

बताया गया कि अगर केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य हुआ, तो एसएएससीआई के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि झारखंड में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 162.94 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। उसके प्रथम किश्त के रूप में राज्य को 81.47 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। अब उद्योग विभाग को प्राप्त राशि का 75 प्रतिशत खर्च करने का उपयोगिता प्रमाण पत्र देना है, उसके बाद ही इस मद की शेष राशि केंद्र सरकार से मिलेगी।

नेतरहाट, तिलैया एवं तेनूघाट डैम सौंदर्यीकरण के लिए 214.94 करोड़ रुपये का प्रस्ताव राज्य ने समर्पित किया है। तिलैया डैम के लिए केंद्र सरकार ने 34.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है।

बताया गया कि डैमों के सौंदर्यीकरण योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा कुछ जानकारी तलब की गई है, उसके लिए पर्यटन विभाग को तत्संबंधी कार्रवाई के लिए कहा गया है। वहीं वर्किंग वुमेन हॉस्टल निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य को 163 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इसके तहत झारखंड में कुल 8 हॉस्टल का निर्माण होना है। भारत सरकार द्वारा दो हॉस्टल को लेकर कुछ जानकारी मांगी गयी है, जिसे उद्योग विभाग को उपलब्ध कराना है।

समीक्षा के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि एसएनए स्पर्श के तहत राज्य सरकार केंद्र सरकार से 31 जनवरी 2025 तक 250 करोड़ रुपये का क्लेम कर सकती है। बताया गया कि अर्बन प्लानिंग रिफार्म के तहत भवन निर्माण नियम को युक्तिसंगत करने के लिए 30 करोड़ रुपये का दावा केंद्र सरकार से किया गया है।

समीक्षा बैठक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, परिवहन सचिव कृपानंद झा, खान सचिव जितेंद्र सिंह, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### केंद्र सरकार बालिकाओं के साथ भेदभाव समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ: मोदी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार बालिकाओं के साथ किसी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है और उनके सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों का परिणाम दिख रहा है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बालिकाओं के लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आज, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर, हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। उनके कारनामे हम सभी को प्रेरणा देते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य देखभाल आदि क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिन्होंने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान दिया है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए समान रूप से दृढ़ हैं कि बालिकाओं के खिलाफ कोई भेदभाव न हो।

# बीजापुर में सुरक्षाबलों ने 36 लाख के इनामी सहित 14 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी



**बीजापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने एक साथ 14 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से आठ नक्सली 36 लाख के इनामी हैं। डीआरजी बीजापुर, डीआरजी उसूर, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ टीम की संयुक्त टीम ने इन नक्सलियों को पकड़ा है। गिरफ्तार किए गए सभी नक्सलियों को बीजापुर पुलिस की टीम ने जिला अदालत में पेश किया। कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल आपरेशन मयंक गुर्जर ने जानकारी दी है कि बीजापुर जिला में में पुलिस जवानों ने उसूर थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों से 36 लाख के 8 इनामी सहित 14 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए इन नक्सलियों के कब्जे से स्पाइक एवं जमीन खोदने का औजार भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत डीआरजी बीजापुर, उसूर थाना, कोबरा एवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी उसूर थाना क्षेत्र के टेकमेटला, नडपल्ली और मल्लेमपेंटा की ओर निकली थी। इस दौरान मल्लेमपेंटा एवं नडपल्ली के जंगल से 14 हार्डकोर नक्सलियों को पकड़ा गया।

जानकारी दी गई है कि गिरफ्तार नक्सलियों में 8 लाख की इनामी महिला सीआरसी कंपनी नम्बर 2 पीपीसीएम कमली कोडेम उर्फ कोदूम पति दामल माड़वी उम्र 28 निवासी पेद्दाकोरमा कोडेमपारा, 8 लाख की इनामी सीआरसी कंपनी नम्बर 2 पीपीसीएम चैते सोढ़ी उर्फ रीलो पिता सुक्कू सोढ़ी उम्र 26 निवासी कोरोवाया ओरछा जिला नारायणपुर, 8 लाख की इनामी सीआरसी कंपनी नम्बर 2 पीपीसीएम जोगी सोढ़ी उर्फ टोक्कू पिता सोना सोढ़ी उम्र 24 निवासी पुरंगेल भण्डारपार थाना किरंदुल जिला दंतेवाड़ा, 8 लाख की इनामी सीआरसी कंपनी नम्बर 2 पीपीसीएम राजे सोढ़ी उर्फ बोडडो पति आयता नुपो उम्र 33 निवासी कायर दुलेड थाना चिंतागुफा जिला सुकमा शामिल हैं। इन्हीं के साथ एक लाख के इनामी कोमटपल्ली आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष देवा मड़कम उर्फ बोटी पिता गंगा मड़कम उम्र 40 निवासी काउरगुट्टा पत्तापारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर,एक लाख का इनामी कोमटपल्ली आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर कोसा माड़वी पिता हुंगा माड़वी उम्र 39 निवासी मल्लेमपेंटा कोत्तापेंटा पारा थाना उसूर जिला बीजापुर, एक लाख का इनामी कोमटपल्ली आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष लिंगा कुहरामी उर्फ गेल्ले लिंगा पिता हुर्रा कुहरामी उम्र 25 निवासी मल्लेमपेंटा निलापारा थाना उसूर जिला बीजापुर, एक लाख का इनामी लिंगापुर डीएकेएमएस अध्यक्ष हुंगा कुंजाम सोमड़ा मड़कम उर्फ राजू पिता कोसा मड़कम उम्र 25 निवासी तुमीरगुडा पेद्दापारा थाना उसूर जिला बीजापुर को भी गिरफ्तार किया गया है ।

गिरफ्तार नक्सलियों में मल्लेमपेंटा डीएकेएमएस सदस्य जोगा मड़कम पिता लिंगा मड़कम उम्र 29 निवासी मल्लेमपेंटा पटेलपारा, मल्लेमपेंटा संघम सदस्य, कोमटपल्ली आरपीसी डॉक्टर शाखा सदस्य हुर्रा मड़कम पिता बुटटी मड़कम उम्र 36 निवासी मल्लेमपेंटा बेड़मापारा, पामेड़ एरिया कमेटी अंतर्गत पार्टी सदस्य व सप्लाई टीम सदस्य सोमड़ा मड़कम उर्फ राजू पिता कोसा मड़कम उम्र 25 निबासी तुमीरगुडा पेद्दापारा, मल्लेमपेंटा संघम सदस्य व कोमटपल्ली आरपीसी जंगल शाखा सदस्य रामा माड़वी पिता धुर्वा माड़वी उम्र 48 निवासी मल्लेमपेंटा कोत्तापारा, मल्लेमपेंटा संघम सदस्य व कोमटपल्ली आरपीसी कृषि शाखा सदस्य हुंगा माड़वी पिता कांडे माड़वी उम्र 37 निवासी मल्लेमपेंटा खाडा पारा व मल्लेमपेंटा संघम सदस्य व कोमटपल्ली आरपीसी कृषि शाखा सदस्य सुक्का माड़वी पिता सोमडु माड़वी उम्र 55 निवासी उटलापल्ली भी शामिल हैं।

पकड़े गए नक्सलियों से पूछताछ कर जंगल में छुपा कर रखे गए 23 नग लकड़ी एवं 8 नग लोहे के स्पाइक, लकड़ी का बेट लगा हुआ गैती (जमीन खोदने का औजार) बरामद किया गया है। पकड़े गए नक्सली आईईडी लगाने एवं स्पाइक लगाने की घटना में शामिल थे।

## राजनीतिक दल 'डिसरप्टिव कैंपेन' से बचें : मुख्य चुनाव आयुक्त

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों के नाम संदेश में कहा कि आयोग उनके विश्वास और पारदर्शिता से समझौता नहीं होने देगा। उन्होंने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि डिसरप्टिव कैंपेन ना करें।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर वर्ष 25 जनवरी को चुनाव आयोग की स्थापना दिवस पर मनाया जाता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपने संदेश में कहा कि वर्तमान में पोलराइज्ड कैंपेन, बाहरी हस्तक्षेप और साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरों का दौर चल रहा है। इस दौरान चुनावी प्रक्रिया भ्रामक जानकारी और फेक नॉरेटिव जैसी बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। चुनावी प्रक्रिया पर अविश्वास पैदा करने के दुनियाभर में प्रयास चल रहे हैं। सोशल मीडिया भी बार-बार एक ही कंटेंट को परोस रहा है, जिससे दूसरे पक्ष को सुने बिना विश्वास एक ही विषय पर पक्का हो रहा है।

राजीव कुमार ने कहा कि लोकतंत्र हमारी साझा विरासत है और पिछले 7 वर्षों में इसे हमने मजबूती से संजोया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें देश के प्रति जिम्मेदारी पूरा करने की याद दिलाता है। जल्द ही भारत के मतदाताओं की संख्या एक अरब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग लगातार चुनाव भागीदारी को बढ़ाने के प्रयास कर रहा है। हाल ही में चुनाव में हमने 65 प्रतिशत मतदान के आंकड़े को छुआ है। अभी भी काफी लंबी दूरी तय करनी है। आने वाले चुनाव में हम इस भागीदारी को और बढ़ाएंगे। उन्होंने चुनाव आयोग की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट करेंगे हम को दोहराया। उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के 1 दिन पूर्व चुनाव आयोग की स्थापना की गई थी। पिछले कुछ वर्षों से इसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस संबंध में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी।

## प्रयागराज का महाकुंभ देख पूरी दुनिया आश्चर्यचकित :धनखड़

एजेंसी

**लखनऊ।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आठ साल में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन चुका है और अब यह उद्यम प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ कर कहा कि वे दृढ़संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश के विकास के लिए समर्पित हैं।

उप राष्ट्रपति शुक्रवार को राजधानी के अवध शिल्पग्राम में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाकुंभ की चर्चा कर कहा कि पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है कि प्रयागराज में इतना बड़ा आयोजन आखिर कैसे इतने सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रहा है। उन्होंने प्रदेश में अपराध में आई गिरावट की तारीफ की और कहा कि इससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उल्लेखनीय उछाल आया है। उन्होंने आदित्यनाथ के नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' का समर्थन करते हुए कहा कि उनके इस विचार को पूरे देश ने अपना समर्थन दिया है। उप राष्ट्रपति ने देश में अवैध शरणार्थियों की मौजूदगी पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैंने योगी आदित्यनाथ का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है और आगामी एक फरवरी को परिवार के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाउंगा। ये मेरे लिए गौरव की बात होगी। उन्होंने प्रदेश की जनता को राज्य के स्थापना दिवस की बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने इस बात को चरितार्थ किया है कि यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश है।

## भंडारा में आयुध कारखाने में विस्फोट में 8 लोगों की मौत, 6 घायल

एजेंसी

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को आयुध फैक्ट्री में हुए विस्फोट में आठ श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 8 श्रमिकों की मौत की पुष्टि की है। फैक्ट्री में विस्फोट शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे हुआ।

भंडारा के जिलाधिकारी संजय कोलते ने कहा कि विस्फोट के कारण कारखाने की छत पूरी तरह ढह गई। उन्होंने कहा कि विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज 5 किमी दूर तक सुनी गई। विस्फोट के बाद दूर-दूर तक लोहे और पत्थरों के टुकड़े बिखरे हुए देखे गए।

कोलते ने कहा कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्ट्री के एलटीपी (दीर्घकालिक योजना) सेक्शन में हुआ। विस्फोट का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन अधिकारी आगे की जांच कर रहे हैं। विस्फोट स्थल पर बचाव और चिकित्सा दल तैनात कर दिए गए हैं। अंदर फंसे श्रमिकों की तलाश अभी भी जारी है।

### राजनाथ ने विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के भंडारा जिले में एक आयुध फैक्ट्री में विस्फोट की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि महाराष्ट्र के भंडारा में आयुध फैक्ट्री में विस्फोट की घटना से दुखी हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बचाव दल मौके तैनात हैं। प्रभावित लोगों तक सहायता पहुंचाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

# सरकार के लिए सलाहकार का काम करती हैं विस की समितियां : स्पीकर

बिभा संवाददाता



**रांची :** विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को विधानसभा की समितियों के सभापतियों के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया. फरवरी में विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने वाला है. सत्र से पहले विधानसभा की 25 समितियों का गठन किया गया है. बैठक में महिला, बाल विकास समिति की सभापती कल्पना मूर्मु सोरेन, लोकलेखा समिति के सभापति मनोज यादव, प्राक्कलन समिति के सभापति हेमलाल मुर्मू, आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के सभापति रामेश्वर उरांव, निवेदन समिति के सभापति उमाकांत रजक, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सभापति स्टीफन मरांडी, पुस्तकालय विकास समिति की सभापति डा. नीरा यादव, अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के सुरेश पासवान भी मौजूद रहे.

स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो ने विधानसभा समितियों के कार्य और भूमिका को महत्वपूर्ण बताया कहा कि इन समितियों की सहभागिता सरकार के सलाहकार के रूप में होती है और कई मौकों पर सरकार इनकी अनुशंसा को मानती रही है .

विधानसभा समितियां की भूमिका

इन समितियों की भूमिका संसदीय कार्यों के अलावा प्रशासनिक क्षेत्र में भी अहम होती है. विधानसभा अध्यक्ष ने समितियों के सदस्यों को भी उनके दायित्व के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की.

झारखंड विधानसभा द्वारा पिछले दिनों 25 समितियां गठित की गई हैं. इन समितियों के अध्यक्ष और सभापतियों ने 24 जनवरी 2025 से कार्यभार संभाल लिया है. विधायक कल्पना सोरेन को विधानसभा की महिला बाल विकास समिति का सभापति बनाया गया है.

## गले में रुद्राक्ष, भगवा कपड़े पहनकर महाकुंभ पहुंचीं ममता, संन्यास लेकर बनेंगीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर

एजेंसी



**प्रयागराज।** बालीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी संन्यास लेकर किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर बनने जा रही हैं। गले में रुद्राक्ष, भगवा कपड़े पहनकर ममता प्रयागराज के महाकुंभ में पहुंचीं। इस दौरान अभिनेत्री किन्नर अखाड़े में गईं। ममता ने अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। ममता कुलकर्णी के गले में रुद्राक्ष की माला और कंधे पर भगवा झोला मौजूद था।

ममता कुलकर्णी ने कहा कि यहां आना मेरा सौभाग्य है। यहां ममता कुलकर्णी ने करीब एक घंटे तक महाकुंभ और धर्म अध्यात्म के मुद्दों पर आचार्य महामंडलेश्वर से चर्चा भी की। इसके पूर्व ममता कुलकर्णी ने संगम में आस्था की डुबकी भी लगाई। महामंडलेश्वर के साथ की एक्ट्रेस की तस्वीरें इंटरनेट पर छाई हुई हैं। बताया जा रहा है कि ममता कुलकर्णी किन्नर अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के सानिध्य में महामंडलेश्वर बनाई जाएंगी। जिसकी तैयारी किन्नर अखाड़े में शुरू कर दी गई है। देर शाम ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाया जाएगा। इसके पहले वह संगम में संतों के साथ स्नान करेंगी और फिर पिंडदानके बाद महामंडलेश्वर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

आपको बता दें कि ममता कुलकर्णी बालीवुड की सैकड़ों फिल्मों में अहम रोल निभा चुकी हैं। छुपा रुस्तम, सेंसर, जाने-जिगर, चाइना गेट, किला, क्रांतिकारी, जीवन युद्ध, नसीब, बेकाबू, बाजी, करन अर्जुन, तिरंगा जैसी फिल्मों में बतौर अभिनेत्री लीड किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रांची(बिभा) :** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने अधिकारियों व कर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रति वर्ष 25 जनवरी को मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक व्यक्ति को मतदान का अधिकार प्राप्त है। निर्वाचन की गरिमा को अग्रणी रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करना चाहिए। मतदाता दिवस का उद्देश्य लोगों को मतदान में अधिकतम भागीदारी हेतु जागरूक करना है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा -अर्चना




**रांची/देवघर(बिभा)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय ने शुक्रवार को देवघर (बाबा बैद्यनाथ धाम) स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक बैद्यनाथ मंदिर का दर्शन किया। वहां भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। साथ ही राष्ट्र, राज्य व सर्व समाज की समृद्धि एवं सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर दीपक प्रसाद, समीर कुमार, अरुण मिश्रा 'पप्पू' राज किशोर प्रसाद 'बाबू', रमेश सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### डोरण्डा एवं धुर्वा थाना क्षेत्र में 134 वाहनों की जांच में 18 वाहनों पर लगाया गया 1,59,401 रुपये का जुर्माना



**रांची(बिभा) :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक (यातायात), राँची द्वारा संयुक्त रूप से डोरण्डा एवं धुर्वा क्षेत्र में लगभग 134 वाहनों के कागजातों यथा टैक्स, फिटनेश, इंश्योरेन्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट, ड्राईविंग लाइसेंस, ओवरलोडेड तथा सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों के बैठाने आदि की जांच की गई। जाँच के क्रम में कई स्कूल वैन एवं स्कूल बसों की जांच की गई। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाये जाने तथा निजी वाहनों के व्यवसायिक उपयोग हेतु मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया एवं एक स्कूल वैन को जब्त कर यातायात थाना, जगरनाथपुर में सुरक्षार्थ रखा गया। बच्चों को असुविधा न हो इसे देखते हुए वाहन चालकों को मोटर वाहन अधिनियम के संसूचित नियमों के अधीन स्कूल वैन चलाने का चेतावनी देकर वाहनों को मुक्त किया गया। जाँच के दौरान कागजात पूर्ण नहीं रहने के कारण कुल 18 वाहनों से 1,59,401 रुपये का दण्ड अधिरोपित किया गया। पुलिस अधीक्षक (यातायात) एवं जिला परिवहन पदाधिकारी, राँची द्वारा संयुक्त रूप से संत थॉमस स्कूल, धुर्वा सहित कई अन्य स्कूल के वैन चालकों को स्कूली वैन चलाने के मानकों की जानकारी दी गई एवं उसी अनुरूप वाहनों को चलाने का निर्देश दिया गया।

### प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कंबल का किया वितरण



**रांची(बिभा) :** पतराहातू, राढू नदी के पावन तट पर स्थित श्री लक्ष्मी विष्णुपद मंदिर के स्थापना दिवस पर आयोजित कलश यात्रा में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी और नेतृत्व में जरूरतमंद वृद्ध महिला पुरुषों के बीच 500 कंबल का वितरण किया कंबल वितरण कार्यक्रम में राँची ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो भी शामिल हुए।

### अब्दुर रज्जाक अंसारी एवं कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाई गई

**रांची(बिभा)।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय अब्दुर रज्जाक अंसारी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयंती कांग्रेस भवन में मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे। इस अवसर पर दोनों विभूतियों को नमन करते हुए अतिथियों में उपस्थित नेताओं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर श्री मीर ने कहा कि स्वर्गीय अंसारी सरल एवं सादगी का प्रतीक थे। गरीब परिवार में जन्मे स्वर्गीय अंसारी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण की थी। बुनकरों की समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा प्रयत्नशील रहे उनके अथक प्रयास से ही छोटा नागपुर रीजनल विवर्स हैंडलूम लिमिटेड की स्थापना की गई। उनके सपनों को पूरा करने के लिए कैथ लैब सुपर स्पेशलाइज्ड हृदय चिकित्सा केंद्र की स्थापना हुई,आज यह चिकित्सा केंद्र स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अभूतपुर्व चिकित्सा प्रदान कर रही है। श्री मीर ने कहा कि स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और राजनीतिज्ञ थे वह हमेशा गरीबों शोषितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे, और उनकी सेवा के लिए हमेशा तैयार रहे। उन्होंने बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री पद को शोभित किया। अपने शासनकाल में बिहार में हिंदी को राज्य भाषा की आधिकारिक भाषा बनाया। समाज में दिए योगदान को देखते हुए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

झारखंड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी में मनाया गया दूसरा स्थापना दिवस, राज्यपाल संतोष गंगवार हुए शामिल, कहा

# झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना होगा

बिभा संवाददाता



**रांचीः** झारखंड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी का दूसरा स्थापना दिवस मनाया गया. विवि की स्थापना वर्ष 2021 में हुई थी. राज्यपाल और कुलाधिपति संतोष गंगवार इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. साथ ही झारखंड राज्य ओपन विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर टीएन साहू, छत्तीसगढ़ के ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, और उएटउअ के डायरेक्टर डॉ बी शादरच मौजूद रहे. इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना होगा. गांव में भी अच्छी शिक्षा व्यवस्था की जरूरत है जिसे लेकर ओपन यूनिवर्सिटी भी काम कर रही है. राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि झारखंड कई मामलों में आगे बढ़ सकता है. यहां आने के बाद समझ में आया कि शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत है. साथ ही यहां पर रिक्रूटमेंट पॉलिसी भी ठीक करनी है. जिसको लेकर हम कार्य कर रहे हैं. विवि में 2022 में कुलपति की नियुक्ति के बाद से यह विवि सक्रिय हुआ था. स्थिति यह है कि तीन साल बाद भी विवि को अब तक अपना स्थायी परिसर नहीं मिला है. अब भी बिरसा कृषि विवि अंतर्गत फॉरेस्ट्री संकाय से उधार में लिये गये भवन में कामकाज चल रहा है. जिसको लेकर झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर टीएन साहू ने कहा ओपन यूनिवर्सिटी के जरिए हम ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सकते हैं. इसका पूरा-पूरा फायदा गांव के लोगों को हो सकता है. मगर ओपन यूनिवर्सिटी की जानकारी अभी भी कई लोगों तक नहीं पहुंच पाई है. कई सारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है.

अलग-अलग राज्यों में ओपन यूनिवर्सिटीज है. मगर झारखंड में अभ्यर्थी और टीचर्स पेरेंट्स के बीच कम्युनिकेशन गैप काफी ज्यादा है. शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को आगे बढ़ाना है, जिसे लेकर छत्तीसगढ़ के CEMCA के डायरेक्टर डॉ बी शादरच ने कहा कि हम झारखंड के राज्यपाल और झारखंड सरकार से अपील करते हैं कि झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी को सपोर्ट करें इन्वेस्ट करें, ताकि यहां की भी शिक्षा व्यवस्था को सुधारा जा सके. क्योंकि ओपन यूनिवर्सिटीज दूर से दूर इलाके तक पहुंच सकती है और एजुकेशन मजबूत कर सकती है.

अलग-अलग राज्य में ओपन यूनिवर्सिटी की सुविधा मौजूद है, जिसके जरिए जो अभ्यर्थी कॉलेज नहीं आ सकते हैं. वह सभी ओपन यूनिवर्सिटी के माध्यम से पढ़ाई करते हैं. ओपन यूनिवर्सिटी को आज के दौर में ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंचाने के लिए बढ़ावा देने की जरूरत है और झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को भी सही करनी है.

# झारखंड में कृषि विभाग हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट पर करेगा फोकस : शिल्पी

बिभा संवाददाता



रांची : झारखंड में कृषि विभाग हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट पर फोकस करेगा . इसका उद्देश्य उन्नत कृषि के साथ_साथ किसानों की आय को बढ़ाना है . इसके लिए विभाग कर्नाटक के बेंगलुरु में स्थित भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (क्कऌफ) के शोध का अनुशरण करेगी . कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को बेगलुरु में भारतीय बागवानी अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया . इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि के क्षेत्र में समय के साथ आए बदलाव और बदलते फसल की जानकारी ली . संस्थान के द्वारा कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे शोध से भी मंत्री अवगत हुई . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि संस्थान बागवानी के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है . इसके साथ ही किसानों के उत्पाद के सही बाजार पर भी संस्थान अपना बेहतर नजरिया है . किसानों को बाजार से जोड़ना उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य उपलब्ध कराना आज सबसे ज्यादा जरूरी है . उन्होंने कहा कि संस्थान की अच्छाइयों को राज्य के किसानों के हित में अपनाया जाएगा . झारखंड हमेशा से ही पारंपरिक खेती करने वाला राज्य रहा है , लेकिन अब आवश्यकता हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट को अपनाने का , ताकि किसानों के जीवन में भी बड़ा बदलाव लाया जा सके . संस्थान के परिसर में मंत्री ने उन्नत कृषि के लिए अपनाई जा रही नई तकनीक , क्षेत्रीय शहद परीक्षण प्रयोगशाला , हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट की खेती से संबंधित जानकारी ली . इस मौके पर कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता सचिव अब्बू बकर सिद्दीखी, विशेष सचिव गोपाल जी तिवारी सहित दूसरे विभागीय अधिकारी मौजूद थे .

गणतंत्र दिवस का लेकर विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक, अनुशासनात्मक तरीके से कवरेज करने की अपील

# बेरिकेटिंग के अंदर रह कर करें मीडिया कवरेज : उपनिदेशक



बिभा संवाददाता

**रांची।** सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय की उप निदेशक श्रीमती शालिनी वर्मा ने मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र दिवस के दिन झंडोत्तोलन के समाचार संकलन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, संदर्भ में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ सूचना भवन के तृतीय तल स्थित सभागार में बैठक की।

बैठक के दौरान शालिनी वर्मा ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि झंडोत्तोलन के दौरान एवं प्रदर्शनी भ्रमण के दौरान फोटोग्राफर एवं वीडियोग्राफर कवरेज के लिये ग्राउंड में न दौड़ें साथ ही राष्ट्रगान के समय सावधान मुद्रा में खड़े होकर उसका सम्मान करने की बात कही। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि वीडियोग्राफी हेतु इसबार मंच को पहले के अपेक्षाकृत बड़ा बनाया जा रहा है साथ ही वॉयस आउटपुट की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने प्रतिनिधियों से कहा कि एकबार स्पॉट निरीक्षण वह करें अगर कोई अन्य सुझाव उनकी तरफ से प्राप्त होते हैं तो उसमें सुधार अथवा बदलाव किये जायेंगे।

बैठक में सहायक निदेशक सुनीता धान सहित विभिन्न मीडिया संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित 'किशोरी महाकुंभ' में शामिल हुए राज्यपाल संतोष गंगवार

# बेटियां समाज का भविष्य हैं और उनका सशक्त होना ही देश की प्रगति का मार्ग है : राज्यपाल

बिभा संवाददाता



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आज बाल कल्याण संघ, झारखंड द्वारा आड्रे हाउस, रांची में आयोजित ₹किशोरी महाकुंभ₹ कार्यक्रम में सभी बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिवस हमारे समाज में बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। 'किशोरी महाकुंभ' बालिकाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण की दिशा में सामूहिक प्रतिबद्धता की दिशा में सार्थक है।

राज्यपाल ने कहा कि बेटियाँ समाज का भविष्य हैं और उनका सशक्त होना ही देश की प्रगति का मार्ग है। राज्यपाल ने कहा कि समाज से भेदभाव और असमानता पर समाप्त करना सभी का दायित्व है। राज्यपाल ने झारखंड की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए बाल कल्याण संघ द्वारा संचालित पुनर्वास योजनाओं की सराहना की। उन्होंने मानव तस्करी को समाप्त करने और बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए बाल कल्याण संघ द्वारा विगत कई वर्षों से किए जा रहे प्रयास हेतु बधाई दी।

राज्यपाल ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है। उन्होंने झारखंड की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने, उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हम बेटियों के लिए ऐसा माहौल तैयार करें, जिसमें वे निर्भीक होकर अपने सपनों को साकार कर सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। राज्यपाल ने बाल कल्याण संघ, झारखंड और इस अभियान से जुड़े सभी सहयोगी संस्थाओं को बधाई दी और समाज के सभी वर्गों से बेटियों के सशक्तिकरण और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया।

# सीएमपीडीआई के निदेशक अजय कुमार ने छात्रों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया



बिभा संवाददाता

**रांचीः** सीएमपीडीआई द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत वित्त वर्ष 2023-25 के दौरान नव-भारत जागृति केन्द्र के अधीन संचालित लोक नायक जय प्रकाश पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट, चैपारण, हजारीबाग के 20 छात्र-छात्राओं को ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट प्रोग्राम के तहत 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स करने सहयोग प्रदान किया गया। कोर्स पूरा करने के उपरांत, आज सीएमपीडीआई के निदेशक अजय कुमार ने इन 20 छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम समापन प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक आरके महापात्रा एवं एनबीजेके के सचिव श्री सतीश गिरिजा उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि यह पहल ग्रामीण युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों का समर्थन करने, उन्हें सार्थक कैरियर बनाने और समाज में योगदान करने में कुशल एवं सक्षम बनाने की सीएमपीडीआई की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2024-26 के दरम्यान सीएमपीडीआई की सीएसआर परियोजना के तहत 20 से अधिक छात्र-छात्राओं को लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट में ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट में डिप्लोमा कोर्स करने सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस पहल ने महिलाओं सहित आर्थिक रूप से वंचित युवाओं पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जो अब रोजगार या आत्मनिर्भरता के माध्यम से झारखंड राज्य में नेत्र देखभाल पेशेवरों की कमी को पूरा कर रहे हैं।

# कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त ने सीसीएल की डिजिटल विद्या परियोजना अंतर्गत अधिष्ठापित स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का किया उद्घाटन

बिभा संवाददाता





**रांची :** कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा झारखंड राज्य के 8 जिलों के 193 सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'डिजिटल विद्या' परियोजना अंतर्गत स्मार्ट क्लास एवं क्ळ्ळ लैब का अधिष्ठापन कराया गया. इस महत्वाकांक्षी पहल का वर्चुअल उद्घाटन आज भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव श्री विक्रम देव दत्त द्वारा किया गया.

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की इस परियोजना के तहत सीसीएल ने झारखंड के राँची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, चतरा, लातेहार, गिरिडीह और पाकुड़ जैसे जिलों में स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) लैब की स्थापना की है जिसकी कुल लागत ?26.13 करोड़ है. परियोजना का क्रियान्वयन एजुकेशनल कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (ईडीसीआईएल) द्वारा कराया गया.

आज आयोजित उद्घाटन समारोह झारखंड के चतरा जिले के टंडवा ब्लॉक के अपग्रेडेड मिडिल स्कूल, किशुनपुर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, लोक प्रतिनिधिगण, अभिभावक, एवं कम्पनी के अधिकारीगण उपस्थित थे. सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह एवं निदेशक(कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़कर, छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, एवं समस्त जन समुदाय को शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा डिजिटल शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने की दिशा में सीसीएल के योगदान की सराहना की गई.

यह परियोजना झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और सरकारी स्कूलों के बच्चों को डिजिटल युग के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### सीसीएल का योगदान

सीसीएल ने अपने कमान क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं को लागू किया है। 'डिजिटल विद्या' परियोजना शिक्षा के क्षेत्र में सीसीएल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। यह पहल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी रूप से सक्षम शिक्षा प्रदान कर, उन्हें समाज में प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार करेगी।

यह परियोजना झारखंड के सरकारी स्कूलों के छात्रों के शैक्षिक विकास में एक नया आयाम जोड़ेगी और समाज को तकनीकी दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. 4551-जीआरसी-सीई-सी-01-02-2025, दिनांक 23.01.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/I/गार्डनरीच, द. पू. रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लिखित निविदाएं वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तारीख को दोपहर 12.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रांची एवं हटिया स्टेशन बाई पासिंग द्वारा वाई कनेक्शन के साथ लोधमा-पिस्का के बीच लिंक लाइन के लिए संयुक्त कार्य - दक्षिण पूर्व रेलवे के पिस्का स्टेशन से लोधमा स्टेशन तथा वाई लेग से बालसिरिंग स्टेशन छोर तक के साथ लूप लाइन एवं गुड्स साइडिंग इत्यादि में फॉर्मेशन एवं कटिंग में मिट्टी के कार्य के साथ छोटे एवं महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण, पी. वे जोड़ने के कार्य के साथ बैलास्ट की आपूर्ति, सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टर, ओआरएच, एसआरएच कार्यालयों प्लेटफॉर्म एवं यात्री सुविधाओं, पहुंच सड़कों का निर्माण, ढलान संरक्षण कार्य के साथ एस एंड टी, विद्युतीय कार्य एवं अन्य संबंधित कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 297.00 करोड़; **बोली सुरक्षा:** रु. 1,00,00,000; **समापन अवधि:** 24 महीने। **बंद होने की तारीख:** 21.02.2025; निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए कोई भी मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्रः** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-1055)

संक्षिप्त खबरें

## आरपीएफ की सक्रियता से बोकारो रेलवे स्टेशन पर खोया हुआ सामान बरामद

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की सक्रियता से खोया हुआ सामान बरामद किया गया। शिकायतकर्ता ने एससीएनएल/ एडीए से संदर्भ संख्या 2025012401407 के माध्यम से अपने खोए हुए सामान की शिकायत दर्ज की थी। एसआई मीना कुमारी और उनकी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रेन संख्या 13352, कोच संख्या एस 5, सीट संख्या 25 पर पहुंचकर सामान बरामद किया और सहायता बूथ में रखा। शिकायतकर्ता के रिश्तेदार तेज करण सिंह ने उचित सत्यापन और पहचान के बाद सामान प्राप्त किया और आरपीएफ को धन्यवाद दिया। बरामद सामान में एसी आउट डोर और फोल्डिंग बेड शामिल थे, जिनकी कीमत लगभग 3000 रुपये है। यह घटना आरपीएफ की सक्रियता और जनता के प्रति उनकी सेवा की भावना को दर्शाती है।



## स्थानीय विस्थापित जागरण मंच ने मनाया वनभोज सह मिलन समारोह

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** स्थानीय विस्थापित जागरण मंच का 36वां वनभोज सह मिलन समारोह स्थानीय सिटी पार्क वनभोज स्थल पर मनाया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रोफेसर शशि भूषण महतो ने कहा कि जिस उम्मीद और आशा के साथ यहां के विस्थापितों ने हजारों एकड़ जमीन देश के विकास के लिए न्योछावर कर दिया। आज उसकी दूसरी पीढ़ी ठेका मजदूर में काम करने के लिए अभिशप्त है। उसमें भी बारहमासी काम की कोई गारंटी नहीं है। 10 हजार मिलियन टन का सपना दिखा कर मात्र 4.5 मिलियन टन में कारखाना सिमट गया है। नतीजतन हजारों एकड़ जमीन विस्थापितों का अतिक्रमण का शिकार हो चुका है। इसलिए हम राज्य सरकार व बोकारो प्रबंधन से मांग करते हैं कि खाली जमीन मूल रैयतों के वंशज को वापस किया जाय। बोकारो इस्पात संयंत्र से अप्रेंटिसशिप किया हुआ नौजवान विस्थापितों को प्राथमिकता के आधार पर नियोजन किया जाय। विस्थापितों के लिए आरक्षित चतुर्थ वर्ग के आरक्षण को शत प्रतिशत लागू किया जाय। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष शंकर लाल गोप व संचालन सचिव मोती लाल महतो ने किया। कार्यक्रम में पी पी साहू, मनीलाल सिंह, मनीलाल गोप,सुचांद प्रजापति,सम्स तमरेज अंसारी, सहदेव महतो, बादशाह महतो, राजेश कुमार महतो, प्रदीप कुमार महतो, जीवन प्रसाद साहू, अखिलेश मंडल, के के मंडल, सुखदेव सिंह,निजाम अंसारी, राज कपूर राय,हरि प्रसाद महतो,विनय कुमार, दीपक कुमार महतो,जिमूत महतो, सनाउल्लाह अंसारी,जूलेस महतो आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## गणतंत्र दिवस रिहर्सल परेड और वोटर डे कार्यक्रम में सशस्त्र पुलिस-4 की भागीदारी

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-4, बोकारो में गणतंत्र दिवस के मद्देजन वाहिनी के परेड ग्राउण्ड में फाईनल रिहर्सल परेड का आयोजन किया। गणतंत्र दिवस रिहर्सल परेड के अवसर पर मुकेश कुमार समादेष्टा, रा०औ० सु०बल-सह- झा०स०पु०-4, बोकारो द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। रिहर्सल परेड में भाग ले रहे झा०स०५-4, बोकारो एवं रा०औ० सु०बल, बोकारो के जवानो द्वारा उच्च कोटि के परेड का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर समादेष्टा महोदय द्वारा परेड में सम्मलित कर्मियों को सराहा गया एवं परेड में भव्यता लाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिये गये। पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय), झारखण्ड राँची कार्यालय पत्रांक-78/ स्था० दिनांक 22.01.2025 में दिये गये निर्देश के आलोक में झा०स०पु०-4, बोकारो एवं रा०औ० सु०बल, बोकारो के पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को श्री मुकेश कुमार समादेष्टा, रा०औ०सु०बल-सह- झा०स०पु०-4, बोकारो द्वारा नेशनल वोटर डे 25 जनवरी के मद्देनजर मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शपथ दिया गया, जिसमें भारत वर्ष में लोकतांत्रिक परम्पराओं की मार्यादया बनाये रखेन, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ ग्रहण किया गया। इस अवसर पर पतरस बरवा, राजवल्लभ पासवान, पुलिस उपाधीक्षक, झा०स०पु०-4, बोकारो / रा०औ० सु०बल, पुलिस एसो0 के सभी पदाधिकारीगण, पुलिस मेन्स एसो० के सभी पदाधिकारीगण, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के सदस्य गण एवं वाहिनी के सभी पुलिस पदाधिकारी , कर्मी उपस्थित रहे। साथ ही इस वाहिनी की सभी कम्पनियों, सैट,पोस्ट, पिकेट पर भी निर्धारित समय पर नेशनल वोटर डे के मद्देनजर मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन कराया गया।



## मुखिया स्वरूप दास के प्रयास से सौर ऊर्जा से संचालित जलमीनार की स्थापना

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** बोकारो में एक ऐसे शक्स की कहानी जिसने अपने प्रयास से गांव की पानी की समस्या को दूर कराया। दरअसल राधा गांव पंचायत में पानी की घोर समस्या थी जहां ज्यादातर ग्रामीणों को इनके लिए चापाकल पर निर्भर रहना पड़ता था जो गर्मी के दिनों में प्राय सूख जाता था जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ता था। इस पंचायत के मुखिया स्वरूप दास ने ठाना की इस पंचायत में ऐसी व्यवस्था करनी है जहां बिना बिजली के ही लोगो को पानी उपलब्ध कराया जा सके। बिजली नहीं भी रहे तो भी लोगो को पानी मिलता रहे और इसके लिए उन्होंने सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले पानी टंकी युक्त जलमिनार को अपने पंचायत में स्थापित करवा दिया।

# संविधान गौरव अभियान में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा बोकारो जिला द्वारा मां अम्बे गार्डन सेक्टर-2 में संविधान गौरव अभियान के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयदेव राय एवं संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुष की चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ एवं मंत्री द्वारा संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर किया गया।




मुख्य अतिथि मंत्री ने विपक्ष पर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। भारत के संविधान निर्माण में बाबा साहब का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। बाबा साहेब को कांग्रेस ने हमेशा अपमान किया, भाजपा ने बाबा साहेब का सदैव सम्मान किया है और हमेशा करते रहेंगे। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में भाजपा समर्थित सरकार ने उनके मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने और 1990 में उनका चित्र संसद में स्थापित करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया था। इतना ही नहीं भाजपा सरकार ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की परम्परा शुरू की।

भाजपा ने बाबा साहेब के सम्मान में पंच तीर्थ स्थल भी विकसित किया। कांग्रेस पार्टी ने सदैव अपनी निजी राजनीतिक स्वार्थ में संविधान का संशोधन किया परंतु भाजपा ने देशहित में संविधान का संशोधन किया। कांग्रेस हमेशा से दलित विरोधी और संविधान विरोधी पार्टी रही है। यह कांग्रेस की दलित और पिछड़े वर्गों के प्रति नफरत को दर्शाता है।

जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने संविधान का असली रक्षक और बाबा भीमराव आंबेडकर को सबसे अधिक सम्मान देने वाली पार्टी भाजपा को बताया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर का हमेशा अपमान कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने संविधान में 75 संशोधन कर संविधान का अपमान किया, जबकि भाजपा सरकार ने राष्ट्रहित में कुछ संशोधन कर संविधान को सम्मान दिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संसद भवन में बाबा साहब का चित्र लगा कर उन्हें सम्मान दिया। भाजपा सरकार ने उन्हें भारत रत्न दिया।

कार्यक्रम में रोहित लाल सिंह, अम्बिका खवास, कुमार अमित, विनय सिंह, देवी लाल, परिंदा सिंह, शशिभूषण ओझा, आरती राणा, अनिल स्वर्णकार, मुकेश राय,लक्ष्मण नायक, कृष्ण कुमार मुन्ना, विक्रम पाण्डेय, अर्जुन सिंह, गोउर रजवार, विनोद गोराई, अर्चना सिंह, सुनिता दास, गिरजा देवी, संजय सिंह, सुरेन्द्र राज, सुभाष महतो, इंद्र कुमार झा, अनिल सिंह, मंटु राय, ईश्वर महतो, कमलेश राय, संजय सिन्हा, दिलीप श्रीवास्तव, शंकर रजक, विककी राय, अमर स्वर्णकार, अशोक शर्मा, ब्रज दुबे, भानु प्रताप सिंह, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार ध्रुव, प्रकाश दास, राघव राज मिश्रा, राज सिंह, विक्रम कुमार, पंकज शेखर, बब्लू चौबे, विनय किशोर, बाटुल प्रमाणिक, हरिपद गोप, मनोज ठाकुर, दिनेश यादव, चंद्रप्रकाश सिंह, नीरज कुमार, राजेश सिन्हा, सचिन मिश्रा, राजीव चौबे, मुकेश बाउरी, रघुनाथ टुडू, घनश्याम आनंद, सुरेन्द्र महतो, जितेन्द्र गोस्वामी, बबिता देवी, प्रिती गुप्ता, गंदोरी राम, मोहन राम, प्रेम लाल साव, हरिश सिंह, मेघन राम, सतपाल महतो, प्रमोद दास उपस्थित रहे।

## बोकारो वन प्रमंडल गोमिया रेंज के गोपो गांव में एक किशोर हाथी की हुई मौत



बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो वन प्रमंडल के गोमिया रेंज के गोपो गांव में एक किशोर हाथी मृत अवस्था में कुएं में मिला हैं। अकेला हाथी रात में गांव में घूम रहा था, तभी गांव वालों ने उसे भगाने के लिए शोर मचाया। अंधेरे में हाथी घबरा गया और खुला कुआं नहीं देख पाया और सीधे उसमें जा गिरा। हाथी की सूंड और चेहरा कुएं के अंदर एक छोटे से छेद में फंस गया और वह बाहर नहीं निकल सका। वन विभाग को घटना की जानकारी सुबह-सुबह मिली और वहां से संसाधन जुटाए गए। गांव दूर-दराज होने के कारण क्रेन, जेसीबी और ट्रक जैसे भारी उपकरणों का वहां पहुंचना मुश्किल था। अंत में वन कर्मियों, पशु चिकित्सकों, वन समिति सदस्यों, सीसीएल रजरप्पा कर्मियों और पुलिस बल के सदस्यों की टीम ने सुबह 10 बजे मशीनरी के साथ प्रयास शुरू किया और दोपहर दो बजे तक शव को कुएं से बाहर निकाला गया। पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम भी किया जा रहा है, हालांकि अधिकारियों के अनुसार श्वासावरोध के कारण कार्डियोरेस्पिरेटरी फेलियर मौत का प्राथमिक कारण बताया गया है। वन विभाग ने स्थानीय किसानों को हाथी के कारण हुई फसल क्षति के लिए शीघ्र मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। शव के पोस्टमार्टम के बाद हाथी के दांत को वन विभाग के अधिकारियों दवारा कोषागार में जमा कर दिया जाएगा। चूंकि पोस्टमार्टम शाम छह बजे तक जारी रहेगा, इसलिए आने वाले दिनों में पोस्टमार्टम के बाद विस्तृत रिपोर्ट के माध्यम से घटना की अधिक जानकारी जारी की जाएगी।

## गोकफाभा की जिला समिति का पुनर्गठन, मंटू बने अध्यक्ष

**चंद्रपुरा।** गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन भारत के जिला सम्मेलन में केंद्रीय अध्यक्ष बैजनाथ गोस्वामी व महासचिव दुर्गादास गोस्वामी की देखरेख में सर्वसम्मति से बोकारो जिला समिति का पुनर्गठन किया गया। इसमें मंटू कुमार गिरि अध्यक्ष, कैलाश गिरि, रंजीत गिरि, गोपाल गिरि, नरेश गिरि, त्रिलोचन गिरि उपाध्यक्ष, अवध गोस्वामी महासचिव, रवींद्र गिरि सहायक महासचिव, मिथिलेश गिरि, सुनिल गिरि सचिव, शैलेंद्र गिरि कोषाध्यक्ष, सोनू कुमार गिरि उप कोषाध्यक्ष चुने गए। नई कमेटी से आशा की गई है कि वह फाउंडेशन व समाज के लिए मिलजुल कर काम करेगी। मौके पर सुरेंद्र गिरि, राजकेश्वर गिरि, अशोक गिरि, कैलाश गिरि, जितेंद्र कुमार गिरि, विनय गिरि, उदय गिरि, कामाख्या गिरि, गिरिडीह के विपिन गिरि, नरेश पंडा, जगदीश भारती, महिला मोर्चा की केंद्रीय उपाध्यक्ष ममता गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष भगवती गिरि, बोकारो जिला अध्यक्ष संगीता पुरी आदि थे।

## प्रखंड सभागार में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित हुआ

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** सहयोगिनी संस्था द्वारा कसमार प्रखंड सभागार में राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य कैसे सुदृढ़ हो इस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड की प्रमुख नियोति दे ने कहां कि लड़कियों का सही मानसिक स्वास्थ्य से ही उनका बेहतर कैरियर संभव हो सकता है। इसके लिए उन्हें सही परामर्श दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर किशोरियों के साथ आज का यह कार्यक्रम उनके लिए लाभप्रद साबित होगा। इस दौरान कसमार प्रखंड के अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि लड़कियों के स्वास्थ्य तथा शिक्षा पर सभी वर्गों को मिलकर काम करने की जरूरत है। जिससे उनका समेकित विकास हो सके। उन्होंने कहा कि सहयोगिनी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम किशोरियों के लिए बहुत ही जरूरी है। इस दौरान बोकारो सदर अस्पताल की मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर सुषमा



कुमारी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जैसी समस्या से सभी उम्र के लोग पीड़ित है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्या का लक्षण को समझने की जरूरत है। इस दौरान सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर, स्वास्थ्य केंद्र की डॉक्टर तनवीर फातिमा, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सुषमा गुप्ता , सहयोगिनी की सोनी कुमारी, सूरजमानी देवी ,प्रकाश कुमार महतो, सनी कुमार, रवि कुमार राय, शांत मुखर्जी ,अंजली कुमारी, रेखा देवी , प्रतिमा सिंह, विनीता देवी, मंजू देवी, स्वाति कुमारी ,नेहा कुमारी ,नीतू मुर्मू, पूनम कुमारी, मीना कुमारी, खुशबू कुमारी ,राखी कुमारी, शीतल कुमारी, नीलम देवी, चपला देवी ,रूपा महतो ,गुलनाज फातमा ,पुष्पा देवी, फूल कुमारी, नवीन खातून , शहनाज परवीन, नेहा कुमारी, पदमा देवी, रुखसाना खातून, आरिफ अंसारी कुमार गौरव, नूतन कुमारी, आदि उपस्थित थे।

## बोकारो के युवाओं की पहल: क्राइम इंडिया अलर्ट' दे रहा है कलाकारों को नया मंच

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के युवाओं ने अपनी रचनात्मकता और जज़्बे के साथ मनोरंजन जगत में एक नई मिसाल कायम की है। जिले के पंकज कुमार चौधरी और उनके कुछ साथी के द्वारा चलाया जा रहा यूट्यूब चैनल क्राइम इंडिया अलर्ट अपराध-आधारित वेब सीरीज है। इस वेब सीरीज के माध्यम से यहां के कलाकार फिल्म निर्माण के क्षेत्र में तेजी से पहचान बना रहें हैं।

साधारण संसाधनों के बावजूद इन युवाओं का प्रयास बड़े प्रेरणादायक है। वे न केवल अपने जिले बल्कि पूरे झारखंड में छिपी प्रतिभाओं को मंच देने के लिए भी प्रयासरत हैं। इसी क्रम में, 26 जनवरी 2025 को क्राइम इंडिया अलर्ट एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इस दिन बोकारो में ऑडिशन का आयोजन किया जाएगा, ताकि छिपी हुई स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला को प्रदर्शित करने का



मौका मिल सके। ऑडिशन सुबह 11 बजे से शुरू होगा और इसमें भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को दिए गए पते पर पहुंचने का अनुरोध किया गया है। इस पहल के माध्यम से क्राइम इंडिया अलर्ट के युवा निर्माता पंकज चौधरी न केवल अपने चैनल को एक नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं, बल्कि वे यह भी साबित करना चाहते हैं कि छोटे शहरों में भी बड़ा टैलेंट मौजूद है। चैनल के संस्थापक का कहना है, ‌हमने इस वेब सीरीज का निर्माण करके यह दिखाने की कोशिश की है कि बड़े बजट और सुविधाओं की कमी के बावजूद, अगर किसी में कुछ कर दिखाने का जुनून है, तो सफलता की राह खुद बनती है।

## परिवार के प्रथम शिक्षक होते हैं माता-पिता: पांडेय

**चंद्रपुरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेलो में शुक्रवार को मातृ-पितृ पूजन समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार पांडेय, प्रबंध समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गांधी, सचिव संतोष कुमार, मुख्य अतिथि सुरेश विश्वकर्मा सुकुमार, नुनुचंद महतो, डा गौरव कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्य पांडेय ने कहा कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान हर वर्ष मातृ-पितृ पूजन समारोह मनाती है ताकि भैया बहनें माता-पिता के महत्व को समझ सकें। उन्होंने कहा कि परिवार में माता-पिता ही प्रधान और प्रथम शिक्षक होते हैं। वे अपने बच्चों पर हर समय नजर रखते हैं। उनके ऊपर बड़ी जिम्मेवारी होती है। हमें नित्यदिन माता-पिता का चरण स्पर्श और उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। समारोह में पहुंचे माता-पिता का पूजन भैया-बहनों द्वारा किया गया तथा सभी ने आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## झामुमो बोकारो जिला संयोजक मंडली की बैठक संपन्न, हर गांव से 500 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला संयोजक मंडली की बैठक बोकारो अतिथि गृह सेक्टर 1 में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) बोकारो जिला संयोजक मंडली की एक महत्वपूर्ण बैठक संयोजक प्रमुख डॉक्टर रतनलाल माझी की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान और 4 फरवरी 2025 को धनबाद में होने वाले पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। संयोजक प्रमुख डॉक्टर रतनलाल माझी ने कहा कि झामुमो का उद्देश्य हर गांव से कम से कम 500 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है उन्होंने यह भी कहा कि स्थापना दिवस समारोह में प्रत्येक पंचायत से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर प्रत्येक प्रखंड से कम से कम




50 वाहनों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को धनबाद पहुंचाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सामूहिक प्रयास और व्यक्तिगत साधनों के माध्यम से धनबाद कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। बैठक में संयोजक मंडली के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए संगठन के कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को यह बताना आवश्यक है कि झारखंड और झारखंडवासियों के लिए झामुमो सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा क्या-क्या कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय संतोष रजवार, जिला संयोजक मंडली के सदस्य हीरालाल मांझी, जय नारायण महतो, मंटू यादव, बीके चौधरी, मो हसन, मोहन मुर्मू, विजय रजवार, मदन मोहन महतो, मुक्तेश्वर महतो, पान बाबू केवट, संतोष महतो दीपक महतो आदि उपस्थित थे।

# जेईई मेन के पहले सेशन में बोकारो के कुल 1986 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के पहले सत्र का आयोजन शुक्रवार को बोकारो में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बोकारो में 22 से 24 जनवरी तक तीन दिनों की अवधि में कुल 2069 में से 1986 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि, 83 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए यहां दो केंद्र बनाए गए थे। पहला सेंटर चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया था। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने परीक्षा के सफल, सुचारू एवं कदाचारमुक्त आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए सभी केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों तथा जिला प्रशासन के सहयोग के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि तीनों दिन की परीक्षाएं पूर्णयता शांतिपूर्ण माहौल में हुईं। कहीं से भी किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं है। परीक्षा के पहले दिन 22 जनवरी को कुल 658 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 33 अनुपस्थित रहे। दूसरे दिन 23 जनवरी को 676 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, तो 25 अनुपस्थित रहे। वहीं, तीसरे दिन 652 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 25 अनुपस्थित रहे। शुक्रवार को आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में कुल 141 में 138 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 03 अनुपस्थित रहे। इसी केंद्र में दूसरी पाली में कुल 96 में 94 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 02 अनुपस्थित रहे। वहीं, अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में पहली पाली में कुल 220 में 209 कैंडिडेट ने परीक्षा दी। जबकि, 11 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में कुल 220 में 211 ने परीक्षा दी और 09 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने बताया कि जेईई मेन का पहला सेशन 22 से 31 जनवरी 2025 तक हो रहा है, जिसमें बोकारो में 22, 23 और 24 जनवरी को परीक्षाएं हुईं। दूसरा सत्र आगामी 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 की अवधि में होगा।



### दोनों सेशन के एग्जाम देना फायदेमंद : डॉ. गंगवार

सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने बताया कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना करियर संवारने को इच्छुक विद्यार्थियों के लिए जेईई मेन मुख्य आधार है। जेईई मेन का एग्जाम दो सत्रों में इसलिए करवाया जाता है, ताकि स्टूडेंट्स अगर एक सेशन में अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाएं तो दूसरे सत्र में वे फिर से अच्छा परसेंटाइल पाने की कोशिश कर सकें। अभ्यर्थियों के लिए स्कोर बढ़ाने का यह एक अच्छा मौका होता है। एनटीए दोनों सत्रों में से उसी सत्र का स्कोर फाइनल रिजल्ट में शामिल करता है जिसमें परीक्षार्थी को ज्यादा अंक मिले होते हैं। लिहाजा, दोनों सेशन में एग्जाम देने से फाइनल रैंक सुधारने का अवसर मिलता है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को अवश्य लेना चाहिए।

## बोकारो प्रबंधन अमानवीय व्यवहार कर रहा : रणधीर

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ की बैठक स्थानीय कार्यालय सेक्टर 9 में हुई बैठक को संबोधित करते हुए रिम्स के महामंत्री रणधीर सिंह ने कहा कि बोकारो प्रबंधन सेवानिवृत कर्मियों के साथ एवं लाइसेंस धारी आवासों में रहने वाले लोगों के साथ अमाननीय व्यवहार कर रही है बोकारो प्रबंधन ने लाइसेंस धारी के साथ आवास लाइसेंस योजना के तहत विभिन्न तरीके का आवास किराया एवं अग्रिम राशि निर्धारित की थी समय-समय पर बदलकर लाइसेंस धारी को बोकारो प्रबंधन ठगने का काम कर रही है एक तरफ सेवानिवृत्ति कर्मियों की पेंशन कुछ भी नहीं है ऐसे में उसे पर दबाव बनाकर बिजली बिल एवं रेनवाल चार्ज जमा करने का जो तांडव रच रही है वह बर्दाश्त के बाहर है कुछ दलाल यूनियन के लोगों के इशारे पर बोकारो प्रबंधन या खेल खेल रही है बोकारो प्रबंधन बिजली बिल के लिए रेनवाल चार्ज की अनिवार्यता को समाप्त कर बिजली बिल की बकाया राशि तीन किस्त में लेने का काम करें इसके अलावा पिछले वर्ष लाइसेंसिंग योजना के तहत जिन लोगों ने भी एलॉटमेंट ऑर्डर लिया था और पैसा नहीं जमा कर पाए उन लोगों के लिए बोकारो प्रबंधन अलग से तिथि निर्धारित कर उनका पैसा ले बोकारो प्रबंधन संयंत्र को एवं नगर को व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाने का काम ना करें अन्यथा इसके खिलाफ संघ के द्वारा क्रमबद्ध रूप से जन जागरण अभियान के साथ-साथ आंदोलन के रूपरेखा तैयार की जाएगी।



## संक्षिप्त खबरें

### राजेंद्र सिंह मुंडा का सारा जीवन आदिवासी, दलित, पिछड़ा और गरीब के हित में गुजारा : अमित महतो

**सिल्ली/बिभा संवाददाता।** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से 3 बार विधायक रहे कॉमरेड स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह के स्मृति पर सोनाहातु में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट एवं चौडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक अमित महतो ने कहा कॉमरेड राजेन्द्र सिंह मुंडा ने अपना सारा जीवन आदिवासी, दलित, पिछड़ा और गरीब के हित में गुजारा, वो हमेशा लोगों को अत्याचार और शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने की सीख देते रहे , उनका मानना था कि शोषण को बर्दाश्त करना सबसे बड़ी कायरता है। वही आयोजन कमिटी की ओर से फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच के विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर झामुमो नेता बाबू मानकी रोहिताश चौधरी किसलय महतो सोनाहातू प्रमुख मुखिया विकास मुंडा समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी एंव ग्रामीण मौजूद थे।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा प्रखंड में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**लातेहार/बिभा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन। वरीय झामुमो नेता लाल मोती नाथ शाहदेव, सीएस अवधेश कुमार सिंह, डॉक्टर मनोज कुमार, चंदवा पश्चिमी मुखिया संगीता देवी, अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक, अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया उद्‌घाटन। शिविर में मौजूद लोगों को दी गयी मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओ की जानकारी।स्टॉल के माध्यम से विभिन्न रोगों की जांचकर दी जा रही है निःशुल्क दवा। स्लॉट में मोतियाबिन, ब्लड टेस्ट, दांत चिकित्सक, बाह्य रोग विशेषज्ञ, समेत और अनेक स्टॉल लगे थे जिसमें अलग-अलग बीमारियों का इलाज किया गया।




### खलारी निवासी युवक की चान्हो प्रखंड के बीजूपाड़ा के निकट हत्या

**चान्हो/बिभा संवाददाता।** बीती रात चान्हो प्रखंड के बीजूपाड़ा के निकट एक युवक की हत्या कर दी गई है। युवक की पहचान खलारी मोहन नगर निवासी अभिषेक सिंह के रूप में की गई है। वह पैसे से चालक था। उसकी उम्र लगभग 25 वर्ष थी। बताया जाता है कि 407 ट्रक में लोहे का सामान लेकर वह बेड़ो से पलामू जाने के लिए गुरुवार की शाम में निकला था। बेड़ो से निकलकर बूढ़ाखुखरा चौक होते हुए वह अपने नानी घर सरगांव मुरजुली पहुंचा, वहां से रात में खाना खाने के बाद लगभग 9:30 बजे पलामू जाने की बात बोलकर गाड़ी लेकर निकला। गुरुवार की देर रात पुलिस को बीजूपाड़ा चौक के ठीक निकट एक व्यक्ति के गिरे होने की सूचना मिली। अभिषेक के शरीर पर जख्म के कई निशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। वहीं उसकी गाड़ी भी उसके शव के थोड़ी ही दूर पर खड़ी थी उसे भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार वहां से लगभग 200 मीटर दूर बीजूपाड़ा बरहे रोड के निकट उसके कुछ कपड़े और उसका चप्पल तथा गांजा पिने का एक चिलम भी पड़ा था। शुक्रवार की सुबह पुलिस द्वारा डॉग स्क्वायड की टीम बुलाकर जांच की गई। अग्रेतर जांच की जा रही है।




### पुलिस ने 89 एकड़ अफीम फसल का किया गया विनष्टीकरण

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों शुक्रवार को अफीम फसल का विनष्ट किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन सुबह से अफीम फसल विनष्टीकरण किया गया। जिसमें अड़की थाना अंतर्गत ग्राम जोरको एवं सेल्दा मे कुल 26 एकड़, मुरहू थाना अंतर्गत ग्राम हेठगोवा एवं बगमा में करीब 22 एकड़, मारंगहादा थाना क्षेत्र के मारंगहादा एवं उलीडीह में 20 एकड़ एवं सयको थाना अंतर्गत ग्राम- सेरेंगडीह के आस पास क्षेत्रों में करीब 21 एकड़ कुल 89 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को ट्रैक्टर चलाकर विनिष्ट किया गया।



### राजगीर के बौद्ध स्तूप का दर्शन किया संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** भारत के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल राजगीर में स्थित बौद्ध स्तूप का दर्शन प्रसिद्ध हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने अपनी धर्मपत्नी लता जैन पांड्या के साथबकिया। इस दौरान उन्होंने स्तूप के ऐतिहासिक महत्व और इसकी धार्मिक धरोहर पर प्रकाश डाला। श्री जैन ने कहा, राजगीर का बौद्ध स्तूप भारतीय संस्कृति और बौद्ध धर्म का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। यहाँ का वातावरण आत्मिक शांति प्रदान करता है। यह स्थल पर्यटकों और धार्मिक आस्थाओं के लिए एक पवित्र स्थान है।



## केंद्र सरकार के वित्तीय सेवा विभाग निदेशक नीलम अग्रवाल पहुंची खूंटी

# पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिए आवश्यक निर्देश

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में आकांक्षी जिला खूँटी की समीक्षा के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय सेवा विभाग निदेशक नीलम अग्रवाल ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में वित्तीय समावेशन से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति और लक्ष्यों की प्राप्ति पर सभी बैंकों एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों संग विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से 31 दिसंबर 2024 तक संचालित कासा खातों यानी बैंकों द्वारा खोले गए चालू खाता, बचत खाता एवं अन्य की समीक्षा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रति लाख जनसंख्या पर नामांकन की समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के प्रति लाख जनसंख्या पर नामांकन की समीक्षा, अटल पेंशन योजना के प्रति लाख जनसंख्या पर नामांकन की समीक्षा 31 दिसंबर 2024 तक प्रधानमंत्री जनधन योजना खातों की स्थिति की समीक्षा, मुद्रा योजना के तहत बकाया राशि और एनपीए की समीक्षा विस्तार से की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। निदेशक वित्तीय सेवा विभाग ने योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिले में संचालित बैंकों को आकांक्षी जिला के लिए निर्धारित इंडिकेटरों पर कार्य करते हुए प्रदर्शन में सुधार का निर्देश दिया गया। एसएलबीसी एवं एलडीएम को बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर ससमय कार्यों की ऑनलाइन डाटा अपडेट कराने, रिपोटिंग एवं अन्य कार्य सुनिश्चित एवं मोनिटरिंग का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, डीजीएम एसएलबीसी, सीएच गोपाला कृष्णा, एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड, सभी बैंक प्रबंधक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## पाटन-पांकी सड़क हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत

बिभा संवाददाता



**पलामू।** पलामू जिले के पाटन एवं पांकी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अलग अलग सड़क हादसे में एक महिला समेत दो की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

पहली घटना पाटन थाना क्षेत्र के कारीहार में हुई। यहां टेम्पो में बैठने के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी। इलाज के लिए ले जाने के क्रम में मौत हो गयी।

दूसरी घटना पांकी-बालूमाथ मुख्य पथ करामाटी में हुई। ऑल्टो कार और पिकअप में जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे एक की मौत हो गयी, वहीं दो लोग जख्मी हो गए। सूचना मिलने के बाद पाटन एवं पांकी पुलिस छानबीन में जुटी है।

जिले के पाटन थाना क्षेत्र के कारीहार में टेम्पो पर बैठ रही महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एमआरएमसीएच में लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गयी। महिला की पहचान रीता देवी (38), पति लक्ष्मण शर्मा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रीता गुरूवार दोपहर वह अपने रिश्तेदार के यहां कारीहार गई हुई थी। वहां से वह वापस ससुराल कांकेकला आ रही थी। टेम्पो में बैठने जा रही थी। इस क्रम में तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल ने उसे धक्का मार दिया। बाइक चालक मौके पर मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया। रीता देवी को ग्रामीणों के जरिये एमआरएमसीएच में लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पाटन थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। बाइक सवार व्यक्ति की पहचान की जा रही है। बाइक को कब्जे में ले लिया गया। जिले के पांकी थाना क्षेत्र के पांकी-बालूमाथ मुख्य पथ में कारीमाटी में ऑल्टो कार और पिकअप में जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें ऑल्टो कार ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक की पहचान चतरा निवासी सुजीत पांडे, पिता मिथलेश पांडेय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुजीत फिलहाल कुछ दिनों से डालटनगंज में रहते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लापुंग के सापुकेरा में भाजपा के सदस्यता अभियान में सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता



बिभा संवाददाता

**लापुंग।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड की सदस्यता अभियान जारी है, जिसके तहत लापुंग प्रखंड के सापुकेरा बाजार में सदस्यता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने उत्साह के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वाले ग्रामीणों ने कहा कि कि झारखंड को भाजपा ने बनाया है ,और इसे संभालने की जिम्मेदारी भी भाजपा की है, हमें पूरा विश्वास है कि झारखंड को विकसित और झारखंड के जन-जन के आकांक्षाओं को पूरा करने का कार्य बीजेपी ही कर सकती है। सभी सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने झारखंड और राष्ट्र को समृद्ध बनाने के लिए भाजपा की नीतियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। इस मौके पर मांडर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा मांडर विधानसभा के हर कार्यकर्ता नागरिकों के हक, अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा उनके लिए न्याय की लड़ाई लड़ने में सदैव अग्रसर रहेगी।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सीता देवी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सभी ने इस दुखद घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।सदस्यता शिविर में भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहू, महामंत्री जितेंद्र पाल सिंह, चारकू साहू फ़लिंदर हजाम विक्रम सिंह विजय सिंह विजय सिंह अनूप साहू अजय साहू रंजन गुप्ता चरवा उरांव लक्ष्मण कुजूर छोटे लाल उरांव बलराम उरांव बसंती देवी , भाजपा नेता सह मांडर के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश प्रसाद नवल तिवारी और अन्य वरिष्ठ नेताओं सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रानिया में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



बिभा संवाददाता

**खूँटी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रनिया में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें तोरपा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सुदीप गुड़िया की उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिला एवं पुरुष ओपीडी, कुष्ठ रोग निदान, दवा वितरण केंद्र, मोतियाबिंद जांच, गैर-संचारी रोग उपचार, एमसीडी केंद्र, ब्लड टेस्ट कैम्प सहित अन्य चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं।

स्वास्थ्य मेला में कुल 343 मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। फैमिली प्लानिंग के तहत 125 लोगों को टेंपररी किट का वितरण, बीपी जांचः 75 मरीज, मधुमेह जांचः 75 मरीज, खून जांचः 68 मरीज, आयुष ओपीडीः 86 मरीज, टीबी जांचः 15 मरीज, मोतियाबिंद जांचः 43 मरीज का किया गया। इस स्वास्थ्य मेला में मरीजों को निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया गया।

### श्रम मंत्री पहुंचे चतरा, जागरूकता रथ को किया रवाना



**चतरा।** राज्य के उद्योग और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव का शुक्रवार को चतरा परिसदन आगमन हुआ। उनके आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने आभार व्यक्त करते हुए पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। श्रम विभाग के तहत संचालित योजनाओं और प्रवासी श्रमिक पुनर्वास योजना 2021, बाल श्रमिक, झारखंड असंगठित सामाजिक सुरक्षा योजना, झारखंड भवन एवं कर्मकार योजना समेत अन्य योजनाओं के बारें में लाभुक जागरूक हों और योजनाओं का लाभ ले सके। इस उद्देश्य से मंत्री ने परिसदन भवन चतरा से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों मे घुम-घुम कर लाभुकों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### मुरहू में टेम्पु पलटने से दो व्यक्ति हुए घायल

**खूँटी।** जिले के मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत खूँटी चाईबासा रोड पर चमराटोली के पास में टेम्पु पलटने से दो लोग घायल हो गए।

शुक्रवार को सुबह 10 बजे के करीब एक टेम्पु सवारी लेकर मुरहू से खूंटी आ रहा था। इतने में एक स्कूटी सवार व्यक्ति सामने आ गया जिसको बचाने के दौरान टेम्पु पलट गयी । जिसमें दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। घायलों में अधिवक्ता रामकुमार बड़ाइक उर्फ बबलू और घघारी गाँव निवासी अनिल पूर्ति हैं। जिन्हें सदर अस्पताल खूँटी लाया गया और ईलाज किया गया। घायल सवारी ने अधिवक्ता रामकुमार बड़ाइक उर्फ बबलू ने बताया कि टेम्पु से खूँटी कचहरी आ रहे थे। इसी क्रम में टेम्पु वाला एक स्कूटी को बचाने के लिए ब्रेक मारा जिससे टेम्पु पलट गया। जिससे दबकर घायल हो गये। पैर में चोटें लगी है। वहीं इससे टेम्पु पलटने से दो लोग घायल हो गये।

## हर नागरिक करें यातायात नियमों का पालन : उपायुक्त



बिभा संवाददाता

**खूँटी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत आज समाहरणालय परिसर खूँटी से भगत सिंह चौक (नीचे चौक) तक सड़क सुरक्षा दौड़ कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ, जिला परिवहन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कर्मियों एवं स्कूली बच्चों के साथ दौड़ लगाया। उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हर नागरिक को यातायात नियमों का पालन कर अपने जीवन और दूसरों के जीवन को सुरक्षित रखना चाहिए।

उपायुक्त द्वारा आम जनता से अपील की गई कि वे सड़क पर चलते समय यातायात संकेतों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, और शराब पीकर वाहन न चलाएँ।

यह कार्यक्रम पूरे जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के माध्यम से प्रशासन ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

## लातेहार जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस एसोसिएशन ने ब्लड डोनेट कैंप लगाया

बिभा संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस एसोसिएशन जिला कमिटी लातेहार ने लातेहार सदर अस्पताल में रक्त दान शिविर का आयोजन किया। इसका आयोजन जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता, सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष उमा शंकर चैतन्य, उपाध्यक्ष संतोष चंद्र गोस्वामी, सह सचिव चंद्रकांत जयसवाल, रमेश प्रसाद गुप्ता, रवि कुमार, दिलीप कुमार, अशोक कुमार एवं पूरा जिला कमिटी के द्वारा किया। इस आयोजन में जिले भर से आए केमिस्ट्स ने रक्तदान किया। यह आयोजन झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन प्रदेश कमिटी झारखंड के दिशा निर्देश में किया गया। ऑल इंडिया आर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस शिंदे की 75वी जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे भारत के बारह लाख चालीस हजार केमिस्ट्स जन्म दिन मना रहे हैं। साथ ही साथ लाखों केमिस्ट्स एवं उनके परिवार के लोग रक्त दान कर रहे हैं। होटल सितारा में सर्व प्रथम शिंदे सर के नाम केक काटकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गई। इसके बाद लातेहार सदर अस्पताल में रक्तदान किया गया। रक्तदाता लातेहार जिला रीजनल ड्रग लाइसेंस अथॉरिटी आलोक कुमार गुप्ता, कार्यालय सहायक सह कंप्यूटर सहायक लातेहार उमेश कुमार गुप्ता विजय कुमार, उमाशंकर चैतन्य, उमेश कुमार, गौरव कुमार, मो गौस, बैजनाथ प्रसाद, संजीत कुमार गुप्ता, मनु कुमार गुप्ता, आनंद कुमार प्रजापति, अशोक उरांव, रमेश भगत, अमित वर्मा सहित कुल 14 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। कार्य क्रम में संजय प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, मो फरीद, मो हादी, मो शौकत, पप्पू कुमार आदि उपस्थित रहे।



## गणतंत्र दिवस : देशभक्ति की भावना के साथ आयोजित होगा कार्यक्रम

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिलेभर में आगामी 26 जनवरी 2025 को 75वाँ गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और परेड निरीक्षण कार्यक्रम की शुक्रवार को अंतिम तैयारियों का अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने संयुक्त रूप से जायजा लिया। इस तरह कचहरी मैदान में आयोजित परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास संपन्न हो गया। इस मौके पर परेड निरीक्षण के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने झंडोत्तोलन किया और राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान गाया। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने परेड में शामिल सभी प्लाटून का उत्साहवर्धन किया और 26 जनवरी को पूरे जोश और उमंग के साथ परेड में भाग लेने के निर्देश दिए।

झारखंड के विभिन्न जिलों में अफीम फसल नशे की खेती के रूप में अपने शिकंजे में लेते जा रहा है। जो कहीं ना कहीं राज्य के लोगों के लिए हनिकारक व अभिशाप बनता जा रहा है। वहीं इस बार मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व आईजी के निर्देश पर खूँटी में अफीम की खेती समाप्त करने के लिए हर तरह का कार्यवाही करने के लिए उपायुक्त को निर्देशित किया गया है। वहीं उपायुक्त के निर्देश पर पुलिस प्रशासन प्रतिदिन अफीम की फसल विनाश कर रही है। इसी क्रम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कल कचहरी मैदान में कार्यक्रम के सथ-साथ अफीम फसल विनष्टीकरण का भी शपथ लिया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में अनेक झांकियां रहेगी लेकिन उसमें से एक प्रमुख झांकी अफीम फसल से संबंधित भी होगा।

इसके अतिरिक्त, 25 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन की ओर से शाम 6:00 बजे से बहुउद्देशीय भवन, बिरसा कॉलेज खूंटी में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।





**कार्यक्रम का समय और आयोजन**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को प्रातः 8 बजे से विभिन्न सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण और प्रातः 9 बजे से कचहरी मैदान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड, झांकी और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे।

## लड़कियों के लिए तिरंगे से बना सामान बाज़ार में हुआ बिक्री शुरू



बिभा संवाददाता

**खूँटी।** देश के गणतंत्र का इस बार 75 वर्ष पूरा हो जाएगा। इस 75वें गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारी चारों ओर की जा रही है। वहीं बाजारों में भी गणतंत्र दिवस में उपयोग के लिए तिरंगे का सामान भर गया है। जहाँ तिरंगा पताका से लेकर कई सामग्री बाजार में बिकने लगी है। जिसमें तिरंगा झंडा, पताका , पट्टा , स्टीकर , बैज आदि सभी सामान मिल रहे हैं। वहीं हर बार पुरुषों द्वारा उपयोग के सामान मिलते थे वहीं इस बार लड़कियों के लिए भी सामान बाज़ार में उपलब्ध है। जिसमें तिरंगा दुपट्टा, बाल के लिए रब्बर, गाल के लिए स्टिकर, तिरंगा चुड़ियाँ, बाल का जूड़ा, आदि सारा सामान बिकने लगा है। जिसकी खरीदारी के लिए लोग बाजार में पहुँच रहे हैं।

संपादकीय

## कृषि सुधारों में व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक

1965 की एमएसपी व्यवस्था, जिसने मूल्य स्थिरता की गारंटी दी थी, तब से लेकर आज बाज़ार एकीकरण, स्थिरता और कल्याण की जटिल समस्याओं से निपटने तक भारत के कृषि सुधारों में नाटकीय रूप से बदलाव आया है। एमएसपी में बदलाव और पीएम-किसान जैसे कार्यक्रमों के बारे में हाल की चर्चाएँ कल्याण और अर्थशास्त्र के बीच संतुलन बनाने के प्रयासों को दर्शाती हैं। फिर भी, विकसित भारत 2047 को प्राप्त करने के लिए टिकाऊ कृषि को आगे बढ़ाना आवश्यक है। चावल और गेहूँ के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करके, खाद्यान्न की कमी को कम करने के लिए एमएसपी प्रणाली लागू की गई थी। उदाहरण के लिए, 1966 में मैक्सिकन गेहूँ की किस्मों का आयात करके, भारत ने हरित क्रांति की शुरुआत की, जो चावल और गेहूँ के लिए गारंटीकृत एमएसपी पर निर्भर थी। राजनीतिक दबावों के कारण अंततः अधिक फसलों को कवर करने के लिए एमएसपी का विस्तार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय असंतुलन हुआ। एमएसपी और मुफ्त बिजली ने पंजाब और हरियाणा को चावल पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर किया है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुँचा है और भूजल कम हो गया है। विशेष रूप से चावल और गेहूँ के लिए, प्रणाली खुली खरीद में बदल गई, जिसके कारण अक्षमताएँ और अधिशेष सूची बन गई। भारतीय खाद्य निगम के पास चावल का भंडार बफर आवश्यकताओं से लगभग तीन गुना अधिक है, जिससे बर्बादी और भंडारण की समस्याएँ पैदा होती हैं। बिजली, उर्वरक और सिंचाई सब्सिडी की शुरूआत ने किसानों की लागत कम की, लेकिन पर्यावरण को नुक़सान पहुँचाया और मिट्टी को खराब किया। पंजाब में ट्यूबवेल के लिए मुफ़्त बिजली देने से भूजल स्तर में ख़तरनाक गिरावट आई है। प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण और डिजिटल लाभार्थी रिकॉर्ड हाल के सुधारों के दो उदाहरण हैं जो दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण पर ज़ोर देते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि बिचौलियों को ख़त्म करती है और किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता देकर लक्षित लाभ वितरण सुनिश्चित करती है। मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और भूजल की कमी को कम करने के लिए, किसानों को गेहूँ और चावल जैसी पानी की अधिक खपत वाली फसलों से दलहन, तिलहन और बाजरा उगाने के लिए प्रोत्साहित करें। ओडिशा बाजरा मिशन बाजरा के उत्पादन को प्रोत्साहित करता है, जो पानी की अधिक खपत वाली धान की खेती के उपयोग को कम करते हुए मिट्टी की गुणवत्ता और आय में सुधार करता है। किसानों को उचित मूल्य मिले और विशेष फसलों के अधिक उत्पादन को हतोत्साहित करने के लिए एमएसपी के स्थान पर मूल्य कमी भुगतान योजनाओं का उपयोग किया जाना चाहिए।

# नकली दुनियां की पोल खोलता आईआईटी बाबा

लेखक

डॉ. सत्यवान सौरभ
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

भारत आने के बाद वे एक नए आध्यात्मिक मार्ग पर चल पड़े। वे बहुत-सी तीर्थयात्राओं पर गए। वे अपनी वर्तमान जीवनशैली से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए वे बहुत आध्यात्मिक हो गए। वे हमेशा अपना घर छोड़ना चाहते थे। आध्यात्मिक शब्दावली में वह चीज जो सब कुछ पार कर जाती है उसे ‘सत्य’ कहा जाता है। उन्होंने यहाँ तक कहा कि हर कोई मेरी आईआईटी डिग्री को ही दर्शाता है। मैं उस पर ध्यान आकर्षित नहीं करना चाहता। व्यक्तिगत रूप से मैं उससे कहीं ज़्यादा हूँ। उन्होंने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया।

एक दिन जब आईआईटी बाबा अभय सिंह का वीडियो देखा तो मेरा नजरिया बदल गया। मान लीजिए आपके पास सबकुछ है- मसलन, आईआईटी बॉम्बे की डिग्री, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग करियर और एक ऐसा जीवन जिसकी ज्यादातर लोग सिर्फ कल्पना कर सकते हैं। लेकिन हमेशा की तरह चलने के बजाय उन्होंने ऐसा चुनाव किया जिसने सभी को चौंका दिया। उन्होंने ज्यादा आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए सबकुछ त्याग दिया। पहले यकीन नहीं हुआ-कोई इतना उज्ज्वल भविष्य क्यों छोड़ेगा? लेकिन जैसे-जैसे उन्हें बात करते सुना, सबकुछ समझ में आने लगा। उन्होंने जीवन में वास्तविक उद्देश्य, शांति और अर्थ खोजने के महत्त्व पर चर्चा की- ऐसी चीजें जिन्हें कोई भी धन या सफलता खरीद नहीं सकती।

यह एक प्रेरक कहानी थी। इसने मुझे यह एहसास दिलाया कि जीवन सिर्फ समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने या भीड़ का अनुसरण करने के बारे में नहीं है बल्कि अपना रास्ता खोजने के बारे में है। मैंने पहले सोचा, एक आईआईटीयन इतना मूर्ख कैसे हो सकता है कि अपनी उच्च-भुगतान वाली आलीशान नौकरी छोड़ दे? वह अपनी दो डिग्रियाँ कैसे बर्बाद कर सकता है? फिर मुझे समझ में आया कि ‘बचपन का सदमा शब्द बहुत सारे नकारात्मक अर्थ रखता है। उनके साक्षात्कार वीडियो पर टिप्पणियाँ पढ़कर मुझे और भी बुरा लगा। जहाँ कई लोग उनकी प्रशंसा कर रहे थे,वहीं दूसरे लोग उन्हें नज़रअंदाज़ कर रहे थे। यहाँ मेरा उद्देश्य किसी भी तरह से उनका बचाव करना नहीं है।



बहुत शोर मचाया जा रहा है कि आईआईटी बाबा ने सरकारी फंड वाली सीट बरबाद कर दी। मेरी राय में जो लोग ऐसा कहते हैं,उन्हें कुछ बुनियादी बातों को समझने की जरूरत है। बहुत ज्यादा पढ़ाई करने के बाद अभय सिंह को आईआईटी में दाखिला मिल गया और उन्होंने अपनी डिग्री हासिल की। उन्होंने कोर्स में कोई बाधा नहीं डाली। फिर,इस तर्क से आईआईटी के बाद एमबीए और यूपीएससी करने वालों ने सीटें बरबाद कर दीं। तो फिर, मुझे बताइए कि उन्होंने सीटें कैसे बर्बाद कीं। अगर उन्होंने कोर्स पूरा नहीं किया होता तो भी यह तर्क कुछ हद तक सही होता लेकिन चूँकि उन्होंने एयरोस्पेस इंजीनियरिंग पूरी की है इसलिए किसी को यह दावा नहीं करना चाहिए कि उन्होंने अपनी सीट बर्बाद कर दी।

देखिए कि उनका नजरिया कितना बेहतरीन है। उनके पास सबकुछ था- सबसे अच्छी औपचारिक शिक्षा, सबसे अच्छी नौकरी, विदेश यात्रा, गर्लफ्रेंड और रिश्ते। फिर उन्होंने अपने अंदर खालीपन महसूस किया और संन्यास की राह पर चलने का फैसला किया। मुझे कहना होगा कि वे एक ईमानदार व्यक्ति लगते हैं। वे हरियाणा के मूल निवासी हैं। झज्जर, हरियाणा में ही उनका जन्म हुआ। उनकी माँ घर पर रहती हैं जबकि उनके पिता वकालत करते हैं। उन्होंने झज्जर में पढ़ाई की। वे कम उम्र से ही असाधारण छात्र थे। आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। फिर उन्हें तीन लाख रुपये का पैकेज मिला और वे अपनी नौकरी के लिए कनाडा चले गए। लॉकडाउन के कारण वे कनाडा में ही फंस गए। इस दौरान उन्होंने अपने जीवन पर अधिक चिंतन करना शुरू किया।

भारत आने के बाद वे एक नए आध्यात्मिक मार्ग पर चल पड़े। वे बहुत-सी तीर्थयात्राओं पर गए। वे अपनी वर्तमान जीवनशैली से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए वे बहुत आध्यात्मिक हो गए। वे हमेशा अपना घर छोड़ना चाहते थे। आध्यात्मिक शब्दावली में वह चीज जो सब कुछ पार कर जाती है उसे सत्य कहा जाता है। उन्होंने यहाँ तक कहा कि हर कोई मेरी आईआईटी डिग्री को ही दर्शाता है। मैं उस पर ध्यान आकर्षित नहीं करना चाहता। व्यक्तिगत रूप से मैं उससे कहीं ज़्यादा हूँ। उन्होंने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। चूँकि उन्होंने होशपूर्वक जीवन जिया और चले गए इसलिए उनके विचार बहुत शुद्ध हैं। इसलिए, कृपया उन्हें पाखंडी कहना बंद करें। अपनी आध्यात्मिक यात्रा में वे ईमानदार और प्रतिबद्ध हैं। सत्य और जीवन के उद्देश्य की निरंतर खोज के माध्यम से ही औसत व्यक्ति आध्यात्मिकता से प्रबुद्ध होता है। यू ट्यूबर ने बाबा अभय सिंह का साक्षात्कार लिया। इसके बाद, उन्होंने खुलासा किया कि आध्यात्मिकता को आगे बढ़ाने के लिए सबकुछ छोड़ने से पहले वे आईआईटी में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर रहे थे।

अभय सिंह चाहते तो अपने आईआईटी के नाम का इस्तेमाल एक सफल व्यवसाय शुरू करने और बाबा बनने के लिए कर सकते थे। हमने बहुत से आध्यात्मिक गुरुओं को देखा होगा जो खुद को मार्केट करने के लिए आईआईटी,आईआईएम टैग का इस्तेमाल करते हैं। इंटरव्यू के दौरान,अभय सिंह ने पहले रिपोर्टर को यह भी नहीं बताया कि वह एक आईआईटीयन हैं। अपनी शैक्षिक पृष्ठभूमि के बारे में रिपोर्टर के सवाल के जवाब में अभय सिंह ने जवाब दिया, हाँ, मैं आईआईटी बॉम्बे से हूँ। अभय सिंह ने सच की तलाश करके वाकई मिसाल कायम की है। आप उनके इंस्टाग्राम पर जाकर देख सकते हैं कि वह कितने ज्ञानी हैं। प्रशंसा वास्तव में उस व्यक्ति की है जिसने सबकुछ त्याग दिया है और आध्यात्मिक मार्ग पर चल रहा है। उसने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। जो शून्य हैं वही शिव से मिल सकते हैं‘उनके दो उद्धरणों में से एक है जिसे हमेशा याद रखूँगा- कहाँ जाओगे चलते चलते? यहीं आओगे।

# आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा क्षेत्र में भारत की मजबूती

लेखक

पंकज जयस्वाल



हमारा राष्ट्र पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन जैसे दुश्मनों से घिरा हुआ है, जो सीमाओं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संचालन के विभिन्न तरीकों का उपयोग करके हमारे महान राष्ट्र को कमजोर करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न राज्यों में उग्रवादी नक्सलियों को विकसित कर रहे हैं, विभिन्न राज्यों में अशांति पैदा करने के लिए बौद्धिक शहरी नक्सलियों को भी विकसित कर रहे हैं। हम पहले से जानते हैं कि यदि कोई देश सैन्य रूप से कमजोर है और उसके पास मजबूत हथियार, आयुध और गोला-बारूद की कमी है तो अन्य देश स्थिति का लाभ उठाएँगे, जैसा कि हमने 2014 से पहले देखा है। मोदी शासन के पिछले दस वर्षों में स्थिति बदल गई है। आईए देखें कि हमारी रक्षा स्थिति सैन्य और वित्तीय दोनों रूप से कैसे बदल गई।

रक्षा में आत्मनिर्भरता के प्रति भारत का समर्पण एक प्रमुख हथियार आयातक से स्वदेशी निर्माण के उभरते केंद्र में इसके परिवर्तन से प्रदर्शित होता है। वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा मंत्रालय ने रणनीतिक सरकारी नीतियों द्वारा संचालित घरेलू रक्षा उत्पादन में रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ की वृद्धि दर्ज की। पहले अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहने वाला भारत अब अपनी सुरक्षा मांगों को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर विनिर्माण को प्राथमिकता देता है, जो राष्ट्रीय लचीलापन सुधारने और बाहरी स्रोतों पर निर्भरता कम करने की उसकी महत्वाकांक्षा की पुष्टि करता है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन को जाता है। डीपीएसयू, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और निजी कंपनियों के आंकड़ों के अनुसार, रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46,429 करोड़ रुपये से 174% बढ़कर 1,27,265 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। ऐतिहासिक रूप से, भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर दूसरे देशों पर निर्भर रहा है, जिसमें लगभग 65-70% रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। हालाँकि, माहौल काफी बदल गया है, अब 65% से अधिक रक्षा उपकरण भारत में बनाए जाते हैं। यह परिवर्तन इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और इसके रक्षा औद्योगिक आधार की ताकत को उजागर करता है, जिसमें 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयाँ (DPSU), 430 से अधिक लाइसेंस प्राप्त कंपनियाँ और लगभग 16,000 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) शामिल हैं।

उल्लेखनीय रूप से इस उत्पादन का 21% निजी क्षेत्र से आता है, जो भारत के आत्मनिर्भरता के मार्ग को बढ़ावा देता है। धनुष आर्टिलरी गन सिस्टम, एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस), मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस, पनडुब्बियां, फ्रिगेट, कोरवेट और हाल ही में कमीशन किए गए आईएनएस विक्रांत जैसे प्रमुख रक्षा प्लेटफॉर्म मेक इन इंडिया पहल के हिस्से के रूप में विकसित किए गए हैं, जो भारत की बढ़ती रक्षा क्षेत्र की क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं। वार्षिक रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ से अधिक हो गया है और चालू वित्त वर्ष में 1.75 लाख करोड़ को पार करने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य 2029 तक रक्षा उत्पादन को बढ़ाकर 3 लाख करोड़ करना है, जिससे वह खुद को दुनिया भर में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सके। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में 686 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ हो गया है, यह उपलब्धि सरकार द्वारा किए गए प्रभावी नीतिगत सुधारों, पहलों और व्यापार करने में आसानी में सुधार का परिणाम है, जिसका लक्ष्य रक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करना है।

पिछले वित्त वर्ष की तुलना में रक्षा निर्यात में 32.5% की वृद्धि हुई, जो 15,920 करोड़ थी। भारत के निर्यात पोर्टफोलियो में उन्नत रक्षात्मक उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जैसे बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट, डोर्नियर (Do-228) विमान, चेतक हेलीकॉप्टर, त्वरित इंटरसेप्टर नौकाएं और हल्के टॉरपीडो। एक उल्लेखनीय विशेषता रूसी सेना के उपकरणों में 'मेड इन बिहार' बूटों को शामिल करना है, जो वैश्विक रक्षा बाजार में भारतीय उत्पादों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर का प्रतिनिधित्व करता है, साथ ही देश के मजबूत विनिर्माण मानकों को भी प्रदर्शित करता है।

भारत वर्तमान में 100 से अधिक देशों को निर्यात करता है, जिसमें 2023-24 में रक्षा निर्यात के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया पहले से तीसरे स्थान पर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात को 50,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाना है l प्रमुख सरकारी पहल हाल के वर्षों में, भारत सरकार ने देश की रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी परियोजनाएँ शुरू की हैं। इन नीतियों का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, घरेलू विनिर्माण में सुधार करना और खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमाओं को उदार बनाने से लेकर स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने तक, ये कदम भारत के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

निम्नलिखित बिंदु उन महत्वपूर्ण सरकारी प्रयासों का सारांश देते हैं जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदारीकृत FDI नीतिः 2020 में, रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा को नए रक्षा औद्योगिक लाइसेंस चाहने वाली कंपनियों के लिए स्वचालित मार्ग के माध्यम से 74% तक बढ़ा दिया गया था और आधुनिक तकनीकों तक पहुँच की उम्मीद करने वालों के लिए सरकारी मार्ग के माध्यम से 100% तक बढ़ा दिया गया था। 9 फरवरी, 2024 तक, रक्षा फर्मों ने 5,077 करोड़ का एफडीआई घोषित किया है। रक्षा मंत्रालय का 2024-25 के लिए बजट आवंटन 6,21,940.85 करोड़ है, जो कि मौजूदा बजट सत्र के दौरान संसद में पेश की गई अनुदान मांग का हिस्सा है।

घरेलू खरीद को प्राथमिकताः रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी)-2020 घरेलू स्रोतों से पूंजीगत उत्पादों की खरीद पर जोर देती है।

## राशिफल

**मेष** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**वृष** — नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे।

**मिथुन** — सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क** — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**सिंह** — यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या** — शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**तुला** — खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी।

**वृश्चिक** — समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु** — कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कुंभ** — सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**मीन** — शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

# दलितों को लुभाने के लिए कांग्रेस का नया अभियान: जय बापू, जय भीम

लेखक

अजय कुमार
(लेखक, उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

कांग्रेस का यह कदम बसपा की राजनीति से प्रेरित नजर आता है। जिस तरह से बसपा ने नीला झंडा, हाथी का निशान और ‘जय भीम’ के नारों से अपनी पहचान बनाई थी, उसी राह पर अब कांग्रेस भी चलती दिख रही है। कांग्रेस नेता, जिनमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हैं, नीला अंगवस्त्र धारण कर मंच साझा कर रहे हैं और डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीरें मंच की शोभा बढ़ा रही हैं। जय भीम का नारा, जो कभी बसपा की पहचान हुआ करता था, अब कांग्रेस की सभाओं में गूंज रहा है।

कांग्रेस इन दिनों अपनी खोई हुई सियासी जमीन को दोबारा पाने के लिए जी-जान से जुटी हुई है। वर्षों से सत्ता के केंद्र में रही यह पार्टी, अब देश के हर हिस्से में अपने लिए जगह बनाने की कोशिश कर रही है। इसी क्रम में कांग्रेस ने ‘जय बापू, जय भीम और जय संविधान’ नामक अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान देशभर में कांग्रेस के लिए एक नई ऊर्जा का माध्यम बन रहा है, जिसका उद्देश्य दलित समाज के बीच अपनी पुरानी पहचान को फिर से स्थापित करना है। इस अभियान का आगाज दिल्ली के सीलमपुर से हुआ, फिर कर्नाटक के बेलगाम में इसकी गूंज सुनाई दी और अब अगला पड़ाव डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू है, जहां 28 जनवरी को एक विशाल जनसभा होने वाली है।

इस अभियान के जरिए कांग्रेस ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं कि वह दलित समाज के दिल और दिमाग में एक बार फिर जगह बनाना चाहती है। आजादी के शुरुआती वर्षों में कांग्रेस दलितों के लिए सबसे बड़ा सियासी मंच हुआ करती थी, लेकिन अस्सी के दशक में बसपा के उदय के बाद यह समीकरण पूरी तरह बदल गया। उत्तर भारत के कई राज्यों में दलित वोट कांग्रेस से खिसककर बसपा की झोली में चले गए। वहीं, पिछले कुछ दशकों में बीजेपी ने भी दलितों के एक बड़े हिस्से को अपने साथ जोड़ने में सफलता हासिल की। 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने आरक्षण और संविधान जैसे मुद्दों के जरिए दलित समाज के बीच नई उम्मीदें जगाई थीं, और अब वह इस विश्वास को और मजबूत करने के लिए मैदान में उतर आई है।



कांग्रेस का यह कदम बसपा की राजनीति से प्रेरित नजर आता है। जिस तरह से बसपा ने नीला झंडा, हाथी का निशान और ‘जय भीम’ के नारों से अपनी पहचान बनाई थी, उसी राह पर अब कांग्रेस भी चलती दिख रही है। कांग्रेस नेता, जिनमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हैं, नीला अंगवस्त्र धारण कर मंच साझा कर रहे हैं और डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीरें मंच की शोभा बढ़ा रही हैं। जय भीम का नारा, जो कभी बसपा की पहचान हुआ करता था, अब कांग्रेस की सभाओं में गूंज रहा है।

डॉ. आंबेडकर की राजनीतिक और सामाजिक विरासत आज केवल दलितों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत की राजनीति का केंद्र बन चुकी है। दलित समाज के लिए आंबेडकर एक प्रेरणा हैं, एक मसीहा हैं, और कांग्रेस इसे भलीभांति समझती है। यही वजह है कि आंबेडकर के नाम को लेकर कांग्रेस ने एक ठोस रणनीति बनाई है। बीजेपी नेता अमित शाह द्वारा आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाकर बीजेपी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने इस मामले को लेकर न केवल बीजेपी पर निशाना साधा, बल्कि दलित समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की।

कांग्रेस का यह अभियान केवल एक राजनीतिक योजना नहीं है, बल्कि एक विचारधारा को फिर से जीवित करने की कोशिश है। यह अभियान उन दलितों तक पहुंचने का प्रयास है, जो मायावती के नेतृत्व में बसपा से निराश होकर अब सपा या बीजेपी के साथ जुड़ गए हैं। कांग्रेस का मानना है कि बसपा की कमजोर होती पकड़ के बाद दलित वोटर्स स्थायी रूप से किसी एक पार्टी से नहीं जुड़े हैं। ऐसे में कांग्रेस के पास मौका है कि वह अपने पुराने कोर वोट बैंक को वापस हासिल कर सके।

2024 के लोकसभा चुनावों ने कांग्रेस के इस विश्वास को और मजबूत किया है। इन चुनावों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने दलित बहुल क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। बीजेपी, जिसने 2014 और 2019 में दलित वोटों पर बड़ा कब्जा जमाया था, इस बार कमजोर पड़ी। सीएसडीएस के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में बीजेपी को केवल 31% दलित वोट मिले, जो 2019 के मुकाबले 3% कम थे। वहीं, कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने दलित वोटों में बड़ा हिस्सा पाया। इन चुनावों में दलित बहुल 156 लोकसभा सीटों में से 93 सीटें विपक्षी गठबंधन के खाते में गईं।

देश में दलित समाज की जनसंख्या का महत्व किसी से छिपा नहीं है। 2011 की जनगणना के अनुसार, दलितों की आबादी 17% है, जो 20 करोड़ से ज्यादा है। 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं, लेकिन दलितों का सियासी प्रभाव 150 से अधिक सीटों पर देखा जाता है। ऐसे में दलित वोट किसी भी पार्टी के लिए सत्ता तक पहुंचने की कुंजी हो सकते हैं।

कांग्रेस के लिए यह समय निर्णायक है। दलित समाज के बीच अपनी खोई हुई जगह को पाने के लिए उसने पूरी ताकत झोंक दी है। इस अभियान के तहत न केवल बड़ी रैलियां और जनसभाएं आयोजित की जा रही हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। 28 जनवरी को महू में होने वाला कार्यक्रम इस अभियान का अहम हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे।

यह साफ है कि कांग्रेस दलितों को लुभाने के लिए पूरी तरह से बसपा की शैली को अपना रही है। इसके तहत पार्टी ने डॉ. आंबेडकर को अपने एजेंडे का केंद्र बनाया है और उनके नाम पर दलित समाज से संवाद स्थापित करने का प्रयास कर रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस का यह प्रयास कितना सफल होता है। लेकिन एक बात तय है, देश के बदलते सियासी परिदृश्य में दलित समाज के लिए कांग्रेस की यह कवायद एक नई सियासी दिशा तय कर सकती है।





# प्याज एवं लहसुन फसल में कीटों से सुरक्षा

**आस्था शर्मा, पिंकी शर्मा, डॉ. दीपक गुप्ता**
श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविधालय, जोबनेर-जयपुर (राज.)

प्याज एवं लहसुन भारत में उगाई जाने वाली महत्वपूर्ण फसलें है। इनकों सलाद के रूप में, सब्जी में, आचार या चटनी बनाते समय प्रयोग में लाते हैं। प्याज एवं लहसुन की खेती रबी मौसम में की जाती है लेकिन इनको खरीफ(वर्षा ऋतु) में भी उगाया जाता है। प्याज एवं लहसुन की फसल में विभिन प्रकार के रोग एवं कीट लगते हैं जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। अच्छी गुणवत्ता वाली उच्च विपणन योग्य कन्द उपज पाने के लिए उचित तरीकों से कीट और रोग प्रबंधन करना बहुत आवष्यर्क है। इसके अलावा, निम्नलिखित बातें ध्यान में रखनी चाहिए।

1 कीटनाशक का छिड़काव रोपाई से 30 दिनों बाद या जैसे ही कीट रोग प्रकट हो, आरंभ कर देना चाहिए।


2 कीट की तीव्रता के आधार पर 10-15 दिनों के अंतराल पर छिड़काव किया जाना चाहिए।

3 हमेशा छिड़काव करते समय चिपकने वाले पदार्थ (स्टीकर) ड़ाले।

4 एक ही वर्ग के कीटनाशकों का बार बार इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

## प्याज व लहसुन के प्रमुख कीट

### चूसक कीट (थ्रिप्स टेबेसाई)






ये प्याज का प्रमुख रुप से हानि पहुंचाने वाला कीट है। इनका आक्रमण तापमान में वृद्धि के साथ तीव्रता से बढ़ता है और मार्च में अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। इनका रंग हल्का पीले से भूरे रंग का तथा छोटे-छोटे गहरे चकत्ते युक्त होता है। इस कीट के निम्फएवं प्रौढ़ दोनों ही अवस्थायें मुलायम पत्तियों का रस चूस कर उन्हें क्षति पहुँचाती है। इस कीट से प्रभावित पत्तियों में जगह जगह पर सफेद धब्बे दिखाई देते हैं। अधिक प्रकोप होने पर पत्तियां सिकुड़ जाती है और पौधों की बढ़वार रुक जाती है तथा प्रभावित पौधों के कंद छोटे रह जाते हैं जिससे उपज मे कमी हो जाती है।

### रोकथाम:

1. सर्वप्रथम रोपाई के पूर्व पौधों की जड़ों को दो घंटे तक कार्बोसल्फान एक मिली प्रति लीटर पानी के घोल से उपचारित करना चाहिए।
2. इन कीटों का संक्रमण दिखाई देने पर नीम द्वारा निर्मित कीटनाशी (जैसे ईकोनीम, निरिन या ग्रेनीम) 3-5 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से आवश्यकतानुसार घोल तैयार कर शाम के समय फसल पर 10-12 दिनों के अंतराल पर 2-3 छिड़काव करें
3. डाईमेथोऐट 30 ई.सी. 650 मि.ली. प्रति 600 ली. पानी के साथ या मेटासिस्टॉक्स 25 ई.सी. 1 ली. प्रति 600 ली. पानी के साथ या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. 30 ई. सी. 5 मि.ली. प्रति 15 ली. पानी के साथ छिड़काव करें। कीटनाशक के सही प्रभाव हेतु चिपकने वाले पदार्थ (स्टिकर) जैसे सेन्डोविट या टीपॉल (2.5 ग्राम प्रति लिटर) का प्रयोग करना चाहिए।

### प्याज की मक्खी: मैगट (हाईलिमिया ऐंटीकुआ)

यह मक्खी प्याज की फसल का प्रमुख हानिकारक कीट है जो अपने मैगट पौधों के भूमि के पास वाले भाग, आधारीय तने में दिए जाते हैं। मैगटों की संख्या 2-4 तक हो सकती है। इनसे भूमि के पास वाले तने का भाग सड़कर नष्ट हो जाने से पूरा पौधा सूख जाता है। कभी-कभी इस कीट द्वारा फसल को भारी मात्रा मे क्षति होती है

### रोकथाम:

1. फसल की रोपाई पूर्व, खेत की तैयारी करते समय नीम की खली/खाद 3-4 क्विं. प्रति एकड़ की दर से जुताई कर भूमि मे मिलाएं।
2. खेत की तैयारी करते समय कीटनाशी क्लोरोपाइरिफॉस 5 प्रतिशत की दर से जुताई करते समय भूमि मे मिलाएं तत्पश्चात फसल की रोपाई करें।
3. खड़ी फसल मे इस कीट (मैगट) का संक्रमण दिखाई देने पर कीटनाशी क्यूनालफॉस 2 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से आवश्यकतानुसार मात्रा में घोल तैयार कर शाम के समय 2-3 छिड़काव करें।



### कटवा

इस कीट की सूंडियाँ या इल्ली जो कि 30-35 मिली मीटर लंबी एवं राख के रंग की होती है, पौधों की जमीन के अंदर वाले भाग को कुतर कर नुकसान पहुंचाती हैं। इससे पौधे पीले पड़ने लगते हैं एवं आसानी से उखड़ जाते हैं।

### रोकथाम:

1. फसल चक्र अपनाना चाहिए।
2. आलू के बाद प्याज की फसल नहीं लगाना चाहिए।
3. रोपाई के पूर्व थीमेट 10 जी 4 कि.ग्रा. एकड़ की दर से खेत में मिलाना चाहिए।

### शीर्ष छेदक (हेलिओथिस आर्मिजेरा)

इस कीट का लार्वा पत्तियों को काटकर फसल को हानि पहुँचाता है। यह कीट प्याज की बीज वाली फसल में ज्यादा क्षति पहुँचाता है।

### रोकथाम:

इनके नियंत्रण हेतु मिथाइल डेमेटोन या साइपरमेथ्रिन 0.5-1.0 मि.ली. दवा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। घोल में 0.1 प्रतिषत ट्राइट्रोन या सैन्डोविट नामक चिपचिपा पदार्थ अवश्य मिलायें।

# जैविक पशुपालन, स्वास्थ्यवर्धक एवं ज्यादा मुनाफे की तकनीक

जैविक पशुपालन से तात्पर्य है कि पशुओ को खिलाये जाने वाला चारा व दाना पुर्ण रूप से जैविक हो तथा पशुओ से प्राप्त उत्पाद संश्लेषित रासायनिक पदार्थ व खादों से पूर्णतरू मुक्त होना चाहिए द्य

जैविक पशुपालन के फायदे, मनुष्य व अन्य प्राणियों को जैविक उत्पादों का उपयोग कर घातक बिमारियों से बचाया जा सकता हैद्य स्थायी कृषि व पशुपालन को बढावा मिलता है द्य यह स्वास्थ्यवर्धक है द्य कम लागत से अधिक मात्रा व गुणवता वाले उत्पाद प्राप्त होना द्य मृदा का स्थायी स्वास्थ्यवर्धन करता है द्य जैविक खाद्य पदार्थो का बाजार मूल्यए सामान्य खाद्य पदार्थो से कई गुना अधिक है जिससे पशुपालक को ज्यादा मुनाफा मिलेगा।

जैविक पशुपालन के लिये क्या करे रू. जैविक पशुधन फार्म का प्रमाणीकरण अधिकृत जैविक प्रमाणीकृत एजेंसी से ही करवाए द्य पशुओ को पूर्णतरू जैविक चारा व दाना खिलाये तथा चारा उत्पादन के लिये प्रमाणित जैविक बीजो का उपयोग करे द्य जैविक पशुधन फार्म मेंए अन्य पशुओ को नही आने दे द्य कीटोव पीडको का नियंत्रण जैविक विधि से करे द्य पशुओ को प्राकृतिक चरागाहो में ही चराये द्य इन पशुओ से प्राप्त उत्पादों को अन्य पशुओ से प्राप्त उत्पादों से अलग रखे तथा इनमे किसी भी प्रकार का रासायनिक संरक्षक व फीड एड़ीटिव नही मिलाये द्यउत्पादों की पैकेजिंग जैविक तरीके से करेए उत्पादों को प्रमाणीकृत एजेंसी से प्रमाणित करवाकर जैविक उत्पाद होने का मार्का लगाकर ही बेचे जिससे ज्यादा लाभ मिल सके द्य बीमार पशुओ के लिये जहा तक संभव हो होम्योपेथिक व आयुर्वेदिक दवाओ का उपयोग करे।



जैविक पशुपालन के लिये क्या नहीं करेरू. मृदा में संश्लेषित रासायनिक पदार्थो जेसे. कीटनाशी व पीडकनाशी आदि तथा रासायनिक खादों का उपयोग नहीं करे द्य पशुओ में जहा तक संभव हो एलोपेथिक दवाओ का उपयोग नही करे द्य जेनेटिकली मॉडिफाइड वैक्सीन व चारा उत्पादन के लिये जेनेटिकली मॉडिफाइड बीजो का उपयोग नही करे।


**डॉ.नरेंद्र चौधरी, डॉ. शशि चौधरी**
पशु विज्ञान केंद्र राजुवास बीकानेर

# मुर्गियों के पेट में पानी भरने की बीमारी का ईलाज

मृत्युदर- 2-25 तेज बढ़ने वाले ब्रायलर नस्ल को अच्छा सन्तुलित आहार चाहिए और आज के परिवेश में सबसे अच्छा सन्तुलित आहार पिलेट फीड है परन्तु जब भी कोई किसान पिलेट फीड पहली बार शुरू करता हैं, तो तेज वजन बढ़ने के साथ-साथ उसे पेट में पानी भरने का भी सामना करना पड़ता है। यहां एक बार और साफ कर दें- लाट में तेज बढ़ने वाले ब्रायलर एसाईटिस से ज्यादा ग्रस्त होते है, विशेष रूप मे नर ब्रायलर, परन्तु जिनकी मृत्यु होती है, वह औरों के मुकाबले छोटे होते हैं। इसका तात्पर्य साफ है, कि यह तेज बढ़ने वाले ही थे, परन्तु पहले किसी समय इनके फेफड़े दिल एवं लीवर पर बुरा प्रभाव पड़ा, जिसके कारण इनके बढ़ने की रफतार धीमी पड़ गई और मरते समय औरों के मुकाबले छोटे रहे।

पेलट मिमक फीड और फीडिंग का मैनेजमेन्ट किस प्रकार करें कि एमाईटिस की समस्या से बचाएं रखा जाए।

लाभ की बात है पिलेट कम समय में अधिक खाया जाता हैं, इसलिए ब्रायलर तेज गति से बढ़कर कम समय में तैयार हो जाता हैं और एफ.सी.आर. भी कम आता है, परन्तु इसके लिए शरीर में मेटाबालिक क्रिया भी तेज हो जाती है। इस क्रिया की गति बनाए रखने के लिए ऑक्सीजन हवा एवं पानी की आवश्यकता भी बढ़ जाती हैं। यदि यह आवश्यकता पूरी न हुई तो मोटाबालिक गति बहुत तेज होने के कारण ब्रायलर कोशिश करता है कि अधिक से अधिक रक्त फेफड़ों के जरियें पम्प किया जाए, जिससे दिल के राईट वैन्ट्रीकल पर बहुत अधिक दबाव पड़ता हैं, जो वास्तव में बहुत छोटा होता हैं, परन्तु दबाव के कारण इसका आकार दोगुना हो जाता हैं और कमजोर होकर उल्टा प्रैशर डालता हैं, जिसके कारण लीवर से प्लाजमा रिसाव लीक कर पेट में एकत्रित होता है, जो सफेद या पीला तरल होता हैं और पेट फूलना शुरू हो जाता हैं, जिसे एसाईटिस या वाटर बेली के नाम से जाना जाता हैं। अब



यहां जो बहुत ही महत्वपूर्ण बाते सामने आई है वह है हवा और पानी।

हवा और पानी की बिल्कुल मुफ्त है, उस पर हम कितना ध्यान देते हैं? बढ़िया वजन कम से कम फीड पर बिना किसी बीमारी के हवा एवं पानी का योगदान किसी भी हालात में बढ़िया से बढ़िया फीड से कम नही। बढ़िया फीड अकेले वह फल नही दे सकती, जिसकी हमें अपेक्षा हैं।

**पानी-** पिलेट फीड के कारण पानी की आवश्यकता ज्यादा है, अतः पानी हमें हर समय उपलब्ध हो एवं पानी के बर्तन बढ़कर लगायें जायें।

- पानी स्वच्छ फफूंद एवं कीटाणु रहित हो साथ ही पानी में क्लोराईड और सोडियम की मात्रा अधिक न हो-ठण्डा रहे।
- पानी का तापमान जाड़े में कमरे के तापमान से कम न हो और गर्मी में 220 सैंटीग्रेड से अधिक न हो-ठण्डा रहें।

हवा- हवा से ही पक्षी को आक्सीजन प्राप्त होती हैं एवं इसकी कमी आमतौर से पहले दिन से ही शेड में होती है, विशेष रूप से जाड़े में।

- तापमान बनाये रखने के लिए हम शेड को चारों और से पोलिथीन से कवर कर देते हैं। हवा अन्दर जाये तो किधर से जायें। अन्दर बुखारी जलती है, उसे भी जलने के लिए आक्सीजन चाहिए। जो गलती से थोड़ी खींच लेती हैं।

# जैविक खेती- एक बेहतर खेती का विकल्प

**डॉ. प्रवीण कुमार जागा मृदा वैज्ञानिक/ सहा, प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय, गंजबासौदा**

किसानों को अपनी खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए जैविक खादों के प्रयोग से अभियान को आगे बढ़ाने की शुरूआत करना चाहिए। इसके लिए हमारे किसानों को सबसे पहले अपने घर, आंगन, गली एवं खेत में उपस्थित कचरे को एक जगह इक्ट्ठा करें। इनमे से कांच, पत्थर और प्लास्टिक को निकालकर अलग कर ले। आमतौर पर गांव के कचरे में सूखे पत्ते डंठल टहनियां मिट्टी आदि शामिल होती हैं। यह कचरा नाडेप कंपोस्ट बनाने की प्राथमिक सामग्री हैं। इसमें अनुपात अनुसार गोबर मिट्टी और पानी डालकर नाडेप कंपोस्ट बना सकते हैं। मात्र एक गाय के वार्षिक गोबर से 80 से 100 टन अर्थात लगभग 150 बैलगाड़ी खाद प्राप्त किया जा सकता हैं। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के कृषक श्री नारायण पांडरी पांडे यानि नाडेप काका ने इस विधि को खोजा था। इसलिए इसे नाडेप कंपोस्ट नाम दिया गया हे। इस विध से तैयार खाद में नत्रजन 0.05 से 1.5 प्रतिशत स्फुर 0.5 से 0.9 प्रतिशत तथा पोटाश 1.2 से 1.4 प्रतिशत पाया जाता हैं। नाडेप की प्राकृतिक पद्धति पूर्णत्या अप्रदूषणकारी एंव जैविक है। इसमें गांव के कूड़े-कचरे का कल्याणकारी उपयोग होगा, साथ ही गांव स्वच्छ हर कर स्वास्थ्यवर्धक होगा तथा पोषक अन्न प्राप्त होगा। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढेगी और रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं पर निर्भरता भी कम होकर उनके दुष्परिणामों से भी बचा जा सकेगा। इस तरह से आप प्राकृतिक खाद का निर्माण कर सकते हैं और अपनी खेती को लाभ का धंधा भी बना सकते हैं।

**नाडेप टांका बनाने की विधि-** योग्य पाया भरकर जमीन के ऊपर ईंट का एक आयताकार टांका बनाया जाता हैं। जिसकी दीवारे 9 इंच चौड़ी होती हैं। टांके के अन्दर का माप लंबाई 12 फीट, चौड़ाई 5 फीट और ऊंचाई 3 फीट होती हैं। ईंटों की जुड़ाई मिट्टी से की जा सकती हैं। सिर्फ आखिरी रद्दा सीमेंट से जोड़िये ताकि टांका गिरने का डर नही रहेगा। टांके का फर्श ईंट पत्थर के टुकड़े डाल कर सीमेंट से पक्का करे। यह टांका हवादार होना आवश्यक है, क्योंकि खाद सामग्री को पकने के लिए कुछ मात्रा में हवा की आवश्यकता होती हैं। इसके लिए टांका बांधते समय चारों दीवारों में छेद रखें जाते हैं। ईंटों के हर दो रद्दों की जुड़ाई के बाद तीसरे रद्दे की जुड़ाई करे। इस प्रकार चारों दीवारों में छेद बनेगे। छेद इस प्रकार रखिए कि पहली लाईन के दो छेदों के मध्य में तीसरी लाईन के छेद आयें। इस प्रकार से तीसरे छटे एवं नौवें रद्दे में छेद बनेगें। छेदों की संख्या बढ़ाने से खाद जल्दी पक जाती हैं। इस टांके को अंदर बाहर दीवारों और फर्श को गोबर मिट्टी से लीप दें। टांका सूखने के बाद ही प्रयोग करें। बरसात व अत्यधिक गर्मी में नाडेप टांके के ऊपर अस्थाई छाया हैं।

## नाडेप बनाने हेतु सामग्री

**वानस्पति व्यर्थ पदार्थ-** कुछ वनस्पति पदार्थ जैसे सूखे पत्ते छिलके डंठल टहनियां जड़े आदि जिसकी मात्रा 1400 से 1500 कि.ग्रा. या 400 घनफूट होना चाहिए, साथ ही इस बात का ध्यान रखना चाहिए, कि इसमें प्लास्टिक कांच एंव पत्थर नही होना चाहिए।

**गोबर-** पशुओं को गोबर जो 90 से 100 कि.ग्रा. या 8 से 10 टोकने गोबर का उपयोग करना चाहिए। गोबर को संयत्र से निकली स्लरी भी उपयोग में लाई जा सकती हैं।

**सूखी छनी मिट्टी-** खेत की या नाले आदि की मिट्टी के पहले उपयोग करना चाहिए। उपयोग के पहले इसमें से प्लास्टिक काचं एवं पत्थर आदि खाद न बनाने वाले पदार्थ निकाल लेना चाहिए। इसकी मात्रा करीब 2750 किलो या 120 टोकने गौमूत्र से सनी मिट्टी बहुत उपयोग होती हैं।

**पानी-** समयानुसार कम या ज्यादा पानी का उपयोग करना चाहिए, किंतु साधसरणतया सूखे वानस्पतिक पदार्थ के वजन बराबर 25 प्रतिशत वाष्पीकरण के लिए 1500 से 2000 लीटर प्रति कंपोस्ट खाद उपयोग में लाना चाहिए। जिसमें गौमूत्र एवं पशुओं का मूत्र भी मिट्टी में मिलाना चाहिए।

**टांका भरने की पद्धति-** सबसे पहले हमारे किसान उपरोक्त बताए अनुसार सामग्री की व्यवस्था लें। तत्पश्चात निम्नानुसार क्रम से टांका को भरे। जिस तरह अचार एक ही दिन या 24 घंटे में डाला जाता हैं। ठीक उसी तरह टांका एक दिन में भरकर सील कर देना चाहिए। अन्यथा खाद बनाने की क्रिया प्रभावित हो सकती हैं। भराई विधि निम्नानुसार क्रम से करें।

**प्रथम उपचार-** जिसके अंतर्गत प्रथम भराई का काम करने से पहले टांके के अंदर की दीवार को अच्छी तरह से पानी छिड़क कर गीला कर लेना चाहिए। अब बात करते है, दूसरी परत की जिसमें गोबर का घोल पहली परत इस प्रकार छिड़के कि पूरी वनस्पति अच्छी तरह भाग जाये। गर्मी के मौसम में पानी का अंश अधिक रखें। यदि आपने गोबर की स्लरी ली हो तो 2.5 गुना या 10 ली. पानी की मात्रा कम रखें। इसके बाद साफ छनी भीगी मिट्टी वनस्पति पर डाले। जिसकी मात्रा कम से कम 50 से 60 किलो या वनस्पति के वजन की 50 प्रतिशत काली मिट्टी समतल बिछा देना चाहिए और उस पर पानी छिड़क देना चाहिए। अब तीसरी परत के लिए साफ सूखी छनी मिट्टी भीगी हुई वनस्पति परत पर वनस्पति के वजन की 50 प्रतिशत यानि 50 से 60 किलो काली मिट्टी समतल बिछा दें। टांके को इस प्रकार तीन परतों को क्रम से टांके के मुंह के ऊपर 1.5 फीट ऊंचाई का झोपड़िनुमा आकार में भरते जाईए। साधारणत्या 11-12 तहों में टांका भर जायेगा। अब भरे टांका को सील कर दें। भरी सामग्री के ऊपर 3 इंच की मिट्टी की तह जमा दें और उसे गोबर के मिश्रण से व्यवस्थित रूप से लीप दें और यदि इस पर दरारे पड़े तो उन्हें लीप दें।



**द्वितीय उपचार-** इसे फिर से वनस्पति कचरे की उपरोक्त विधि से 6-6 इंच की परत से टांके से दो से ढ़ाई फीट ऊपर तक भर दें और टांके गोबर से लीपकर सील कर दें। सामग्री नम बनी रहे उसे सूखने न दे जरूरत के अनुसार इन्ही छेदों में पानी छीटते रहे। 70 से 90 दिन बाद, जब खाद पक गई हो और तापमान सामान्य हो जावे तब टांके में सब्बल से जगह-जगह 15 से 20 छेद करें। अब एक-एक किलो राईजोबियम एजेटोबेक्टर जीवाणु और पी.एस.एम. एक-एक बाल्टी पानी में अलग-अलग घोलकर अलग- अलग छेदों को फिर से बंद कर दें। उचित यह होगा कि जिस फसल में उत्पादित खाद का उपयोग किया जाना है, उसी फसल से संबंधित राईजोबियम कल्चर का उपयोग करें। खाद की गुणवत्ता बढेगी। नत्रजन स्फुर व पोटाश की मात्रा अधिक होगी और अधिक संख्या में जीवाणु भी होगें। 110-120 दिन बाद टांके से निकाले। खाद के ढेर को छांव में रखकर पत्ते से ढेक दें। इस पर पानी का हल्का छिड़काव करें। ऊपरी अधपका 10-15 प्रतिशत कचरा अलग कर उसे नया टांका भरते समय काम में लावे। एक टांके भरते समय काम में लावे। एक टांके से 2.5 से 2.7 टन खाद निकलती है, जो एक हैक्टेयर क्षेत्र के लिए पर्याप्त होगी।

**दक्षता-** नाडेप परिपक्व होने के लिए प्रथम भराई की तारीख से 90 से 120 दिन लगते है। इस पूरे समय में खाद में सार्द्रता बनी रहने के लिए और दरारे बंद करने के लिए गोबर पानी का छिड़काव करते रहना चाहिए। आवश्यक लगे तो छेदों में भी पानी छिड़क कर इस पर दरारे न पड़ने दे। घास उगे तो उसे निकाल दें। नमी कायम रखे यदि कड़ी धूप हो तो उस पर घास फूस की चटाई से छायां कर दें या अस्थाई छप्पर बना दें, जिससे धूप एवं वर्षा से सरंक्षण मिल सके।

**खाद की परिपक्वता-** तीन चार महीने में खाद गहरे भूरे रंग की बन जाती हैं और सब दुर्गन्ध समाप्त होकर एक अच्छी खुशबु आती हैं। खाद सूखना नही चाहिए। इसमें 15 से 20 प्रतिशत नमी रहना ही चाहिए। इस खाद को एक फीट से 35 तार वाली छलनी से आड़ी रखकर छान लेना चाहिए। छना हुआ नाडेप कंपोस्ट खाद उपयोग में लाना चाहिए और छलनी के ऊपर का अर्द्धपक्व कच्चा माल फिर से खाद बनाते समय वनस्पति पदार्थ के साथ उपयोग में लाना चाहिए। छना खाद प्रति एकड़ 20 से 25 घन फीट बोकर दिया जा सकता हैं।

**खाद के उपयोग की पद्धति-** यदि आपके पास प्रति एकड़ वर्ष 3 से 5 टन खाद बोनी के 15 दिवस पूर्व खेत में फैला कर बखर चला देना चाहिए। यदि पहले ही वर्ष रासायनिक खाद नही देना हो तो नाडेप कंपोस्ट की मात्रा की तीन गुनी यानी कम से कम 10 से 15 टन नत्रजन 50 से 70 टन स्फुर और 130 किलो पोटाश और 9700 किलो सूक्ष्म अन्नद्रयुक्त पोषण मिल सकता है, क्योंकि कोई खाद पहले वर्ष में 33 प्रतिशत दूसरे वर्ष में 45 प्रतिशत और शेष 22 प्रतिशत तीसरे, चौथे वर्ष में पूरा उपलब्ध नही हो सकता हैं।

**अमृत पानी-** देशी गाय के 10 किलो ग्राम ताजे गोबर की देशी गाय के दूध से बना नोनीया घी 250 ग्राम अच्छी तरह फेटे, इसके बाद इसमें 500 ग्राम शहद मिलाकर फेटे। इस मिश्रण में से करीब आधा किलो मिश्रण लेकर बड़ के पेड़ के नीचे की आधा कि.ग्रा. मिट्टी अच्छी तरह मिला दें। अब इसकी एक कि.ग्रा मिश्रण को पतला कर बोनी करे। बोवनी के बाद अमृत पानी का छिड़काव करें।

**विधि-** अमृत पानी को या तो बोवनी के पूर्व की सिंचाई के साथ या बोवनी के बाद की प्रथम सिंचाई के साथ करें।

**अमृत संजीवनी-** मोबिल आईल की खाली 200 लीटर वाली ढक्कन कोठी लेवे। जिसमें दो रिंग से तीन समान भाग होते हैं। इस ड्रम में देशी गाय बैल बछियां का ताजा 60 किलो गोबर डाले। जिसमें दो रिंग तक अर्थात 2/3 भाग पर जावेगा। इस गोबर पर तीन कि.ग्रा यूरिया, तीन कि.ग्रा. सिंगल सुपर फास्फेट तथा एक किलो ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश कुल 7 कि.ग्रा. रासायनिक उर्वरक तथा दो किलो मूंगफली की खली डाले। अब इस टंकी में पानी भर दें। मात्र ऊपर के किनारे से तीन इंच खाली रखें। संपूर्ण मिश्रण को लकड़ी से अच्छी तरह चला दें और ढक्कन बंद करके 48 घंटे यानि दो दिन रखे। तत्पश्चात फसल में दें।

**उपयोग विधि-** प्रति कतार एक लीटर अमृत संजीवनी का मिश्रण देना चाहिए। मिश्रण को हाथ से मिलाकर महीन कर लेना चाहिए। पहले छिड़काव के 7 दिन बाद बदलाव दिखने लगेगा।

**मटका खाद-** 15 कि.ग्रा. ताजा गोबर, देशी गाय का 15 लीटर ताजा गोमूत्र तथा 15 लीटर पानी मिट्टी के घड़े में घोल लेवे। इसमें 250 ग्राम गुड़ भी मिला देवे। इस घोल को मिट्टी के बर्तन में ऊपर से कपड़ा या टाट मिट्टी से पैक कर देवें। 4-5 दिन बाद इस घोल में 200 लीटर पानी मिलाकर एक एकड़ खेत में समान रूप से छिड़क देवें। यह छिड़काव बोनी के 15 दिन बाद करें। पुनः सात दिन बाद दोहरावें। सामान्यतया फसल में 3-4 बार और लंबी अवधि की फसल जैसे गन्ना, केला, हल्दी में 8 बार छिड़के।

**बायों गैस स्लरी-** बायो गैस संयत्र में गोबर की पाचन क्रिया के बाद 25 प्रतिशत ठोस पदार्थ का रूपान्तर गैस के रूप में होता हैं और 75 प्रतिशत ठोस पदार्थ का रूपांतर खाद के रूप में होता है। 2 घन मीटर के गैस सयंत्र में जिसमें करीब 50 कि.ग्रा. गोबर राज या 18.25 टन गोबर एक वर्ष में डाला जाता हैं। उस गोबर से 80 प्रतिशत नमी युक्त करीब 10 टन बायों गैस स्लरी का खाद प्राप्त होता हैं। यह खेती के लिए अति उत्तम खाद है। इसमें 1.5-2.0 प्रतिशत नत्रजन स्फुर 1.0 प्रतिशत तक होता हैं। इसके अलावा सूक्ष्म पोषक तत्व एवं ह्यूमस भी पाया जाता हैं।

**उपयोग विधि-** यह खाद असिंचित खेती में करीब 5 टन व सिंचित खेती हेतु 10 टन प्रति हैक्टेयर के मान में डाला जाता हैं।

**जीवाणु खाद-** रासायनिक खेती के दीर्घकालीन परिणामों को देखते हुए कृषकों को वापिस जैविक खेती की ओर लौटना होगा। अगर देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाना है तो जैविक खेती में यू तो कई घटक है, लेकिन केंचुआ और उसके उत्पादों को प्रथम श्रेणी में रखा गया हैं। इसलिए टिकाऊ खेती के लिए खेती में केंचुओं की संख्या बढ़ाने के प्रयास करने की आवश्यकता हैं। केंचुआ न केवल खाद, मल आदि देता है, बल्कि यह आय का अच्छा स्त्रोत बन सकता हैं।

**निर्माण एंव उपयोग विधि-** केंचुआ खाद के उत्पादन की विधि एवं सरंचना पर वर्मी कंपोस्ट बनाने के लिए छायादार स्थान और मुख्य सामग्री के रूप में घास पत्तियां गोबर सब्जियों के छिलके आदि अपघटनशील पदार्थो का चुनाव करते है। फिर भी केंचुओं के अधिक एवं अच्छे उत्पादन के लिए कई विधियां अपनाई जाती हैं। पहली विधि है- टांका विधि

**टांका विधि-** जिसके अंतर्गत जमीन के ऊपर इंटों को टांका बनाया जाता हैं। टांके के तल में 1 इंच मोटी तब बिछाकर नम कर लें एवं कार्बनिक पदार्थ की 3 से 4 इंच की तह बिछाकर 2 से 3 इंच पकी गोबर की खाद डाले। तत्पश्चात 2000 केंचुए या 100 से 150 केंचुए/ वर्ग फुट के हिसाब से फैला दें एवं घास फूस से ढक दें तथा प्रतिदिन के हिसाब से पानी देते रहे। जबकि दूसरी विधि है-गड्ढा विधि।

**गड्ढा विधि-** इस विधि के अंतर्गत जमीन पर गड्ढा खोदकर इसके तल को पक्का करके पहली विधि के अनुसार ही मिट्टी, सामग्री तथा केंचुए डालकर टाट से ढक दें और पानी देते रहें।

## देशभर में कोचिंग सेंटर फिटजी की ब्रांचें बंद, अभिभावकों ने किया हंगामा... फीस वापसी की मांग

नई दिल्ली । पिछले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई जगहों पर कोचिंग सेंटर फिटजी की कई ब्रांच बंद हुई हैं। ब्रांच के अचानक बंद होने से सैकड़ों अभिभावकों में गुस्सा है, जिन्होंने फीस वापसी की मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोचिंग सेंटर की कई शाखा बंद हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे का कारण ये है कि संस्थान वित्तीय संकट और लाइसेंसिंग और अग्नि सुरक्षा नियमों के उल्लंघन में फंसी है। उस पर प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। बता दें कि फिटजी के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और भोपाल जैसे शहरों में ब्रांच बंद हुए हैं, जहां के अभिभावकों ने कई पुलिस शिकायतें दर्ज कराई हैं। वहीं, आईआईटी-दिल्ली के पास कालू सराय में कोचिंग संस्थान के नामी दक्षिण दिल्ली शाखा को टीचर्स के पलायन के कारण कुछ कक्षाएं निलंबित करने पर मजबूर होना पड़ा है। इन टीचर्स को कथित तौर पर कई महीनों से वेतन नहीं मिला था। वहीं फिटजी के एक शिक्षक ने बताया कि अधिकांश संकाय सदस्य इसलिए छोड़ रहे हैं क्योंकि उन्हें कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। गाजियाबाद के जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने हाल ही में अपंजीकृत संस्थानों के खिलाफ उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियमन अधिनियम 2002 के तहत शुरू किए नए अभियान का जिक्र किया था। जबकि सोशल मीडिया पर संस्थान की अब बंद हो चुकी शाखाओं और पुलिस थानों के बाहर अभिभावकों के विरोध प्रदर्शन के वीडियो की बाढ़ आ गई है। कंपनी के शीर्ष प्रबंधन और अवैतनिक संकाय सदस्यों द्वारा जारी किए गए कई वीडियो भी सामने आए हैं। ऐसा लगता है कि यह संकट 22, 23 और 24 जनवरी को जेईई मेंस के सत्र-1 में बैठने वाले छात्रों के लिए शैक्षणिक सत्र की समाप्ति के ठीक बाद शुरू हुआ है।

## ओडिशा में जनवरी में मार्च जैसी गर्मी का एहसास, तापमान 52 साल के शीर्ष 33.2 डिग्री पर पहुंचा

भुवनेश्वर । ओडिशा को जनवरी के महीने में ही भयानक गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। कोरापुट में तापमान 52 साल के शीर्ष 33.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिक इसकी वजह एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम को मना रहे हैं। साथ ही आगे तापमान में और ज्यादा इजाफा होने की भविष्यवाणी की है। ओडिशा इस जनवरी में असामान्य रूप से उच्च तापमान से जूझ रहा है, जिसमें सबसे प्रमुख कोरापुट जिला है। जहां पारा 33.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिक उमाशंकर दास के अनुसार यह पिछले 52 वर्षों में दर्ज किया गया सबसे अधिक जनवरी का तापमान है। जानकारों के अनुसार ओडिशा में आमतौर पर मार्च से पहले ठंड का अनुभव होता है परंतु इस साल लोगों ने मार्च से बहुत पहले पंखों का उपयोग करना शुरू कर दिया है। ओडिशा और बंगाल की खाड़ी के तटीय क्षेत्र वर्तमान में एक एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम से प्रभावित हैं, जो क्षेत्र में नम हवाएं ला रहा है। इसकारण तापमान बढ़ रहा है। आने वाली गर्म दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के कारण ये जलवायु परिस्थितियां और बिगड़ जाती हैं, जो प्रचलित गर्मी में और योगदान देती हैं। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि होगी, जो ओडिशा के निवासियों के लिए और अधिक परेशानी का संकेत है।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

इंफाल । मणिपुर के थौबल और इंफाल पश्चिम जिलों में अलग-अलग अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठनों के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि थौबल के उनिंगखोंग से प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। सक्रिय सदस्यों के पास से पिस्तौल, गोला-बारूद, नकदी और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक अन्य अभियान में इंफाल पश्चिम के लांगोल टाइप-थ्री से प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सांसद औवेसी का आरोप, 'मोदी और केजरीवाल भाई जैसे, एक सिक्के के दो पहलू

नई दिल्ली । एआईएमआईएम अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रमुख और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच ज्यादा अंतर नहीं है और वे एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। ओखला निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी शिफा-उर-रहमान के लिए प्रचार करते हुए उन्होंने कहा, ''मोदी और केजरीवाल भाई जैसे हैं, एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों आरएसएस की विचारधारा से निकले हैं, एक संघ की शाखा से और दूसरा इसकी संस्थाओं से। ओवैसी ने शाहीन बाग में पैदल मार्च भी किया और जनता से पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न पतंग का बटन दबाने का आग्रह किया।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

कुलगाम । 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, जिसके चलते संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों को तैनात किया है। कुलगाम में सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके चलते वाहनों और लोगों की जांच की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। यह सुरक्षा इसलिए बढ़ाई गई है ताकि गणतंत्र दिवस के मौके पर कोई अप्रिय घटना न हो सके। इन उपायों का उद्देश्य इलाके में शांति बनाए रखना और गणतंत्र दिवस के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है कि वे सुरक्षा बलों की तैयारियों में उनका साथ दें ताकि सभी सुरक्षित रहें।

# मिल्कीपुर से योगी ने दिया नया नारा, ...ना जातिवाद, ना परिवारवाद, इस बार सिर्फ मोहर लगेगी राष्ट्रवाद



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या के मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव पर सभी की निगाहें टिकी हैं। बीजेपी और समाजवादी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। शुक्रवार को बीजेपी के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी और उनके प्रत्याशी पर निशाना साधकर एक नया नारा दिया...ना जातिवाद, ना परिवारवाद, इस बार सिर्फ मोहर लगेगी राष्ट्रवाद।

वहीं, दूसरी ओर नाबालिग बच्ची से रेप के आरोपी सपा नेता मोईद खान के मुद्दे पर भी सीएम योगी ने सपा को जमकर घेराबंदी की। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार के समय जितना बड़ा माफिया होता था, उस उतना बड़ा ओहदा मिल जाता था। यही सपा सरकार की पहचान थी। सीएम की इस रैली के बाद बीजेपी के कार्यकर्ता से लेकर बड़े पदाधिकारी तक उत्साहित हैं। उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव में जीत का दावा किया है।

बता दें कि सीएम योगी ने रैली से मिल्कीपुर में जातिगत समीकरण को जहां साधने की कोशिश की, वहीं दूसरी ओर पार्टी के स्थानीय नेताओं के विरोध को भी खत्म किया। मंच पर जहां एक तरफ मिल्कीपुर से पूर्व विधायक और इस बार टिकट के प्रबल दावेदार बाबा गोरखनाथ नजर आए। वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण वोट बैंक का चेहरा कहे जाने वाले पूर्व विधायक खब्बू तिवारी भी दिखाई दिए। ब्राह्मणों की नाराजगी पर बीजेपी के पूर्व विधायक तिवारी ने कहा कि कोई नाराजगी नहीं है। बीजेपी सिर्फ विकास की राजनीति करती है। योगी जी की रैली के बाद मिल्कीपुर बीजेपी की जीत निश्चित है।

सीएम योगी ने कहा कि एक ओर महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं वहीं, दूसरी आई सपाई महाकुंभ के बारे में दुष्प्रचार कर जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ये वहीं सपा है जिसने अपनी सरकार में सरयू के जल को रामभक्तों के खून से लाल कर दिया था। ये परिवारवादी लोग जातिवाद के नाम पर समाज को तोड़ने का काम करते हैं। बीजेपी में परिवारवाद नहीं विकासवाद और राष्ट्रवाद है। इस बीच यूपी सरकार के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि शुकवार की यह रैली मिल्कीपुर की जीत को सुनिश्चित करती है। आज की उमड़ी इस जनसभा ने तय कर दिया इस कैसे इस बार जीत का बड़ा मार्जिन होने जा रहा है। जनता 2024 में जो भूल कर चुकी है वह दोहराने वाली नहीं है।

## उत्तरकाशी में 40 मिनट के भीतर तीन भूकंप के झटके, लोगों में दहशत

उत्तरकाशी । उत्तराखंड की देवभूमि उत्तरकाशी में शुक्रवार सुबह धरती तीन बार हिली, जिससे पहाड़ों में खौफ का माहौल बन गया। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी के अनुसार, 40 मिनट के भीतर तीन भूकंप के झटके महसूस किए गए। पहले झटके का समय सुबह 7 बजकर 42 मिनट था, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.7 मापी गई। इसके बाद सुबह 8 बजकर 19 मिनट पर दो और झटके आए, जिनकी तीव्रता 3.5 थी। भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी के भटवाड़ी प्रखंड में बताया जा रहा है। यह झटके जमीन के 5 किलोमीटर अंदर थे, जिससे उत्तरकाशी और आसपास के इलाकों में तेज कंपन महसूस हुआ। हालाँकि, भूकंप के कारण किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। भूकंप के बाद लोग दहशत के कारण घरों से बाहर निकल आए और काफी देर तक खुले में बैठे रहे। वरुणावत पर्वत के भूस्खलन जोन से मलबा और पत्थर गिरने की भी खबर है। आपदा प्रबंधन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने सभी तहसीलों से जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। उत्तरकाशी भूकंप के लिहाज से अतिसंवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। यह इलाका भूकंप जोन ढ्ढ्ढ और ढ्ढ में आता है, जहां भूकंप की संभावना अधिक रहती है। आपदा कंट्रोल रूम को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा गया है, और क्षेत्र में लगातार नजर रखी जा रही है। आपदा प्रबंधन विभाग ने क्षेत्र के लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि किसी अप्रिय स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। विशेषज्ञों ने भी लोगों को भूकंप के बाद झटकों (आफ्टरशॉक्स) को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है।

## महाराष्ट्र को मिलेगा तीसरा उपमुख्यमंत्री, संजय राउत के बयान से सियासी हलचल



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचाते हुए शिवसेना (उद्धव बाला साहब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने बड़ा दावा किया है कि राज्य में जल्द ही तीसरा उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया जाएगा। उनके अनुसार, यह नया डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना का कोई नेता होगा। संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र में अब दो नहीं, बल्कि तीन उपमुख्यमंत्री होंगे। नया डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना से चुना जाएगा। इस बयान के बाद राज्य की राजनीति में अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एकनाथ शिंदे गुट पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई के डर से नेता भाजपा के साथ खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा, यह सरकार दबाव और डर की राजनीति के जरिए चल रही है, लेकिन इसका सच जल्द सामने आएगा।

**- तीसरे डिप्टी सीएम को लेकर अटकलें तेज**

महाराष्ट्र में फिलहाल एकनाथ शिंदे और अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद पर हैं। तीसरे उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति के दावे ने राजनीति में नए समीकरण बनने की संभावनाओं को हवा दे दी है। शिवसेना के शिंदे गुट से किस नेता को यह पद मिलेगा, इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुटों के बीच खींचतान जारी है। राउत के इस बयान को राजनीतिक दबाव और शिंदे गुट की स्थिति को लेकर भाजपा की रणनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

संजय राउत के इस दावे ने महाराष्ट्र की राजनीतिक फिजा में हलचल मचा दी है। विपक्ष और सत्ताधारी गठबंधन के बीच बयानबाजी तेज होने की संभावना है। अब सबकी नजरें इस बात पर हैं कि राज्य सरकार और भाजपा इस दावे पर क्या प्रतिक्रिया देती हैं।

# लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का हिस्सा नहीं, शोर स्वास्थ्य के लिए खतरा

### -बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा-नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई

**-एनटीए और सरकार ने अब तक आरोपियों को पहचानने के लिए क्या कदम उठाए**

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर कहा कि लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। साथ ही, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे ध्वनि प्रदूषण के मानदंडों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस एससी चांडक की पीठ ने कहा कि शोर-शराबा स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि अगर उसे लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी गई तो उसके अधिकार किसी भी तरह प्रभावित होंगे।

होईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया कि वह धार्मिक संस्थाओं को ध्वनि स्तर को नियंत्रित करने के लिए तंत्र अपनाने का निर्देश दें, जिसमें डेसिबल सीमा तय करने की ध्वनि प्रणालियां भी शामिल हों। होईकोर्ट ने यह फैसला कुर्ला उपनगर के 2 आवास संघों की ओर से दायर याचिका पर दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि क्षेत्र की मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।



याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि धार्मिक उद्देश्यों के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाला शांति को भंग करता है। ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के साथ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों का उल्लंघन है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मुंबई एक महानगर है और जाहिर है कि शहर के हर हिस्से में कई धर्मों के लोग रहते हैं। होईकोर्ट ने कहा कि यह जनहित में है कि ऐसी इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। ऐसी अनुमति देने से इनकार करने पर अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता है। लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है।

होईकोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार और अन्य प्राधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वह कानून के प्रावधानों के तहत निर्धारित सभी आवश्यक उपाय अपनाकर कानून को लागू करें। कोर्ट ने कहा कि एक लोकतांत्रिक राज्य में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि कोई व्यक्ति/समूह/संगठन कहे कि वह देश के कानून का पालन नहीं करेगा और कानून लागू करने वाले अधिकारी मूकदर्शक बने रहेंगे। कोर्ट ने कहा कि पुलिस को ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि ऐसे शिकायतकर्ताओं को निशाना बनाए जाने, दुर्भावना और घृणा से बचाया जा सके।

हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे सभी थानों को निर्देश जारी करें कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के खिलाफ कोई भी शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई हो। पीठ ने कहा कि हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेते हैं कि आम तौर पर लोग तब तक किसी चीज के बारे में शिकायत नहीं करते जब तक कि वह असहनीय और परेशानी का कारण न बन जाए। कोर्ट ने आवासीय क्षेत्रों में परिवेशी ध्वनि का स्तर दिन में 55 डेसिबल और रात में 45 डेसिबल से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

## महाकुंभ में लगी आग की खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठन केजेडएफ ने ली जिम्मेदारी, कहा-यह सिर्फ एक चेतावनी थी

प्रयागराज । यूपी के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में बीते 19 जनवरी को लगी आग की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) ने ली है। जिसके बाद अब यूपी एटीएस और एनआईए अलर्ट हो गई है। अब ये एजेंसियां अग्निकांड में आतंकी कनेक्शन तलाश रही हैं। आतंकवादी संगठन केजेडएफ ने ईमेल के जरिए बताया कि यह हादसा पीलीभीत में हुए एनकाउंटर का बदला था। इसके साथ ही, ईमेल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी जिक्र किया गया है। विदित हो कि प्रयागराज महाकुंभ में 19 जनवरी शाम करीब 4 बजे सेक्टर 19 में आग लग गई थी। इस हादसे में 40 कुटिया और छह टेंट जल गए थे। महाकुंभ प्रशासन के मुताबिक गीता प्रेस की रसोई में छोटे सिलेंडर से चाय बनाने के दौरान गैस लीक होने के कारण आग लगी। खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स ने कनाडा और पंजाब के पत्रकारों को ई-मेल भेजा है। इसमें लिखा है, 卐खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स कुंभ मेले के दौरान हुए दोहरे विस्फोट की जिम्मेदारी लेता है। इस कृत्य का मुख्य उद्देश्य किसी को चोट पहुंचाना नहीं था। यह सिर्फ सीएम योगी के लिए एक चेतावनी थी कि हम आपके बहुत करीब हैं। यह ब्लास्ट पीलीभीत फर्जी मुठभेड़ में मारे गए तीन भाइयों की हत्या का बदला लेने के लिए किया है। यह तो बस शुरुआत है।卐 यह मेल फतेह सिंह नाम के युवक ने भेजा है।

## अनंत सिंह और सोनू-मोनू गिरोह विवाद पर बिहार सरकार के मंत्री और विपक्ष आमने-सामने

**पटना (एजेंसी)।** मोकामा के पंचमहला थानांतर्गत नौरंगा जलालपुर गांव में पूर्व विधायक अनंत सिंह और सोनू-मोनू गिरोह के बीच 22 जनवरी को हुई फायरिंग मामले में अनंत सिंह ने सरेंडर किया है। पूर्व विधायक ने बाढ़ अनुमंडल न्यायालय में सरेंडर किया, जिसकी जानकारी लगते ही भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। इसके पहले शुक्रवार सुबह मामले में सोनू-मोनू गैंग के सोनू और अनंत सिंह के एक समर्थक की गिरफ्तारी हुई थी। अनंत सिंह के सरेंडर के बाद अब मामले में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी सहित कई अन्य नेताओं की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। वहीं, बाढ़ कोर्ट में सरेंडर करने के बाद पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि वे कानून का पालन कर रहे हैं।

इस मामले पर डिप्टी सीएम सिन्हा ने कहा कि छोटी-मोटी घटनाओं पर सरकार की निगाहें बनी हुई हैं। क्राइम करने वाला बचेगा नहीं। ईमानदारी के साथ प्रशासन भी लगा हुआ है। सरकार पूरी सजगता के साथ कानून का राज स्थापित कर रही है। वहीं डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन अपना काम कर रहा है।

वहीं इस मामले में विरोधी नेता पप्पू यादव, पूर्णिया सांसद ने कहा कि पटना के पास दानापुर में बालू माफिया 200 गोलियां चलाता है, दूसरी ओर मोकामा में 100 गोलियां चलती हैं। दोनों शूटर मजे से इंटरव्यू दे रहे हैं और कैमरे पर एक-दूसरे को मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रदेश में सरकार नाम की चीज नहीं है। हम सरकार से जानना चाहते हैं कि वे दोनों गोली चलाने वाले में से किसका समर्थन कर रही है और इन शूटरों को इतनी आजादी कैसे है कि वे खुलेआम एक-दूसरे की हत्या कर रहे हैं?...बिहार में अपराधी माफिया के बिना न सत्ता और ही विपक्ष चुनाव जीत सकता है।



वहीं राजद के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने नीतिश सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार में अचेत मुख्यमंत्री होने के कारण अपराध-आदत तथा भ्रष्टाचार-शिष्टाचार में तब्दील हो चुका है। अब रूह कंपकपाने वाली घटनाएं सामान्य हो गई है। कई राउंड गोलियां चलाने वाले दोनों पक्ष केंद्रीय मंत्री के साथ खुलेआम घूमते है। मुख्यमंत्री स्वयं जेल से छुड़ाने के बाद उनके घर जाकर उनका स्वागत और अभिनंदन करते है। लेकिन अब कोई जंगलराज नहीं बोलेगा क्योंकि घटना में सम्मिलित सभी पक्ष सर्वश्रेष्ठ है।

## कर्नाटक में मिला मंकीपॉक्स का मरीज, हालत स्थिर, डॉक्टर रख रहे पैनी नजर

### -स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से की अपील, घबराएं नहीं अपना रखें ध्यान

**मंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मंगलुरु में मंकीपॉक्स का पहला केस दर्ज किया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि उडुपी जिले के करकला तालुक में रहने वाले 40 वर्षीय मरीज की हालत स्थिर है उसे कोई गंभीर परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि 17 जनवरी को दुबई से आए इस मरीज को जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वह घबराएं नहीं।

एक बयान में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रधान सचिव और एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के निदेशक अंसार अहमद ने लोगों को आश्वस्त किया कि यह बीमारी ज्यादातर मामलों में हल्की और सीमित है। उन्होंने कहा कि लोगों को घबराना नहीं




चाहिए, क्योंकि यह बीमारी मुख्य रूप से निकट या घनिष्ठ संपर्क से फैलती है और यह कोविड-19 जितनी संक्रामक भी नहीं है। इसके लक्षणों में आमतौर पर त्वचा पर चकत्ते, बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और ठंड लगना शामिल हैं।

अधिकारियों ने उच्च जोखिम वाले देशों की यात्रा करने वाले लोगों या पुष्टि वालों मामलों के निकट संपर्क में रहने वाले लोगों को इनमें से किसी भी तरह का लक्षण पाए जाने पर चिकित्सा सलाह लेने की सलाह दी है। मंकीपॉक्स का उपचार बुखार और शरीर के दर्द जैसे लक्षणों को कम करने पर केंद्रित है, साथ ही संक्रमित घावों से होने वाले द्वितीयक संक्रमणों के लिए एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल किया जाता है। पर्याप्त हाइड्रेशन, पोषण और विश्राम सुनिश्चित करना भी अहम है।

वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए केंद्र सरकार की ओर से अनिवार्य परीक्षण आवश्यकताएं या सलाह नहीं दी गई है। स्वास्थ्य अधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं और लोगों को आश्वस्त कर रहे हैं कि मामले को प्रबंधित करने के लिए जरुरी उपाय करें।

# साल 2069 में होने वाले महाकुंभ का दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से भविष्य के महाकुंभ की एक दिलचस्प झलक सामने आई है। साल 2069 में होने वाले महाकुंभ का दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसे देखकर हर किसी के रोंगटे खड़े हो गए हैं। महाकुंभ के आयोजन को लेकर सरकार ने हर संभव प्रयास किए हैं, जिसमें टेंट, टॉयलेट्स, पीने का पानी और अन्य सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। बावजूद इसके, श्रद्धालु कुछ समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इन समस्याओं के बीच, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने एक अनोखी झलक पेश की, जिसमें दिखाया गया है कि 2069 के महाकुंभ में लोग किस प्रकार की तकनीकी परिवर्तनों का सामना करेंगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और चित्रों में इस भविष्य के महाकुंभ की कल्पना की गई है, जहां पारंपरिक साधू-बाबाओं की जगह रोबोटिक साधू नजर आएंगे। ये साधू अपनी हथेली से आरती की लौ जला सकेंगे। वहीं, आसमान में ग्रह-नक्षत्रों के संगम का दृश्य भी श्रद्धालुओं के लिए अलौकिक होगा। यह वीडियो न सिर्फ तकनीकी दृष्टिकोण से, बल्कि धार्मिक दृष्टिकोण से भी अनोखा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से यह वीडियो दिखाता है कि महाकुंभ का आयोजन भविष्य में कैसे पूरी तरह से टेक्नोलॉजी से सुसज्जित होगा।

लोग इस दृश्य को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए हैं और इसे लाखों बार देखा जा चुका है। इसमें दिखाया गया है कि अगले 144 वर्षों में तकनीक कितनी विकसित हो जाएगी, जिससे महाकुंभ का अनुभव एक नई और अद्भुत दिशा में परिवर्तित हो जाएगा। इस महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए लोग अपनी अगली पीढ़ी को खुशकिस्मत मान रहे हैं, क्योंकि यह तकनीकी परिवर्तन न सिर्फ धार्मिक अनुभव को प्रभावित करेगा, बल्कि इसे एक नए आयाम पर भी ले जाएगा। वर्तमान में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत हो चुकी है, भविष्य में यह तकनीक बेहद एडवांस हो जाएगी।

# स्मार्टफोन निर्यात में भारत दूसरे स्थान पर, पीएलआई स्कीम का असर

## - चार साल पहले 14वें स्थान पर था



**नई दिल्ली ।**

प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के अद्भुत प्रभाव के बाद भारत ने स्मार्टफोन निर्यात में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। केंद्रीय रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अब स्मार्टफोन देश के निर्यात के मामले में दूसरे स्थान पर है। यह चार साल पहले 14वें स्थान पर था, जो स्कीम के फलस्वरूप हुआ है। वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसकी सराहना की और कहा कि पीएलआई स्कीम ने भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता में इजाफा किया है। इसके साथ ही, इस स्कीम से सम्बंधित इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। देश में इकोसिस्टम की तेजी से विकास की ओर कदम बढ़ रहा है और यह सेक्टर विश्वस्तरीय उत्पादों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है। स्मार्टफोन के साथ-साथ भारत के टॉप-5 निर्यातों में मोटर वाहन डीजल ईंधन, विमानन ईंधन, हीरे और मोटर गैसोलीन शामिल हैं। सरकार ने पीएलआई स्कीम के तहत कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 1,600 करोड़ रुपये का इंसेंटिव प्रदान किया है, जिसमें से बड़े स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कर रही कंपनियों को 964 करोड़ रुपये मिले हैं। देश के इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में वृद्धि के बाद आशा है कि सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स के शुरू होने से और भी उत्साह भरी गति से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में तेजी आएगी।

# पेट्रोल-डीजल बिहार सहित कई राज्यों में हुआ सस्ता

**नई दिल्ली ।**

सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें जारी कर दी हैं। शुक्रवार को कई राज्यों में तेल के दाम नीचे दिख रहे। इसकी वजह ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट है। ब्रेंट क्रूड का भाव एक बार फिर 80 डॉलर से नीचे जाता दिख रहा है, जिसका असर घरेलू बाजार में खुदरा कीमतों पर भी दिखा. हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में आज पेट्रोल 18 पैसे सस्ता होकर 94.99 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 18 पैसे गिरा और 87.84 रुपये लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में भी पेट्रोल 35 पैसे सस्ता होकर 105.23 रुपये लीटर तो डीजल 33 पैसे गिरकर 02.09 रुपये लीटर बिक रहा है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेट्रोल 19 पैसे चढ़कर 104.91 रुपये लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 17 पैसे महंगा होकर 90.21 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 78.29 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी उछाल के साथ 74.27 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इन शहरों में बदल गए रेट- गुरुग्राम में पेट्रोल 94.99 रुपये और डीजल 87.84 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.23 रुपये और डीजल 92.09 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

जयपुर में पेट्रोल 104.91 रुपये और डीजल 90.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# ओला और उबर को सीसीपीए ने जारी किया नोटिस


## एक ही जगह के लिए एंड्रायड और आईओएस पर अलग-अलग किराया दिखाने का मामला



**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने ओला और उबर जैसी कैब एग्रीगेटर कंपनियों के लिए एंड्रायड और आईओएस प्लेटफ़ार्म पर अलग-अलग किराया दिखाने पर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने नोटिस जारी किया। ग्राहकों के मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर मूल्य निर्धारण करने को लेकर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। प्राधिकरण ने इस प्रैक्टिस को स्पष्ट रूप से अलग-अलग मूल्य निर्धारण के रूप में वर्णित किया है और उद्यमों से संभावित भेदभाव को हटाने की गुहार दी है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इस निर्देश के माध्यम से सभी स्थितियों में उपयुक्त और सरल समाधान की दिशा में कदम उठाने की आशा व्यक्त की है। केंद्र सरकार ने कैब एग्रिग्रेटर ओला और उबर से एंड्रायड और आईओएस पर एक ही जगह के लिए अलग-अलग किराया दिखाए जाने को लेकर नोटिस जारी किया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सवारी बुक करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल डिवाइस के आधार पर कथित रूप से अलग-अलग मूल्य निर्धारण की रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण मांगा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की ओर से यह कार्रवाई उन रिपोर्टों के बाद की गई है, जिनमें कहा गया था कि ओला और उबर एक ही जगह के लिए अलग-अलग किराया वसूलते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि यूजर आईफोन से बुक कर रहा है या एंड्रॉइड डिवाइस से बुकिंग कर रहा है। सीसीपीए ने दोनों कंपनियों से अपने मूल्य निर्धारण के तरीकों को स्पष्ट करने और संभावित भेदभाव की चिंताओं को दूर करने के लिए कहा है।

# ट्राई के आदेश का असर, जिओ ने वॉयस और एसएमएस वाले प्रीपेड प्लान को उतारा



**नई दिल्ली ।**

एयरटेल की ओर से हाल ही में सस्ते प्लान लाए गए थे। अब इसी क्रम में जियो ने कदम आगे बढ़ाया है। जिओ ने वॉयस और एसएमएस वाले प्रीपेड प्लान को मार्केट में उतारा है। ट्राई की तरफ से टेलीकॉम कंपनियों को इसतरह प्लान लाने के लिए कहा गया था। ट्राई ने कहा था कि यूजर्स को स्पेशल टेरिफ वाउचर लाने चाहिए। इसतरह के प्लान में यूजर्स को वॉयस और एसएमएस बेनिफिट्स मिलने चाहिए।

जिओ ने 458 का प्लान लाया है। ये एंट्री लेवल प्लान है, इसमें यूजर्स को अनलिमिटेड वॉयस कॉल्स और 1 हजार एसएमएस की सुविधा दी जा रही है। इस प्लान की वैलिडिटी 84 दिनों की मिलती है। साथ में यूजर्स को सब्सक्रिप्शन बेनिफिट्स भी मिलते हैं। यानी यूजर्स अगर ये प्लान खरीदते हैं, तब साथ में उन्हें जियो टीवी, जियो सिनेमा और जियो क्लाउड मिलने वाला है। पहले ये प्लान 479 का आता था और इसमें वॉयस और एसएमएस के साथ 6जीबी डेटा दिया जाता था। अब प्लान को अपडेट करने के बाद 21 रुपए सस्ता कर दिया गया है, लेकिन इसमें डेटा बेनिफिट्स को भी हटाया गया है।

जिओ की तरफ से 1958 का प्लान भी लाया गया है। इसकी वैलिडिटी 365 दिनों की मिलती है। यूजर्स को प्लान में अनलिमिटेड वॉयस कॉल्स और 3,600 एसएमएस भी दिए जाते हैं। इसके साथ आपकों जियो एप का सब्सक्रिप्शन भी दिया जाएगा। इसमें जियो टीवी, जियो सिनेमा और जियो क्लाउड को भी शामिल किया गया है। वैल्यू ऑफरिंग के तहत ये प्लान जियो ने वेबसाइट पर लिस्ट किया है। इससे पहले जियो की तरफ से ये प्लान 1899 की कीमत में था। इसकी वैलिडिटी 336 दिनों की मिलती है। प्लान में अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग, 3600 एसएमएस, 6जीबी डेटा दिया जाता है। प्लान अपडेट करने के बाद जियो ने कीमत को 59 रुपए महंगा कर दिया है, लेकिन इसमें डेटा को हटाकर वैलिडिटी को 29 दिनों के लिए बढ़ा दिया है।

# होम सिक्योरिटी सॉल्यूशन में 53 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने उन्नत तकनीक को प्राथमिकता दी

## - वर्ष 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक ट्रैवल मार्केट बनने की संभावना

**नईदिल्ली ।**

जब राष्ट्रीय पर्यटन दिवस नजदीक आ रहा है, तो गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय ने एक हैप्पीनेस सर्वे आयोजित किया जिसमें प्राप्त हुए नतीजे दिखा रहे हैं कि 53 फीसदी ग्राहक आधुनिक होम सिक्योरिटी सॉल्यूशन में उन्नत तकनीक को प्राथमिकता दे रही हैं। यह सर्वे दर्शाता है कि सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और अभिनव उपायों की मांग तेजी से बढ़ रही है। पर्यटन के अमूल्य योगदान की बात करते हुए, राष्ट्रीय पर्यटन दिवस ने भी दर्शाया है कि भारत का पर्यटन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और वर्ष 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक ट्रैवल मार्केट बनने की संभावना है। केवल 2024 में ही इस क्षेत्र ने विदेशी मुद्रा में 25,010 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व उत्पन्न किया है। इस उन्नति के साथ, यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी बढ़ रही हैं। एक अलग सर्वे में पाया गया है कि 50 फीसदी गृहस्वामी उपयोग में आसानी को प्राथमिकता देते हैं, जबकि 44 फीसदी घर के मालिक मानते हैं कि विश्वसनीयता ही सबसे महत्वपूर्ण है। इससे स्पष्ट है कि लोग सुरक्षा में उन्नति की मांग कर रहे हैं और समाधानों की खोज में हैं जो उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने में मदद करें। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए गोदरेज एंटरप्राइज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि सुरक्षा समाधानों की उच्च मांग ने उन्हें ग्राहकों के लिए उत्कृष्ट समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने गोदरेज की प्रतिबद्धता और योजना की महत्वपूर्णता को भी जाहिर किया कि लोगों को सुरक्षित रखने में मदद करना हमारी प्राथमिकता है।

# 2025 की शुरुआत में मिड और स्मॉलकैप स्टॉक्स का बुरा हाल

**नई दिल्ली ।**

2025 की पहली तिमाही ने मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स के लिए कमर कस ली है। इन इंडेक्स ने अब तक बेंचमार्क निफ्टी 50 से कमजोर प्रदर्शन किया है। मिडकैप 150 इंडेक्स ने 2025 में करीब 7 फीसदी की गिरावट दर्ज की है, जबकि स्मॉलकैप 250 इंडेक्स करीब 9 फीसदी गिर चुका है। निफ्टी 50 इंडेक्स भी इसी अवधि में लगभग 2 फीसदी कमजोर हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में दो अहम ट्रेंड्स नजर आ रहे हैं। पहला ट्रेंड है संस्थागत गतिविधियां, जहां फरेन इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स बिकवाली कर रहे हैं और डोमेस्टिक इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स खरीदारी कर रहे हैं। दूसरा ट्रेंड है क्वालिटी की ओर रुझान, जहां लार्जकैप स्टॉक्स मजबूत हैं जबकि ब्रॉडर मार्केट कमजोर हो रहा है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हालिया गिरावट ने लंबे समय की तेजी को ठहराया है। एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि इनके वैल्यूएशन महंगे हो चुके हैं और आगे भी सुधार की संभावना कम है। इसके बजाय, लार्जकैप शेयरों पर ध्यान देने की सलाह दी जा रही है।



# क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में फंसी पेटीएम, ईडी की जांच के घेरे में आई

**मुंबई ।** डिजिटल भुगतान की दिग्गज कंपनी पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस` क्रिप्टाकरेंसी घोटाला मामले में ईडी की जांच के घेरे में आ गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के दायरे में आने की खबर के बाद पेटीएम का स्टॉक भारी गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पेटीएम उन आठ पेमेंट गेटवे कंपनियों में शामिल है, जिनके खिलाफ ईडी ने जांच शुरू की है। इन कंपनियों के वर्चुअल अकाउंट्स में करीब 500 करोड़ रुपए की राशि को ईडी ने फ्रीज कर दिया है। यह कार्रवाई चीनी नागरिकों द्वारा चलाए जा रहे कथित क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में इन कंपनियों की संभावित संलिप्तता के चलते की गई है। आरोप है कि चीन के इन नागरिकों ने एचपीजेड टोकन ऐप के जरिए 20 राज्यों में हजारों लोगों को झांसे में लेकर 2200 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जुटाई। ईडी ने इस घोटाले में पेटीएम समेत अन्य कंपनियों की भूमिका की जांच शुरू की है। इस खबर के बाद पेटीएम का स्टॉक शुक्रवार को 849.95 रुपए पर खुलने के बाद लगभग 9 फीसदी गिरकर 773.05 रुपए के निचले स्तर पर पहुंच गया।

# जीएसटी टैक्सः छोटे आय वाले मिस्त्री को 1.96 करोड़ का टैक्स नोटिस

## - सुनील के नाम पर 11 कंपनियां हो रही हैं संचालित

**अहमदाबाद ।**




गुजरात के पाटन जिले से जीएसटी से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अहमदाबाद में मिस्त्री का काम करने वाले सुनील सथवारा को बेंगलुरु जीएसटी विभाग से 1.96 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस मिला। महज 16-17 हजार रुपये की मासिक आय से परिवार चलाने वाले सुनील के लिए यह नोटिस किसी बड़े सदमे से कम नहीं था। जांच में यह खुलासा हुआ कि सुनील के नाम पर 11 कंपनियां संचालित हो रही हैं, जो देश के अलग-अलग राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और अंडमान निकोबार में पंजीकृत हैं। यह भी पाया गया कि इन कंपनियों के पंजीकरण के लिए सुनील के नकली आधार और पैन कार्ड का उपयोग किया गया था। टैक्स नोटिस मिलने के बाद सुनील ने वकील से संपर्क किया और दस्तावेजों की जांच कराई। फर्जी दस्तावेजों के उपयोग का पता चलने पर उन्होंने गृह विभाग और क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई। सुनील का कहना है कि उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर यह रैकेट संचालित किया गया है। मामले की जांच गांधीनगर सीआईडी क्राइम के हवाले की गई है। जांच के बाद यह स्पष्ट होगा कि यह रैकेट किसने चलाया, असली आरोपी कौन है और उसका मकसद क्या था। यह घटना आधार और पैन कार्ड से जुड़ी सुरक्षा खामियों और फर्जीवाड़े को उजागर करती है। संबंधित विभागों से अपील की जा रही है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आयी है। इसके साथ ही देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही परिणामों को लेकर चिंता की वजह से भी दोनों प्रमुख इंडेक्स लगातार नीचे आये हैं। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे दिग्गज कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली ने भी बाजार टूटा है।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसक्स सेंसेक्स 329.92 अंक करीब 0.43 फीसदी की गिरावट के साथ ही 76,190.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी आज उतार-चढ़ाव के बाद अंत में 113.15 अंक तकरीबन 0.49 फीसदी नीचे आकर 23,092 पर बंद हुआ।

जानकारों के अनुसार आज बाजार में गिरावट का कारण विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी रहने से आया है। इसके अलावा। विदेशी निवेशकों ने घरेलू बाजारों से 5,462 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं। जिससे भी बाजार नीचे आया है।

इसके साथ ही देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणामों के उम्मीद से कम रहने की वजह से बाजार सेंटीमेंट प्रभावित हुआ है। इसकी वजह से दोनों प्रमुख इंडेक्स लगातार तीसरी बार गिरावट पर बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे हैवीवेट शेयरों में मुनाफावसूली से भी बाजार फिसला है।

वहीं गत दिवस बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ खुले। एशिया बाजार शुक्रवार सुबह तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं, जो वॉल स्ट्रीट की मजबूती का असर है। कामकाज शुरू होने पर बीएसई का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.14 अंक उछलकर 76,553.52 अंक पर खुला। वहीं निफ्टी ने भी 7.80 अंक बढ़कर 23,213.15 अंक पर अपने कारोबार की शुरुआत की। वहीं एशिया बाजार में शुक्रवार को तेजी देखने को मिल रही है। अमेरिकी बाजारों में एसएंडपी 500 ने 0.53 फीसदी की बढ़त के साथ 6,118.71 पर बंद होकर लगातार दूसरे सत्र में ऑल-टाइम हाई बनाया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.92 फीसदी बढ़कर 44,565.07 पर पहुंच गया, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.22 फीसदी बढ़कर 20,053.68 पर बंद हुआ।

# कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिले 2,038 करोड़ के ठेके

**नई दिल्ली ।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने अपनी अंतरराष्ट्रीय अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर 2,038 करोड़ रुपये के नए ठेके हासिल करने की शुक्रवार को जानकारी दी। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार नए ठेके भारत और विदेशी बाजारों में पारेषण एवं वितरण कारोबार के साथ-साथ भारत में निर्माण परियोजनाओं में हैं। केपीआईएल के एक अे धिकारी ने कहा कि इन नए ठेकों के साथ हमारे ठेके वार्षिक आधार पर 19,361 करोड़ रुपये तक पहुंच गए है, जो व्यापार दृश्यता में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। केपीआईएल सबसे बड़ी विशेषीकृत ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण) कंपनियों में से एक है। यह वर्तमान में 30 से अधिक देशों में परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। वैश्विक स्तर पर 75 देशों में इसकी उपस्थिति है।

# अरविंद स्मार्टस्पेसेज ने टाउनशिप बनाने के लिए किया संयुक्त विकास समझौता

## - 92 एकड़ की टाउनशिप विकसित करेगा, 1,500 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य

Arvind SMARTSPACES

**नई दिल्ली ।** भूमि विकास के क्षेत्र में अपनी अद्वितीय पहचान बनाने वाली अरविंद स्मार्टस्पेसेज लिमिटेड ने शुक्रवार को 92 एकड़ में टाउनशिप बनाने के लिए संयुक्त विकास समझौता किया है। इस गृहप्रशासन निर्माण परियोजना से उन्हें 1,500 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल होने की उम्मीद है। अरविंद स्मार्टस्पेसेज के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस महत्वपूर्ण समझौते पर विचार किया है। उन्होंने कहा कि हमें मुंबई रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश की इस अद्भुत संभावना के लिए बहुत खुशी है। यह हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अहम समझौते के तहत टाउनशिप के निर्माण के लिए सच डेवलपर्स के साथ साझेदारी की जा रही है। इस ताजी भूमि विकास योजना का कुल अनुमानित क्षेत्रफल 92 एकड़ है और इससे कुल 1,500 करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है। यह सहायक संयुक्त विकास मॉडल के तहत योजनाबद्ध है, जो 70.5 प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी को शामिल करता है। अरविंद स्मार्टस्पेसेज 2008 में स्थापित हुई अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर कंपनी में से एक है, जिसने भारतीय निवेशदाताओं के लिए नए अवसरों का संवाहन किया है।

# अमेजन वेब सर्विसेज भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने महाराष्ट्र में करेगी निवेश




**मुंबई ।**

अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र में 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना की घोषणा की। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र में एडब्ल्यूएस एशिया-प्रशांत (मुंबई) क्षेत्र में क्लाउड बुनियादी ढांचे में 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर याने करीब 72 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना की घोषणा की है। यह निवेश एडब्ल्यूएस के 2030 तक भारत के लिए 12.7 अरब अमेरिकी डॉलर याने 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये के बड़े नियोजित निवेश का हिस्सा है, जिसकी घोषणा मई 2023 में की गई थी। अमेजन की क्लाउड कंप्यूटिंग इकाई ने कहा कि एडब्ल्यूएस ने भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमता का और विस्तार करने के लिए महाराष्ट्र में एडब्ल्यूएस एशिया-प्रशांत (मुंबई) क्षेत्र में क्लाउड के बुनियादी ढांचे में 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की। अनुमान है कि इस निवेश से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 15.3 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान होगा। स्थानीय डेटा सेंटर आपूर्ति श्रृंखला में 2030 तक सालाना 81,300 से अधिक पूर्णकालिक नौकरियां सृजित होंगी। एडब्ल्यूएस ने 2016 से 2019 के बीच महाराष्ट्र में क्लाउड के बुनियादी ढांचे में 3.7 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। महाराष्ट्र सरकार और एडब्ल्यूएस ने निवेश योजना को औपचारिक रूप देने के लिए दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा, 'जैसा कि हम डेटा सेंटर के लिए वैश्विक राजधानी बनने के अपने दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहे हैं। यह सहयोग न केवल हमारे राज्य के प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि नवाचार, आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा।

# पतंजलि की लाल मिर्च फिर शक के दायरे में

## - फूड अथॉरिटी ने पूरा बैच वापस मंगाया




**नई दिल्ली ।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने कहा कि खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने कंपनी को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने को लेकर एक विशेष बैच की पैक की गई लाल मिर्च पाउडर को वापस मंगाने का निर्देश दिया है। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने इस संबंध में 13 जनवरी को एक आदेश जारी किया था। कंपनी ने कहा, खाद्य सुरक्षा नियामक ने पतंजलि फूड्स को निर्देश दिया है कि वह पूरे बैच (बैच नंबर - एजेडी2400012) की पैक की गई लाल मिर्च पाउडर को वापस मंगाए, क्योंकि यह खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम, 2011 का पालन नहीं करता है। 1986 में स्थापित बाबा रामदेव के नेतृत्व वाली पतंजलि आयुर्वेद समूह की कंपनी, पतंजलि फूड्स (पूर्व में रुचि सोया) भारत की शीर्ष एफएमसीजी कंपनियों में से एक है। कंपनी खाद्य तेल, खाद्य और एफएमसीजी और पवन ऊर्जा उत्पादन क्षेत्रों में सक्रिय है। यह पतंजलि, रुचि गोल्ड, न्यूट्रेला आदि ब्रांडों के तहत उत्पाद बेचती है।

# भारतीय टीम दूसरे टी20 में जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले टी20 में अभिषेक शर्मा की शानदार बल्लेबाजी और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी से जीत हासिल की थी। इससे वह पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। अब अभिषेक इस मैच में भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वहीं इस मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अवसर मिलना भी तय माना जा रहा है। शमी पहले मैच में शामिल नहीं किये गये थे। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी हालांकि यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। शमी को अंतिम ग्याहर में जगह मिली तो स्पिनर रवि बिश्नोई को आराम दिया जा सकता है। बिश्नोई ने पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 4 ओवर फेंके थे. इस दौरान 22 रन दिए थे. लेकिन एक भी विकेट नहीं ले पाए थे.

ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी पर चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक सहायता मिलने की संभावना है। ऐसे हालातों में वरुण चक्रवर्ती के अलावा उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को भी अंतिम ग्याहर में जगह मिलन तय माना जा रहा है। दूसरी ओर इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे।

अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी और इस बार भी दोनों एक बार फिर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने के इरादे से उतरेंगे। सैमसन पहले मैच में लंबी पारी नहीं खेल पाए थे पर अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रनों की आक्रामक पारी खेल थी। सैमसन का लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना रहेगा। भारतीय टीम की बल्लेबाजी कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलाव नितीश रेड्डी और तिलक वर्मा पर आधारित रहेगी।



दूसरी ओर इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा कि उनकी टीम को सीरीज में वापसी करने के लिए आक्रामक खेल खेलते हुए भारतीयच टीम पर दबाव बनाये रखना होगा। ब्रूक ने दूसरे टी20 से पहले कहा, 'हम बिलकुल भी दबाव में नहीं हैं। भारत एक बहुत अच्छी टीम है इसलिए हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे और हां, उन्होंने शानदार खेल दिखाया। हमें बस दबाव बनाए रखने की जरूरत है, वही संदेश जो कोच ब्रेंडन मैकुलम) हर समय देते रहे हैं। वहीं कप्तान जोस बटलर ने इससे पहले कहा था कि उनकी टीम को भारतीय हालातों में स्पिनरों का सामना करने के लिए नये तरीके तलाशने होंगे। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद भारतीय टीम पांच मैच की सीरीज में अभी 1-0 से आगे चल रही है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), फिल साल्ट (विकेट कीपर), बेन डकेट, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : नोवाक जोकोविच चोटिल, पहला सेट हारने के बाद सेमीफाइनल से हटे



**मेलबर्न (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए।

जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए।

जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, 'यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहलाा सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता।' जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला।

# रणजी ट्रॉफी : रवींद्र जडेजा का कहर, सौराष्ट्र ने दिल्ली को 10 विकेट से हराया



**राजकोट (एजेंसी)।** रवींद्र जडेजा कुल (12 विकेट) की घतक गेंदबाजी और हार्विक देसाई (93) रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मुकाबले में दूसरे दिन शुक्रवार को दिल्ली को 10 विकेट से हराया। सौराष्ट्र ने कल के पांच विकेट पर 163 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। प्रेरक मांकड़ (19) छठे विकेट के रूप में आज आउट होने वाले सौराष्ट्र के पहले बल्लेबाज थे। इसके बाद समर गज्जर (11), धर्मेंद्रसिंह जडेजा (शून्य), जयदेव उनादकट (छह) और आखिरी विकेट के रूप में अर्पित वसावड़ा (62) रन बनाकर आउट हुए।

सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में 271 रनों का स्कोर बनाते हुए पहली पारी के आधार पर 83 रनों की बढ़त बनाई। दिल्ली के लिए हर्ष त्यागी ने चार विकेट लिए। आयुष बढोनी को तीन विकेट मिले। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली को एक बार फिर रवींद्र जडेजा के कहर का सामना करना पड़ा। सौराष्ट्र के गेंदबाजी आक्रमण के दिल्ली की पूरी टीम 25.2 ओवर में 94 रन पर सिमट गई। दिल्ली के लिए कप्तान आयुष बदोनी सर्वाधिक (44) रनों की पारी खेली। ऋषभ पंत (17) और अर्पित राणा (12) रन बनाकर आउट हुए।

सौराष्ट्र की ओर से रवींद्र जडेजा ने 38 रन देकर 7 विकेट लिए। धर्मेंद्रसिंह जडेजा को दो विकेट मिले। युवराजसिंह डोडिया ने एक बल्लेबाज को आउट किया। सौराष्ट्र को जीत के लिए 11 रनों का लक्ष्य मिला। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 3.1 ओवर में 15 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। दिल्ली ने पहली पारी में 55 रन बनाए थे।

# बुमराह, जडेजा और जायसवाल को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के चार खिलाड़ी भी इस टीम का हिस्सा हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है। टीम में दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन सहित न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

आईसीसी की इस ऑल स्टार टीम में जगह बनाने वाले कमिंस एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्येक टीम तथा प्रत्येक उस बल्लेबाज पर दबदबा बनाया जिसे उन्होंने गेंदबाजी की। वह टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम की औसत से कम से कम 200 विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने और इतिहास में अपना नाम लिखवाया। बुमराह ने 2024 में 14.92 के औसत से 71 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में साल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट चटकाए लेकिन भारत को पांच मैच की श्रृंखला में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। बुमराह ने साल की शानदार शुरुआत करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चार मैच में 19 विकेट चटकाए जिसमें विशाखापत्तम में मैच में नौ विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ स्वदेश में दो मैच में 11 विकेट हासिल किए।



बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर सिर्फ तीन विकेट चटका पाए और भारत को 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। इस तेज गेंदबाज ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। जडेजा ने 2024 में 29.27 के औसत से 527 रन बनाने के अलावा 24.29 के प्रभावी औसत से 48 विकेट भी चटकाए। जायसवाल ने स्वयं को शीर्ष टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में स्थापित किया और 2024 में भारतीय बल्लेबाजों के बीच शानदार प्रदर्शन किया।

दक्षिण अफ्रीका में चुनौतीपूर्ण श्रृंखला के बाद इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 712 रन बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक जड़ते हुए दबदबा बनाया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में चार पारियों में तीन अर्धशतक जड़े। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भारत को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह प्रभावी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जायसवाल ने पर्थ में पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बनाकर भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। वह 391 रन के साथ श्रृंखला में भारत के शीर्ष स्कोरर रहे। जायसाल ने कैलेंडर वर्ष में 54.74 के प्रभावी औसत से कुल 1478 रन बनाए। उनसे अधिक रन सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट (2024 में 55.57 के औसत से 1556 रन) बना पाए। रूट को भी आईसीसी की ऑल स्टार टीम में जगह मिली है।

विलियमसन ने भी 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 59.58 के शानदार औसत से 1013 रन बनाए जिससे वह साल में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में छठे स्थान पर रहे। श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस ने भी 74.92 के बेहद शानदार औसत के साथ 2024 में 1049 रन बनाते हुए टीम में जगह बनाई। कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ श्रृंखला जीती। उन्होंने 2024 में 24.02 के औसत से 37 विकेट चटकाने के अलावा 23.53 के औसत से 306 रन भी बनाए।

**आईसीसी की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ टीमः** पैट कमिंस (कप्तान) (ऑस्ट्रेलिया), यशस्वी जायसवाल (भारत), बेन डकेट (इंग्लैंड), केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), जो रूट (इंग्लैंड), हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), कामिंदु मेंडिस (श्रीलंका), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), रविंद्र जडेजा (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड) और जसप्रीत बुमराह (भारत)।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड गैडेकी-पीयर्स ने जीता मिश्रित युगल खिताब

मेलबर्न। वाइल्ड कार्ड जोड़ी ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिश्रित युगल खिताब जीता। उन्होंने हमवतन किम्बर्ली बिरेल और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर खिताब जीता। ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड ने रॉड लेवर एरिना में रोमांचित प्रशंसकों के सामने एक घंटे और 24 मिनट में हमवतन बिरेल और स्मिथ पर 3-6, 6-4 (10-6) से वापसी की। गैडेकी और पीयर्स को ग्रैंड स्लैम चैंपियन लेस्ली बोरे और बिल बोरे ने ट्रॉफी प्रदान की, और यह जीत पीयर्स के लिए दूसरा ऑस्ट्रेलियाई खिताब है, जिन्होंने 2017 में हेनरी कोंटिनेन के साथ पुरुष युगल खिताब जीता था। 36 वर्षीय पीयर्स, जिन्होंने मैथ्यू एबडेन के साथ पेरिस में ओलंपिक



युगल स्वर्ण जीता था, ने स्टॉर्म सैंडर्स के साथ 2022 यूएस ओपन मिश्रित युगल खिताब और हेनरी कोंटिनेन के साथ 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल खिताब भी जीता। गैडेकी के लिए, मेलबर्न ट्रॉफी किसी प्रमुख टूर्नामेंट में उनकी पहली ट्रॉफी है। 22 वर्षीय गैडेकी और 36 वर्षीय पीयर्स ने 25 विजयी मुकाबलों में जीत हासिल की और 2013 के बाद से पहले ऑल-ऑस्ट्रेलियाई मिश्रित युगल ऑस्ट्रेलियाई चैंपियन बन गए, जब मैट एबडेन और जर्मिला गजदोसोवा ने ताज उठाया था। टूर्नामेंट के आंकड़ों के अनुसार, वे ओपन युग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली चौथी ऑल-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी भी हैं, इससे पहले 2005 में एबडेन और गजदोसोवा, स्कॉट ड्रेपर और सामंथा स्टोसुर और 1992 में मार्क वुडफोर्ड और निकोल प्रोविस ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

# अब ईशान किशन खोलेंगे क्रिकेट एकेडमी



पटना। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाल ईशान किशन भी अब क्रिकेट एकेडमी खोलने जा रहे हैं। ईशान से पहले इरफान और यूसुफ पठान के अलावा आकाशदीप सिंह ने भी अपनी क्रिकेट एकेडमी खोली थी। ईशान के एकेडमी खोलने से बिहार के क्रिकेट प्रेमी युवाओं को लाभ होगा। इससे उन्हें भारतीय टीम में रहे खिलाड़ियों की देखरेख में क्रिकेट सीखने का मौका मिलेगा। ईशान की एकेडमी का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और उम्मीद है कि फरवरी महीने में इसका उद्घाटन कर दिया जाएगा। ईशान ने अपनी एकेडमी का नाम द ईशान किशन एकेडमी रखा है। यह राजधानी पटना के एनर्जी पार्क के पास बन रही है। अनुमान है कि 15 फरवरी से पहले इसका उद्घाटन खुद ईशान करेंगे। फिलहाल एकेडमी में एडमिशन शुरू हो चुके हैं। एकेडमी में चार सीमेंटेड पिच और चार टर्फ एरिया बनाए जा रहे हैं। अभी इनमें कुछ बदलाव हो सकते हैं। इसके अलावा, ऊर्जा स्टेडियम की पिच का उपयोग भी प्रैक्टिस और मैच के लिए किया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैंड को छह रन से हराया

**कैनबरा, (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच एशेज का आयोजन किया जा रहा है। जहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने दो मैच रहते महिला एशेज के खिताब को अपने नाम कर लिया है। पुरुषों और महिलाओं के एशेज में काफी ज्यादा अंतर होता है। जहां पुरुषों के बीच एशेज के लिए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। वहीं महिला एशेज के लिए तीन वनडे, तीन टी20 और एक टेस्ट मैच खेला जाता है। वनडे और टी20 मैच जीतने पर दो अंक और टेस्ट मैच जीतने पर चार अंक मिलते हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने अंकों के आधार पर खिताब अपने नाम कर लिया है।

ऑस्ट्रेलिया ने कैनबरा के मनुका ओवल में दूसरे टी20ढ्ढ में इंग्लैंड को छह रन (ष्ठरुस्) से हराकर महिला एशेज 2025 पर कब्जा कर लिया। एलिसा हीली की कप्तानी में मेजबान टीम ने वनडे सीरीज में इंग्लैंड को धूल चटाते हुए 3-0 से सीरीज जीत ली। ञ्20ढ्ढ में कुछ भी नहीं बदला क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में पहले मैच में आरामदायक जीत हासिल की, उसके बाद सीरीज के दूसरे गेम में भी शानदार जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इस मुकाबले को 6 रन जीता।



दोनों टीमों के बीच खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले के बारे में बात करें तो, इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने टॉस जीता और उन्होंने कीपर-बल्लेबाज बेथ मूनी अच्छी लय में दिखीं, लेकिन 31 वर्षीय खिलाड़ी 31 गेंदों पर 44 रन बनाकर आउट हो गईं। कप्तान ताहलिया मैकग्राथ और ग्रेस हैरिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 71 रनों की शानदार साझेदारी की और ऑस्ट्रेलिया को 185 रन बनाने में मदद की। मैकग्राथ ने 35 गेंदों पर नाबाद 48 रन बनाए जबकि हैरिस ने 17 गेंदों पर 35* रन बनाए। मेहमान टीम ने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की, मैया बाउचियर और डेनी वायट-हॉज ने 46 रन की ओपनिंग साझेदारी की। बाउचियर के जाने के बाद वायट-हॉज ने पारी को संभाला और 40 गेंदों पर 52 रन बनाए। हीथर नाइट इस मुकाबले में काफी शानदार फॉर्म में दिखी। वह 19 गेंदों पर 43 रन बनाकर खेल रही थी। तब ही बारिश ने मैच में खलल डाला और मैच को रोक दिया गया। उस वक्त इंग्लैंड को जीते कि लिए 5 गेंदों पर 16 रनों की जरूरत थी, लेकिन बारिश के कारण मैच फिर से शुरू नहीं हो सका और इंग्लैंड को यह मैच डीएलएस के नियमों के अनुसार 6 रनों से गंवाना पड़ा।

# चिराग-सात्विक, लक्ष्य की हार के साथ भारत का इंडोनेशिया मास्टर्स में अभियान समाप्त

जकार्ता, । चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और लक्ष्य सेन को गुरुवार को दूसरे दौर में मिली हार के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। इस मैच में मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। 50 मिनट तक चले मुकाबले में चिराग-सात्विक को थाईलैंड की जोड़ी ने 22-20, 23-21 से हराया। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में तीन और दूसरे गेम में दो गेम प्वाइंट गंवा दिए। दुनिया के 10वें नंबर के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंटा निशिमोटो के खिलाफ राउंड ऑफ 16 के मैच में एक घंटे और 13 मिनट तक संघर्ष करने के बाद हार कर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 15वें स्थान पर मौजूद केंटा निशिमोटो ने पहला गेम जीता, जबकि लक्ष्य सेन ने दूसरा गेम जीतने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया। लक्ष्य सेन ने एक मैच प्वाइंट बचाकर निर्णायक गेम को टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया, लेकिन केंटा निशिमोटो ने धैर्य बनाए रखते हुए मुकाबले को अपने नाम करने के लिए शानदार वापसी की और मैच को 21-16, 12-21, 23-21 से जीत लिया। लक्ष्य सेन का केंटा निशिमोटो के साथ यह पांचवां मुकाबला था और इस हार के बावजूद, भारतीय शटलर वर्तमान में उनसे हेड-टू-हेड मुकाबले में 3-2 से आगे हैं। राउंड 2 में सेन के बाहर होने के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स में पुरुष और महिला वर्ग में भारत का एकल अभियान भी समाप्त हो गया। तनीषा क्रास्टो-ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी को राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में मलेशिया की हू पैंग रॉन-चेंग सु यिन से हार का सामना करना पड़ा।

# स्वियाटेक को हराकर मैडिसन कीज ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में



मेलबर्न। अमेरिका की मैडिसन कीज ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेका को शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज 29 साल की कीज ने शुरुआती सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 5-7, 6-1, 7-6 (10-8) से जीत दर्ज की। कीज के सामने शनिवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी एरिना सबालेंका की चुनौती होगी। बेलारूस की 26 साल की सबालेंका ने अपनी अच्छी सहेली और 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन बनने की ओर कदम बढ़ाया। स्वियातेक को शिकस्त देने के बाद कीज कोर्ट पर बैठ गई और रैकेट नीचे रख अपने हाथों से सिर को पकड़ लिया। उन्होंने शायदा मैच में शानदार वापसी करने को 'काफी नाटकीय समापन' करार देते हुए कहा कि मैं अब भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि मैंने यह सब कैसे किया। इस 19वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 5 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन को हराने को बड़ी सफलता करार देते हुए कहा कि मुझे ऐसा लगा जैसे मैं इसमें बने रहने के लिए संघर्ष कर रही हूं। यह बहुत ज्यादा उतार-चढाव से भरा मैच था। सबालेंका अगर इस बार भी चैंपियन बनती है तो फिर वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल में मार्टिना हिंगिस के बाद खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन जाएगी। हिंगिस ने 1997 से 1999 तक यह कारनामा किया था। सेरेना विलियम्स भी 2015 से 2017 तक 3 बार इसके फाइनल में पहुंची है लेकिन वह 2 बार चैंपियन बनी थी। फाइनल में जगह बनाने के बाद सबालेंका ने कहा कि मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं। मुझे अपने आप पे गर्व है। मुझे अपनी टीम पर गर्व है कि हम खुद को ऐसी स्थिति में पहुंचाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि अगर मैं खुद को इतिहास (किताबों) का हिस्सा बना पाऊं, तो यह मेरे लिए बहुत मायने रखने वाला होगा।

# राष्ट्रीय रिकॉर्ड दोबारा तोड़ना और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक है प्रवीण का लक्ष्य

**विजयनगर (कर्नाटक) (एजेंसी)।** राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता ट्रिपल जम्प खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल महाद्वीपीय खेलों में एक बार फिर पदक जीतने को लेकर आश्वस्त हैं लेकिन उनका लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे।

तमिलनाडु का यह खिलाड़ी 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। भारत के ही एलधोस पॉल (17.03 मीटर) और अब्दुल्ला अबुबाकर (17.02 मीटर) ने इस स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जबकि वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहते हैं।

यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूफ ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में ट्रेनिंग कर रहे प्रवीण ने विशेष साक्षात्कार में कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, सब कुछ। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक गंवा दिया था। मेरे पास एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक है।'

उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि मैं एशियाई खेल (आइची-नागोया 2026) में पदक जीतूंगा लेकिन मैं राष्ट्रमंडल खेलों (2026 में) में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता।' राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। तेइस साल के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं।' प्रवीण ने कहा, 'मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।'

प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा कि परिवार के कई सदस्यों के खेलों से जुड़े होने और पढ़ाई में काफी अच्छा नहीं होने के कारण उनके लिए खेलों से जुड़ने का फैसला करना अधिक मुश्किल नहीं था। प्रवीण ने कहा, 'मेरा परिवार खेलों में रहा है, मेरे चाचा, मेरे पिताजी कबड्डी खेलते थे। मैं भी पहले कबड्डी खेलता था, फिर मेरे पिता ने कहा कि जब आपके लिए अच्छा हो तो आप व्यक्तिगत खेलों को खेल सकते हैं। टीम खेल ऐसा नहीं है कि हर व्यक्ति हर बार आपके साथ आए इसलिए व्यक्तिगत रूप से आप अपने लिए नाम बना सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'पढ़ाई में मैं काफी अच्छा नहीं था लेकिन खेल मुझे अधिक सहज लगे इसलिए मैंने इनसे जुड़ने का फैसाल किया।' प्रवीण ने कहा कि शुरुआत में सुविधाओं की कमी थी लेकिन



नतीजे हासिल करने के बाद उन्हें सुविधाएं मिलने लगीं। तमिलनाडु के थंजावुर जिले के इस खिलाड़ी ने कहा, 'नहीं, मेरे गांव में हमारे पास कोई सुविधा नहीं थी लेकिन मैं अपने राज्य और जिले में क्षेत्रीय और जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं में जगह बना रहा था। इसके बाद सातवीं कक्षा के दौरान मुझे चेन्नई में हॉस्टल मिला, 10 या 11 साल की उम्र में, फिर मुझे सुविधाएं मिलने लगीं।'

# चैम्पियंस ट्रॉफी : अगले माह ही मिल पायेंगे पीसीबी को स्टेडियम

लाहौर। अगले माह 19 फरवरी से शुरु हो रहे आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबलों के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को स्टेडियम दो सप्ताह पहले ही मिल पायेगे। इसका कारण है कि यहां निर्माण का काम अभी पूरा नहीं हो पाया है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इन दोनों स्टेडियम को पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के मैचों से परखा जाएगा कि ये सही हैं कि नहीं। अभी इस बात को लेकर भी पीबीबी को चिंता है कि क्या यह स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी तक पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे और उनमें जोड़ी गई नई सुविधाओं की जांच परख करने के लिए पर्याप्त समय होगा या नहीं। कराची के नेशनल स्टेडियम के महा प्रबंधक अरशद खान ने कहा कि नवीनीकरण का कार्य जनवरी के आखिर तक पूरा हो जाएगा और पांच फरवरी को इसे पीसीबी को सौंप दिया जाएगा। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम की भी यही स्थिति है। पीसीबी ने इन दोनों स्टेडियम और रावलपिंडी स्टेडियम के नवीनीकरण पर 12 अरब पाकिस्तानी रुपए खर्च किए हैं। कराची के नेशनल स्टेडियम में काफी बदलाव किए गए हैं। इसमें एक पांच मंजिला इमारत तैयार होने के करीब है।

# आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं की हुई समीक्षा

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया वही संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने मुआवजा भुगतान को लेकर अज्ञात व नावल्द मामलों को 31 जनवरी तक न्यायालय भेजने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया।

शबैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, भूमि सुधार उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



## स्टेडियम निर्माण को लेकर बैठक

उपायुक्त कि सक्रियता से जिले को जल्द मिलेगा अत्याधुनिक खेल स्टेडियम।

रामगढ़ : जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर खेल स्टेडियम निर्मित करने को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला खेल पदाधिकारी से मारकस हेमरोम द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई की पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड द्वारा रामगढ़ जिले में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर स्टेडियम निर्मित किए जाने का निर्देश प्राप्त है जिसमें जिला स्तर पर 7 से 8 एकड़ में मल्टीपरपज स्टेडियम, अनुमंडल स्तर पर 1 एकड़ में इनडोर स्टेडियम एवं प्रखंड स्तर पर लगभग 2 .5 एकड़ में आउटडोर व 50 डिसमिल में इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाना है। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारियो एवं अंचल अधिकारियों से स्टेडियम निर्माण के तहत जमीन चिन्हित करने को लेकर अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली गई वहीं जिन प्रखंडों में अब तक जमीन की चिन्हित करने का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है उनमें जल्द से जल्द जमीन चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन जिला खेल कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय पुस्तक मेला, क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान एवं नवाचार 2024-25 के तहत जिला स्तरीय पुस्तक मेला, क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी का गाँधी स्मारक, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, रामगढ़ में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, अनुमण्डल जिला पदाधिकारी खुशबू कुमारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार राज तथा विद्यालय के प्राचार्य डॉ० संतोष कुमार अनल उपस्थित हुए। इस दौरान उपायुक्त ने छात्रों को पुस्तकों का अध्ययन करने पर जोर दिया एवं साथ ही



उन्होंने कहा कि पुस्तक छात्रों का सबसे उपयोगी साथी है। इसी क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने भी पुस्तकों की महत्व एवं विशेषता पर प्रकाश डाला। गाँधी स्मारक जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के परिसर में आयोजित इन तीनों कार्यक्रमों में सभी प्रखण्डों के वर्ग 9-12 एवं वर्ग 6-8 के छात्रों के द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम में श्री गुरूनानक पब्लिक स्कूल, कैथोलिक आश्रम भुरकुण्डा के छात्रों ने भी भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### देशभक्ति गीत और नृत्य के माध्यम से नेताजी को दी गई श्रद्धांजलि

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म जयंती के अवसर पर 23 जनवरी के शाम को बंगाली एसोसिएशन हजारीबाग तथा स्थानीय यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । केशब हाल



मे आयोजित कार्यक्रम की व्यवस्था नेताजी जयंती समिति के देखरेख में की गई।इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सजल मुखर्जी ने नेताजी के जीवन यात्रा और विचार यात्रा पर प्रकाश डालें। उन्होंने नेताजी के हजारीबाग आगमन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा किया।नेताजी जयंती समिति के अध्यक्ष उज्जल आयकत, सचिव सोमनाथ कुनार के साथ डॉ सजल मुखर्जी, शंकर बनर्जी, स्मिता मुखर्जी, रूपा चटर्जी एवं मनोज सेन ने मंगलद्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद नेताजी के चित्र पर नेताजी जयंती समिति के श्री सागरमय सरकार एवं अन्य के द्वारा माल्यार्पण तथा पुष्पार्पण किया गया। डोला गुहा, मधुच्छंदा मुखर्जी, सोनाली भट्टाचार्जी, सोमा सेन, सुपर्णा सरकार एवं प्रीतम चक्रवर्ती ने एक समूह गान प्रस्तुत किया। मोनवीया डांस स्कूल की अंजलि, हर्षिता, अवनी, राशि, आराध्या तथा रुचि ने श्रुति मजूमदार के निर्देशन में एक समूह नृत्य प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया।एकल गायन में मधुच्छंदा मुखर्जी एवं मौमिता गांगुली ने नेताजी के प्रिय दो अलग-अलग देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सबको मोहित कर दिया। पुतुल घोष की कविता पाठ ने सबको भाव विभोर कर दियाइस अवसर पर गार्गी मल्लिक के निर्देशन में नन्हे मुन्ने कलाकारों के द्वारा एक समूह नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसमें अतृति पांजा, आद्रिका दास गोस्वामी, शान सेन, प्रथम गुप्ता, समृद्धि सहाय, समृद्धि गुप्ता, सुभोश्री बनर्जी, राही तथा अधृत मल्लिक की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी।कार्यक्रम का संचालन प्रीतम चक्रवर्ती, स्वागत संबोधन उज्जवल आयकत तथा धन्यवाद ज्ञापन शंकर बनर्जी के द्वारा किया गया। मौके पर अच्छी संख्या में लोग नेताजी को श्रद्धा अर्पित करने पहुंचे।

### स्वामी धर्मबंधु कॉलेज के एलुमनी कमिटी ने किया पौधारोपण

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन, हरहद, मुकुंदगंज, हजारीबाग में पूर्ववर्ती छात्रों के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ.नजीर अंसारी ने कहा कि पूर्ववर्ती छात्रों और महाविद्यालय के वर्तमान छात्रों के बीच पारस्परिक



समन्वय बढ़ाने में यह महत्वपूर्ण एवं सार्थक पहल है। पूर्ववर्ती छात्रों के गतिविधियों से संस्थान के वर्तमान छात्रों को प्रोत्साहन मिलता है ।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.सारिका कुमारी ने कहा कि पेड़ पौधे लगाने से पर्यावरण को संरक्षित रखने में यह कारगर साबित होगा,जिससे पृथ्वी का तापमान संतुलित रहता है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती छात्रों को महाविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों से जुड़े रहना और अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना चाहिए ।पूर्ववर्ती छात्रों के अध्यक्ष बचनदेव कुमार ,उपाध्यक्ष डॉ.अनुरंजन कुमार ,सचिव मेघाली सेन गुप्ता , उप सचिव विनीत कुमार,कोषाध्यक्ष राहत हुसैन अंसारी, उप कोषाध्यक्ष अंजलि नीरज ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। पूर्ववर्ती छात्रों ने सभी सहायक प्राध्यापकों को पौधा भेंट किया , संगीत एवं मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकगण, शिक्षकेतर कर्मी एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### पत्नी के पास अपने पति के अंतिम संस्कार के नहीं थे पैसे, नीरज ने की मदद

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार ने निर्धन परिवार के दिवंगत व्यक्ति का सनातन रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार कराया। दिवंगत अशोक कुमार वर्मा का कल निधन हो गया था। मृतका की पत्नी सीमा देवी आर्थिक संकट में थी। अंतिम संस्कार करवाने के लिए उसके



पास पैसे नहीं थे। सीमा ने मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव को आवेदन देकर अपनी व्यथा को साझा किया। दिवंगत की पत्नी के अनुरोध पर नीरज कुमार ने अंतिम संस्कार की पूरी व्यवस्था करवाई। शुक्रवार को मृतक अशोक कुमार वर्मा का अंतिम संस्कार मुक्तिधाम खिरगांव में कर दिया गया। मुक्तिधाम सेवा संस्थान के संचालक नीरज कुमार और उनकी टीम द्वारा उठाया गया , यह कदम समाज में जागरूकता और सेवा भावना का परिचायक है। इस पुनीत कार्य में रेड क्रॉस के सनत सिन्हा और समाजसेवी आशीत गुप्ता की अहम भूमिका रही।

### नीरज कुमार की तत्परता से अज्ञात शव को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया गया

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** बासंतपुर जंगल, कटकामसांडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे लाइन के पोल संख्या 63/08 और 54/09 के बीच एक अज्ञात पुरुष का शव मंगलवार को पाया गया है। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में चर्चा का माहौल बन गया, और तुरंत इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई। मुक्तिधाम सेवा संस्थान के संचालक नीरज कुमार ने इस घटना पर संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्परता के साथ कार्य किया। उन्होंने शव को पोस्टमार्टम हाउस तक ले जाने का महत्वपूर्ण कार्य पूरा किया। नीरज कुमार और उनकी टीम ने सामाजिक सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# 13 अप्रैल को होगा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव : बसंत

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नए अध्यक्ष का चुनाव 13 अप्रैल को होगा। यह निर्णय प्रांतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने की। संचालन प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा ने किया। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने बैठक में सभी सदस्यों का स्वागत किया। प्रांतीय महामंत्री रविशंकर शर्मा ने संस्था के सत्र 22-24 के विकास, सामाजिक कार्यों संबंधी विभिन्न जानकारी सभा के समक्ष रखी।

उक्त जानकारी देते हुए प्रांतीय प्रवक्ता प्रकाश पटवारी ने बताया कि सत्र 2024-26 हेतु प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय सरावगी को मुख्य चुनाव पदाधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में दिनांक 13 अप्रैल 25 को सत्र 2024-26 के लिए





प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा की गई।

श्री मित्तल ने अपने सम्बोधन में कहा कि मेरे दो साल के कार्यकाल में लगभग 1500 नये आजीवन सदस्य एवं 3 विशिष्ट संरक्षक सदस्य, 3 संरक्षक सदस्य बनाये गये हैं। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अपना स्थाई कार्यालय बनाने का संकल्प लिया गया था। यह संकल्प भी समाज बंधुओं के सहयोग से जल्द पूरा होने जा रहा है। सत्र 2022-24 के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष पद का चुनाव, दस स्थाई समिति की बैठक, 6 प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक ओर सभी प्रमंडलों 6 प्रमंडलीय अधिवेशन भी पूरे कर लिए गए हैं। प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में मंचस्थ पदाधिकारी गणों द्वारा संशोधित संविधान पत्रिका का भी विमोचन किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने बताया कि इस बार प्रांतीय चुनाव सभी 23 जिलों एवं तीनों अनुमंडल मधुपुर अनुमंडल, बेरमो अनुमंडल एवं घाटशिला अनुमंडल में होगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी विनय सरावगी ने अपने संबोधन में सत्र 2022 24 के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल एवं सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सत्र स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा।

बैठक में विभिन्न जिलों से आए अध्यक्षों ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में राष्ट्रगान के बाद सभा समाप्त हुई। डाल्टनगंज के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार तुलस्यान (नीलू जी) के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

## लगातार चोरियों में विराम लगने कि संभावना, पुलिस को 10 बाइक मिले



बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** आरके सिंह, पीवीयूएन कम्पनी के सीओ के द्वारा रामगढ़ पुलिस को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 10 मोटरसाईकिल उपलब्ध कराया गया। अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ ने बताया की पीवीयूएन कम्पनी के द्वारा उपलब्ध कराये गये 10 मोटरसाईकिल को एक क्यू0आर0टी0 के रूप में प्रयोग किया जाएगा। जिससे वैसे स्थान जहाँ पर चारपहिया वाहन नहीं जा सकता है, उन स्थानो पर इस मोटरसाईकिल का प्रयोग अपराध नियंत्रण हेतु किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक, रामगढ़, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), रामगढ़ एवं पीवीयूएन कम्पनी के सी0ओ0, के द्वारा हरी झंडी दिखाकर 10 मोटरसाईकिल को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु रवाना किया गया।

## गणतंत्र दिवस को लेकर सिद्धो कान्हू मैदान में हुआ अंतिम अभ्यास

**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस पर सिद्धो कान्हू मैदान, रामगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को अंतिम अभ्यास किया गया। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया, जिसके बाद उपायुक्त ने झंडा फहराया। अंतिम अभ्यास के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई। मौके पर उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बरही के कई दुकानों में जांच अभियान चलाया



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसीएमओ पदाधिकारी डॉ शशि जायसवाल के निर्देशानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज बरही कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा खलखो एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी के द्वारा संयुक्त रूप से बरही अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने होटल क्वॉलिटी इन, मधुलिका स्वीट्स, मधेशिया स्वीट्स,युवराज होटल आदि खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।जांच के क्रम मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच के साथ साथ वॉटर टेस्टिंग रिपोर्ट,अनुवल मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट आदि पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।जांच अभियान के क्रम खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा संचालकों को निर्देश दिया गया कि अपने रसोईघर को अच्छी तरह से हाईजीन कंडीशन में रखेंगे। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे ताकि आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर नहीं पड़े। साथ ही सभी संचालकों को फूड कलर 100 पीपीएम तक ही इस्तेमाल करने की सलाह दी।

## श्री रानी सती दादी मंदिर का 14वां भव्य वार्षिक उत्सव संपन्न

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट द्वारा श्री रानी सती दादी मंदिर के भव्य प्रांगण में 2 दिवसीय 14वां वार्षिक स्थापना महोत्सव के दूसरे दिन के कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम से प्रारंभ हुआ । दादी मंदिर परिसर एवं दादी जी के दरबार को रंग बिरंगे विदेशी खुशबूदार फूलों से सजाया गया और सारे मंदिर में बहुत ही आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। महोत्सव के दूसरे दिन सुबह गणेश पूजन के साथ बालाजी महाराज का सुंदरकांड प्रारंभ हुआ सुंदरकांड के यजमान नरेश अग्रवाल सपत्नीक मीना अग्रवाल को मंदिर के पुजारी विजेंद्र तिवारी एवं राधा रमन पांडे ने पूजा अर्चना करवाई। बालाजी महाराज का सुंदरकांड पाठ का आयोजन सुरेश बजाज रांची के द्वारा प्रारंभ किया गया इनका साथ देने के लिए शारदा पोद्दार, सौरभ सरावगी एवं यशपी पांडे ने दिया इनके द्वारा गाए



गए भजनों पर सभी भक्ति भाव विभोर हो रहे थे इनके द्वारा गाए गए भजन सवामणी को सरो लड्डू चट कर गया, लहर लहर लहराए झंडा बजरंगबली का, थारे झांझ नगाड़ा बाजे रे सालासर के मंदिर में हनुमान विराजे रे पर सभी भक्तजन झूमने लगे संध्या महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ 14 वां वार्षिक स्थापना महोत्सव का सफलता पूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं में मंजू अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, नीतू पटवारी, तरुणा जैन, पिंकी अग्रवाल, शशि जैन, संगीता बुधिया, संजना अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, रीता अग्रवाल, सीमा मोदी, अनीता शर्मा, बुलबुल अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अभिषेक सिंघानिया, मुरारी लाल अग्रवाल, कमल सिंघानिया , कमल बगड़िया, विजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, इंदर अग्रवाल, आदि दर्जनों दादी भक्ति शामिल थे।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ मल्लखंब का प्रदर्शन

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में शुक्रवार को 'फिट इंडिया वीक' के अंतर्गत मल्लखंब कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पद्मश्री उदय विश्वनाथ देशपांडे, हूनरबाज देश की शान-2022 के विजेता आकाश सिंह और साक्षी संदेश मांजरेकर ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) पवन कुमार पोद्दार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) राम कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री उदय विश्वनाथ देशपांडे और बीएसएफ, हजारीबाग के सेकंड-इन-कमांड सुरेंद्र मलिक ने





कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पद्मश्री उदय विश्वनाथ देशपांडे, जिन्हें 'मल्लखंब के पितामह' के रूप में जाना जाता है, ने इस प्राचीन भारतीय खेल को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने 50 से अधिक देशों में 5,000 से अधिक लोगों को मल्लखंब का प्रशिक्षण दिया है।

अपने संबोधन में देशपांडे जी ने कहा, मल्लखंब न केवल शारीरिक शक्ति और लचीलापन बढ़ाने में सहायक है, बल्कि यह मानसिक एकाग्रता और संतुलन को भी प्रोत्साहित करता है। इसका नियमित अभ्यास युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। नोडल अधिकारी डॉ. उमेंद्र सिंह ने कहा, ₹फिट इंडिया मूवमेंट के तहत मल्लखंब जैसे पारंपरिक खेलों का पुनरुत्थान हमारे सांस्कृतिक धरोहर को संजोने के साथ-साथ युवाओं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। कुलपति प्रो. (डॉ.) पवन कुमार पोद्दार ने अपने वक्तव्य में कहा, विश्वविद्यालय में मल्लखंब जैसे कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक है और यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का एक प्रयास है।

मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) राम कुमार सिंह ने कहा, ₹मल्लखंब जैसे खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विकास कुमार, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, हम आपके सहयोग और समर्थन के लिए हृदय से आभारी हैं, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स से आमंत्रित अतिथि, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का संचालन पुष्कर कुमार पुष्प, एसआरएफ, अर्थशास्त्र विभाग, वीबीयू ने किया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अन्तर्गत 10 वर्ष कार्यक्रम के तहत 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल, रामगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी नवजात बच्चियों की माताओं को बेबी किट का वितरण किया गया। साथ हीं इस दिवस के अवसर पर केक काटकर एवं सभी माताओं को केक खिलाकर बालिका जन्म पर खुशी व्यक्त किया गया साथ ही सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों एवं परिसर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का लोगो एवं बैज लगाकर आमजनों को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो, जिला बाल संरक्षण कार्यालय के कर्मी आशा, पुष्पा, सोबन, दीपक, मुकेश, महिला पर्यवेक्षिका नसीमा खातुन व कौशल्या, एएनएम एवं नवजात बच्चियों की माताऐं उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### आरा-रांची एक्सप्रेस का परिचालन पुनर्निर्धारित समय पर

**हाजीपुर(बिभा):** धनबाद मंडल के गझंडी-कोडरमा-हीरोडीह-सरमाटांड़ के मध्य 26.01.2025 से 31.01.2025 तक रेल विकासात्मक कार्य हेतु प्री एनआई/एनआई कार्य के मद्देनजर आरा और रांची के मध्य चलायी जाने वाली गाड़ी संख्या 18639 आरा-रांची एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 26.01.2025 एवं 28.01.2025 को आरा से 01 घंटे पुनर्निर्धारित समय पर किया जाएगा ।

### उर्स मेला के अवसर पर चिचाकी स्टेशन पर अस्थायी रूप से रूकेंगी 03 जोड़ी ट्रेनें

**हाजीपुर(बिभा) :** रेलवे द्वारा अजमेर शरीफ में उर्स मेला में जाने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु 05.02.2025 से 19.02.2025 तक 03 जोड़ी ट्रेनों का चिचाकी स्टेशन पर अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है ।गाड़ी संख्या 18625/26 पूर्णिया कोर्ट-हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 13151/52 कोलकाता-जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 13307/08 धनबाद-फिरोजपुर-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस दिनांक 05.02.2025 से 19.02.2025 तक चिचाकी स्टेशन पर दो-दो मिनट के लिए रूकेगी ।

### धनबाद-जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब 30 मार्च तक

**हाजीपुर(बिभा):** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज जं.-दिल्ली के रास्ते धनबाद और जम्मूतवी के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 03309/03310 धनबाद-जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि की गयी है ।विस्तारित अवधि के साथ अब इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 30.03.2025 तक किया जाएगा। गाड़ी सं. 03309 धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस स्पेशल अब 29.03.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को धनबाद से जम्मूतवी के लिए परिचालित की जाएगी । इसी तरह गाड़ी सं. 03310 जम्मूतवी-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल 30.03.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को जम्मूतवी से धनबाद के लिए परिचालित की जाएगी ।

### आरा-राँची एक्सप्रेस को किया जाएगा पुनर्निर्धारित

**धनबाद(बिभा):** धनबाद मंडल के गझंडी- कोडरमा-हिरोडीह-सरमाटांङ खण्ड में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के मद्येनजर 26.01.25 एवं 28.01.25 को आरा से खुलने वाली गाड़ी संख्या 18639 आरा-राँची एक्सप्रेस को आरा स्टेशन से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाया जाएगा।

### पुलिस महानिदेशक ने दिलाई राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मताधिकार प्रयोग की शपथ



**रांची(बिभा)।** पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) आरके मल्लिक ने शुक्रवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय परिसर में सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए शपथ ली कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेत्र। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

### रांची ग्रामीण एसपी से देवेंद्र नाथ महतो ने की मुलाकात



**रांची(बिभा):** रांची जिला अंतर्गत सिल्ली, सोनाहातू , राहे थाना क्षेत्र में आए दिन अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है, जिससे क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। आज शुक्रवार को जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो रांची जिला ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल से मुलाकात कर करवाई हेतु मांग पत्र सौंपा। तथा क्षेत्र के वर्तमान स्थिति पर विस्तार से अवगत कराया। श्री महतो ने बताया कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में पिछले एक महीने के दरमियान में दो दर्जन से अधिक चोरी के मामले सामने आया है। सोना, चांदी, आभूषण ज्वैलर्स और नगदी रुपए का चोरी हुआ है। जिससे लोगों में डर की स्थिति बनी हुई है। लिखित आवेदन में बताया कि 10 जनवरी 2025 को सोनाहातु थाना के मारांकिरी गांव में छह घर, 8 जनवरी को सिल्ली थाना के चार घर एवं 18 जनवरी को आठ घर एवं 21 जनवरी को राहे थाना क्षेत्र के बारूडीह पारमडीह गांव के नौ घरों में चोरी हुआ है। पुलिस प्रशासन से यथाशीघ्र क्राइम कंट्रोल और रिकवरी का मांग किया। ग्रामीण एसपी ने सकारात्मक पहल करते हुए आश्वासन दिया कि कि सिल्ली डीएसपी, बुंडू एसडीपीओ, सिल्ली , सोनाहातू , राहे थाना के एक - एक इंस्पेक्टर तथा एक टेक्निकल टीम के सहयोग से एक एसआईटी गठन कर एक सप्ताह के अंदर सभी चोर को गिरफ्तार कर रिकवरी कराया जायेगा तथा क्षेत्र में अमन चैन शांति बहाल किया जाएगा।

### सरकारी रिक्त पदों की संख्या घटने पर मरांडी ने झारखंड सरकार पर साधा निशाना

**रांची(बिभा)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर शुक्रवार को कहा कि पिछले दो सालों में सरकारी विभागों के रिक्त पदों की संख्या 4.66 लाख से घटकर अब महज 1.59 लाख रह गई है। यानी बिना कोई परीक्षा कराए सरकार युवाओं की 2 लाख 7 हजार नौकरियां खा गई। उन्होंने कहा कि सरकार बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के प्रति कितने गंभीर हैं, उसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिना नियुक्ति दिए ही दो लाख से अधिक रिक्त पद गायब हो गए। इस अनूठे घोटाले का जवाब न तो मुख्यमंत्री के पास है, न अधिकारियों के पास। उन्होंने मुख्यमंत्री को कहा कि दीमक की तरह झारखंड के युवाओं का भविष्य खोखला मत करिए।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को मिलेगा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड






**नई दिल्ली(बिभा):** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024-25 प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन 25 जनवरी को नई दिल्ली के दिल्ली कैंटोनमेंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में होने वाला है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता और लॉजिस्टिक सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है,जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पुरस्कार दिया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता के लिए भारतीय रेल ने अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने रेल डिस्प्ले नेटवर्क (फ्छ्ठ) का व्यापक उपयोग किया। इस नेटवर्क के माध्यम से स्टेशनों, रेलवे की अधिकारिक वेबसाइटों और मोबाइल ऐप पर मतदाता हेल्पलाइन से संबंधित जानकारी साझा की गई। स्टेशनों पर पूर्व-रिकॉर्डेड घोषणाएं की गईं, जिनमें मतदान की अहमियत और प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा कश्मीर वैली में स्वीप एक्सप्रेस विशेष ट्रेन चलाई गई। इस ट्रेन का उद्देश्य युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना था।

चुनाव में लगे कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सुरक्षित और सुगम परिवहन का प्रबंधन भारतीय रेल द्वारा किया गया । इस दौरान 3,74,000 से अधिक अर्धसैनिक बलों को 383 विशेष ट्रेनों के माध्यम से देशभर में सुरक्षित और समय पर पहुंचाने का काम किया। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को सुरक्षित और निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था।

#### सोशल मीडिया अभियान और जनभागीदारी

भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी बेहतर तरीके से उपयोग किया। #ChunavKaParv और #DeshKaGarv जैसे हैशटैग के साथ चलाए गए कैंपेन ने नागरिकों को मतदान के महत्व को समझाने और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

भारतीय रेल ने न केवल मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने का काम किया, बल्कि नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देकर लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत किया। यह पुरस्कार भारतीय रेल की उन असाधारण पहलों का प्रतीक है, जो यह दशार्ती हैं कि रेलवे केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे का अभिन्न हिस्सा है।

# पलामू के सर्वांगीण विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास जरूरी: मंत्री

बिभास ंवाददाता




**पलामू।** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि किसी भी राज्य या जिले के विकास के लिए यह आवश्यक है कि वहां की शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो और यह तभी संभव है जब आपके क्षेत्र में संचालित प्राथमिक पाठशाला सुचारू रूप से बच्चों को शिक्षित करने का कार्य करें, क्योंकि प्राथमिक पाठशाला से ही शिक्षा की नींव पड़ती है। उन्होंने कहा कि इस नींव को मजबूत करने में आप सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका है। वे शुक्रवार को जिले सतबरवा के मलय डैम में आयोजित जिला स्तरीय पंचायत सशक्तिकरण कार्यशाला में बोल रहे थे।

उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से नियमित रूप से विद्यालय में बच्चों को दी जा रही शिक्षा और मिडडे मिल का निरीक्षण करने की बात कही। अबुआ आवास का लाभ आवास सूची के सीरियल नंबर के अनुरूप ही मिले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अगर किसी क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई समस्या या शिकायत हो तो मेरा मोबाइल नंबर 9431135292 पर व्हाट्सएप करें, मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि आप सभी ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि हैं। हमारा देश गांवों का देश है ऐसे में जब हमारे गांव-टोले विकसित होंगे तब स्वतः ही हमारा देश विकसित होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सभी एएनएम को प्रशिक्षण देने की योजना पर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं उनके आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि पलामू के सर्वांगीण विकास के लिये सभी जनप्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

कार्यशाला में उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि जिले के विकास में आप सभी जनप्रतिनिधियों का अहम स्थान है। आप ही वह महत्वपूर्ण कड़ी है जिससे कि प्रशासन को ग्राउंड जीरो का फीडबैक प्राप्त होता है। इस कार्यशाला का उद्देश्य आप सभी को विभिन्न योजनाओं से अवगत कराना है। कार्यशाला में 15 से अधिक विभागों के जरिये संचालित योजनाओं से आपको अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने सभी से अपने क्षेत्र अंतर्गत पीवीटीजी समूह के विकास पर विशेष ध्यान देने हेतु अनुरोध किया। इसके पूर्व मंत्री, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा कुमारी, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद व जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के जरिये दीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। वहीं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यशाला में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को बालिकाओं के सशक्तिकरण की शपथ दिलायी गयी।

### दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हुई बैठक



बिभा संवाददाता

**कोलकाता:** दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की प्रथम बैठक अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। इसके अलावा, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा खड़गपुर कारखाना के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित हुए।

इस बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे पर हो रहे राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गयी । महाप्रबंधक ने राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिसपर अमल किया जायेगा ।

मुख्यालय सहित सभी मंडलों एवं खड़गपुर कारखाना में हिंदी कार्यशालाओं का नियमित रूप से आयोजित करने के लिए महाप्रबंधक ने सराहना की । ऐसी कार्यशालाएं नियमित रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया । उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने का भी निर्देश दिया। चक्रधरपुर मंडल द्वारा केवल अहिन्दी भाषियों के लिए अलग से हिंदी वाक्य प्रतियोगिता आयोजित की गयी, यह एक सराहनीय कार्य है। मुख्यालय के सभी विभाग अगली तिहामी तक 50% टिप्पणियां हिंदी में करें । बैठक में विजय कुमार वर्मा, कार्यालय अधीक्षक, आद्रा मंडल द्वारा आईजीवोटी विषय पर एक पावर पॉइंट की प्रस्तुति दी गयी।

बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन पी. सी. डांग, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने किया।

# डिजिटल सक्षम पहल से झारखंड के छोटे व्यापारी हुए लाभान्वित

बिभा संवाददाता

**रांची।** कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) झारखंड में मास्टरकार्ड सेंटर फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ की सहायता से डिजिटल सक्षमता परियोजना के माध्यम से सूक्ष्म उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए प्रशंसनीय कार्य कर रहा है।

सीआईआई नेशनल एमएसएमई काउंसिल के चेयरमैन समीर गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि डिजिटल सक्षम पहल ने झारखंड के छोटे व्यवसायों को डिजिटल युग के अवसरों का लाभ उठाने के लिए सशक्त किया है। व्यापक प्रशिक्षण और समर्थन के माध्यम से यह पहल न केवल उनकी डिजिटल क्षमताओं को बढ़ा रही है, बल्कि स्थानीय व्यापार समुदाय में नवाचार और विकास की संस्कृति को भी प्रोत्साहित कर रही है। बहुत से लोगों को इस पहल से लाभ हुआ है और इनमें एक सफलता की कहानी है आनंद प्रकाश की, जिन्होंने झारखंड में अपनी एनजीओ की नौकरी छोड़कर त्जस्ट कम्सत्र नाम से व्यवसाय शुरू किया। वे पैन, आधार और वोटर कार्ड जैसी ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करते हैं।


डिजिटल सक्षम प्रशिक्षण के बाद, उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपने व्यवसाय का प्रचार किया, जिससे उनकी सेवाओं की पहुंच और लोकप्रियता बढ़ी। उन्होंने एक सॉफ्टवेयर विकसित किया और फ्रेंचाइजी शुरू की, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकीं। उनका यह प्रयास ग्रामीण इलाकों में डिजिटल सशक्तिकरण का उदाहरण है।

यह पहल एमएसएमई व्यवसायों को नया आकार देकर अनछुए बाजारों तक पहुंचने में मदद कर रही है। यह कार्यक्रम अब तक 7,335 से अधिक लोगों तक पहुंच चुका है, जिसमें 2,617 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया और 116 से अधिक लोगों ने डिजिटल उपकरणों को अपना लिया है। डिजिटल सक्षम ने झारखंड के स्थानीय उद्यमियों को डिजिटल टूल्स का उपयोग करने के लिए सक्षम बनाया है, जिससे वे अपने व्यवसाय को ऑनलाइन बढ़ा रहे हैं और डिजिटल भुगतान की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

### स्पंदन ने मनाया नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जयंती



**धनबाद(बिभा) :** समाज सेबी संस्था और कल्चरल ग्रुप स्पंदन द्वारा धनबाद न्यू कॉलोनी सरायढेला दुर्गा मंदिर के हाल में स्पंदन द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती मनाया गया संस्था के सदस्यों ने बताया कि सबसे पहले उपस्थित सदस्यों ने एक-एक कर नेताजी सुभाष बोस के चित्र पर मलियापन किया गया फिर कल्चरल प्रोग्राम शुरू किया गया जिसमें कविता पाठ,गीत,वाद्य यंत्र और नित्य प्रस्तुत किया गया पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति का झलक देखने को मिला कार्यक्रम में सभी वर्ग के पुरुष,महिला और बच्चों ने भाग लिया। इस नेताजी जयंती के कार्यक्रम में स्पंदन के अध्यक्ष मनोज मजूमदार सचिन बरनाली सेनगुप्ता, अरबिंदो बनर्जी,नीलकमल खवास, लीलामय गोस्वामी,बबलू गांगुली,लीसा चौधरी,स्वाति गुप्ता,सीमा भट्टाचार्यजी,शुभाशीष गुप्ता,प्रणब हालदार,रिशान सेनगुप्ता,कुशन सेनगुप्ता,देवराज चौधरी, अरबी और माला राय ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।




### डीएसपीएमयू में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका : कुलपति



बिभा संवाददाता

**रांची :** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के शिक्षाशास्त्र विभाग के द्वारा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने प्रतियोगिता का उदघाटन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह किसी भी विद्यार्थी के जीवन में उसके व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण पक्ष होता है। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेना अधिक महत्वपूर्ण हैं, न कि परिणाम। यह हमें सामूहिकता और सहभागिता का संदेश देता है। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में शामिल हो रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बीएड विभाग के शिक्षक डॉ अरविंद कुमार मौर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आज की इस प्रतियोगिता में सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में रोहित शमदऔर महिला वर्ग में रिया कुमारी विजेता रहे। गोला फेंक प्रतियोगिता में रोहित और शाइस्ता सफल रहे। रस्साकशी प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा ग्रुप प्रथम और महात्मा गांधी ग्रुप दूसरे स्थान पर रहा। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, २िद्द २ि सर्वोत्तम कुमार, बीएड विभाग के खेल विभाग के शिक्षक मनीष कुमार, डॉ अरविंद मौर्य, पीटीआई परमेश्वर महतोपर समेत बीएड विभाग के सभी शिक्षक मौजूद रहें। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातु,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com